राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com



# गौरवशाली भारत

वर्ष : 13 , अंक : 188, पृष्ठ : 08, नई दिल्ली सोमवार 22 जनवरी 2024, मूल्य : 2 /-

नई दिल्ली से प्रकाशित

RNI No .DELHIN/2011/38334


**मुख्य अपडेट**


सीता स्वयंवर को देखकर भावुक हुए दर्शक, लगाए जय श्रीराम के जयकारे; भाजपा ने बताया छलावा

.... पेज 03

जौनपुर में हुई मुठभेड़ में दो गो तस्कर गिरफ्तार, चार गोवंश किए बरामद

.... पेज 05

रवि कुमार दहिया ने ग्रैंड प्रिक्स डी फ्रांस 2024 में जीता कांस्य पदक

.... पेज 07


### म्यांमार के 276 सैनिकों वापस भेजा जाएगा

ऐजल। म्यांमार में सैन्य शिविरों पर विद्रोहियों द्वारा कब्जा किए जाने के बाद वहां से भाग कर मिजोरम आए सैनिकों को सोमवार को हवाई मार्ग से वापस भेजा जाएगा। मिजोरम गृह विभाग के अधिकारियों ने रविवार को कहा कि म्यांमार वायु सेना के परिवहन विमान द्वारा ऐजल के पास स्थित लेंगपुई हवाई अड्डे से म्यांमार के 276 सैनिकों को एयरलिफ्ट करने और निकालने की अधिक संभावना है। अधिकारियों ने कहा कि म्यांमार वायु सेना का मालवाहक विमान मांडले शहर से आएगा और म्यांमार के सैनिकों को म्यांमार के रखाइन राज्य के राजधानी सितवे (अक्याब) लेकर जाएगा।

## अयोध्या की निगरानी में 10 हजार सीसीटीवी कैमरे लगे

### 31 आईपीएस और 25 हजार जवान, छतों से सरयू तक स्नाइपर्स; एआई और एंटी ड्रोन तैनात

अयोध्या। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए अयोध्या को अभेद्य किला बना दिया गया है। चप्पे-चप्पे पर फोर्स तैनात है। मशीन गन से लेकर एके-47 लिए कमांडो तैनात हैं। हेलिकॉप्टर से निगरानी की जा रही है। सड़क पर जगह-जगह कमांडोज, सायरन बजाती गाड़ियां नजर आ रही हैं। सीमाएं सील कर दी गई हैं। अब वही अयोध्या में एंट्री कर सकता है, जिसके पास प्राण प्रतिष्ठा का न्योता और पास है।



एयरपोर्ट से लेकर राम मंदिर तक सभी ऊंची इमारतों में स्नाइपर्स तैनात कर दिए गए हैं। यहां तक की सरयू में सैर करती नावों पर भी। मंदिर के आसपास घरों में पहुंचे मेहमानों की लिस्ट तक चेक की गई है। अयोध्या में 25 हजार से जवान तैनात हैं। 31 आईपीएस अफसरों की ड्यूटी लगाई है।

छतों से लेकर सरयू नदी तक स्नाइपर्स तैनात हैं। 10 हजार सीसीटीवी और एआई से हर शख्स पर नजर रखी जा रही। इसके अलावा एंटी ड्रोन सिस्टम लगाए गए हैं। राम मंदिर की बातें करे, तो परिसर की सिक्योरिटी 6 लेयर है। यहां एसपीजी, सीआईएसएफ, स्पेशल कमांडो, सीआरपीफ, एनएसजी और एटीएस के कमांडों तैनात हैं। यही नहीं, खुफिया तंत्र एक्टिव है। सादी वर्दी में हजार से ज्यादा जवान तैनात हैं।

#### अयोध्या 9 जोन में बांटा, राम मंदिर रेड जोन में

सुरक्षा के लिहाज से अयोध्या को 9 जोन में बांटा गया है। राम मंदिर को रेड जोन में रखा गया है। कोई संदिग्ध चीज मंदिर तक न जा पाए।

इसके लिए क्रैश रेटेड बोलार्ड, अंडर व्हीकल स्कैनर, टायर किलर, बूम बैरियर लगाए गए हैं। इन उपकरणों को हैंडल करने के लिए स्पेशल एसटीएफ टीम, एटीएस कमांडो तैनात किए हैं। येलो जोन में अयोध्या की हनुमान गढ़ी और कनक भवन को रखा गया है। रामलला के दर्शन के लिए अयोध्या आने वाले एक बार हनुमानगढ़ी के दर्शन जरूर करते हैं।

इसलिए यहां की सुरक्षा को यलो जोन में रखा गया है। इन दोनों परिसर के लिए 34 सब इंस्पेक्टर, 71 हेड कॉन्स्टेबल, 312 कॉन्स्टेबल को तैनात किया गया है।

### आप सोमवार को दिल्ली में शोभा यात्रा, भंडारा करेगी आयोजित

नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) ने रविवार को घोषणा की कि वह सोमवार यानी 22 जनवरी को उत्तर प्रदेश के आयोध्या में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के मद्देनजर राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के सभी 70 विधानसभा क्षेत्रों में सुंदरकांड पाठ, शोभा यात्रा, आरती और भंडारे सहित कई कार्यक्रम आयोजित करेगी। दिलीप पांडे ने में कहा,रामलला के स्वागत के लिए दिल्ली भी तैयार है। इस शुभ अवसर पर, आम आदमी पार्टी ने दिल्ली के सभी 70 विधानसभा क्षेत्रों में सुंदरकांड पाठ, जुलूस, आरती और प्रसाद वितरण सहित विभिन्न कार्यक्रमों की व्यवस्था की है।

## उत्तर भारत शीतलहर और घने कोहरे की चपेट में

### दिल्ली हवाईअड्डे पर कुछ उड़ानें रद्द करने की भी घोषणा की गई



#### आगे कैसा रहेगा मौसम

22 जनवरी तक पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़, राजस्थान, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार में घना कोहरा रहेगा।

नॉर्थ ईस्ट के राज्यों में कोहरे के स्थिति 23 जनवरी तक बनी रहेगी। मेघालय, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में विजिबिलिटी काफी कम रह सकती है। पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान और मध्य प्रदेश और उत्तराखंड के में शीत लहर चल सकती है।

मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा, केरल, तमिलनाडु, लक्षद्वीप और अरुणाचल प्रदेश में अगले 24 घंटे के दौरान हल्की बारिश की संभावना है।

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी सहित पूरा उत्तर भारत घने कोहरे, दृश्यता कम होने और रेल एवं हवाई यातायात बाधित होने के साथ शीत लहर की चपेट में है।

भारतीय रेलवे के अनुसार रविवार को देश के विभिन्न हिस्सों से राष्ट्रीय राजधानी आने वाली लगभग बारह यात्री ट्रेनें अपने निर्धारित समय से देरी से चल रही हैं। घने कोहरे के कारण अमृतसर-नांदेड़ एक्सप्रेस, पुरी-नई दिल्ली पुरूषोत्तम एक्सप्रेस, अंबेडकरनगर-कटरा और मानिकपुर-निजामुद्दीन एक्सप्रेस सहित अन्य ट्रेनें विलंबित रहीं।

दिल्ली हवाईअड्डे पर घने कोहरे के कारण लोग कई घंटों तक अपनी उड़ान का इंतजार करते दिखे। कुछ उड़ानें रद्द करने की भी घोषणा की गई। दिल्ली हवाई अड्डे के अधिकारियों ने परामर्श जारी कर यात्रियों से अनुरोध किया कि वे अपनी उड़ानों की स्थिति के बारे में संबंधित एयरलाइन से संपर्क करें। मौसम विभाग (आईएमडी) के अनुसार, रविवार तड़के 3: 00 बजे से दिल्ली-पालम पर दृश्यता शून्य मीटर बनी हुई थी। आईएमडी ने बताया कि दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, पश्चिम मध्य प्रदेश और बिहार में अलग-अलग इलाकों में बहुत घना कोहरा देखा गया। आईएमडी ने 21-22 जनवरी के दौरान बिहार और उत्तरी मध्य प्रदेश में शीत लहर की स्थिति प्रबल होने और उत्तर भारत के अधिक हिस्सों में सर्दी बढ़ने का अनुमान व्यक्त किया है।

राष्ट्रीय राजधानी में आज सुबह कोहरा छाया रहा तथा न्यूनतम तापमान 4.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से तीन डिग्री कम है।




मुंबई में टाटा मुंबई मैराथन 2024 के दौरान कलाकार और प्रतिभागी।

### मोदी ने की धनुषकोडी मंदिर में पूजा-अर्चना

चेन्नई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अयोध्या में राम मंदिर के अभिषेक से पहले रविवार को धनुषकोडी के दक्षिणी सिरे का दौरा किया और कोठंडारास्वामी मंदिर में पूजा की। इसके बाद प्रधानमंत्री तमिलनाडु की अपनी तीन दिवसीय रामायण-कनेक्ट यात्रा समाप्त कर नयी दिल्ली के लिए रवाना हो गये। मोदी ने अपनी यात्रा के अंतिम चरण में मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना की। बाद में उन्होंने अरिचल मुनाई का दौरा किया। जिसके बारे में कहा जाता है कि यहीं पर राम सेतु का निर्माण हुआ था। अरिचल मुनाई भारतीय मुख्य भूमि पर अंतिम बिंदु है। उन्होंने समुद्र तट पर कुछ समय बिताया, कुछ देर ध्यान किया और समुद्र में फूलों की पंखुड़ियाँ बरसाईं और प्रार्थना की। उन्होंने अरिचल मुनाई में राष्ट्रीय प्रतीक के साथ स्थापित अशोक स्तंभ पर पुष्पांजलि भी अर्पित की। धनुषकोडी और अरिचल मुनाई में लगभग एक घंटा बिताने के बाद श्री मोदी रामेश्वरम के लिए रवाना हुए जहां से वह हेलीकॉप्टर द्वारा मदुरै पहुंचे और नयी दिल्ली के लिए रवाना हो गए।

## गुजरात के मेहसाणा में शोभायात्रा पर पथराव, पांच लोग घायल

### राम मंदिर प्राणप्रतिष्ठा से पहले जुलूस निकाल रहे थे; पुलिस ने आंसूगैस छोड़ी, 15 हिरासत में

▸ भगदड़ मचने के बाद हालात पर काबू पाने के लिए पुलिस को 10 राउंड आंसू गैस के गोले छोड़ने पड़े।



मेहसाणा। अयोध्या में 22 जनवरी को राम मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव है। इसे लेकर देशभर के राम भक्त काफी उत्साहित हैं। गुजरात के मेहसाणा जिले के खेरालु में प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव से एक दिन पहले रविवार (21 जनवरी) भगवान श्री राम की शोभायात्रा निकाली गई। जब ये जुलूस मस्जिद के पास से गुजर रहा था तब कुछ लोगों ने वहां से पथराव कर दिया।

भगदड़ मचने के बाद हालात पर काबू पाने के लिए पुलिस को 10 राउंड आंसू गैस के गोले छोड़ने पड़े। पथराव करने वालों को पकड़ने के लिए इलाके में पुलिस ने छापेमारी शुरू कर दी है। आईजी वीरेंद्र सिंह यादव ने कहा कि शाम 4 बजे शोभायात्रा बेलिम इलाके से निकल रही थी। तलाशी के बाद 15 लोगों को हिरासत में लिया गया है। पथराव में 5 लोगों के घायल होने की खबर है। इलाके में बड़ी संख्या में पुलिस तैनात कर दी गई है।

#### पथराव में राहगीर भी घायल हुए

शोभायात्रा के दौरान हुए पथराव में पांच लोगों को मामूली चोटें आई हैं। वहीं खेरालू के 62 साल के प्रवीण भाई अंबालाल बारोट एक शादी से आ रहे थे तभी असामाजिक तत्वों ने उन पर लाठियों से हमला कर दिया। जिससे उनके सिर और हाथ में चोटें आईं। उनके सिर में 8 टांके लगे और हाथ में फ्रैक्चर हो गया है। उन्हें वडनगर सिविल हॉस्पिटल में रेफर किया गया है।

#### खेरालू के बेलिम इलाके में बनी मस्जिद से हुआ हमला

रिपोर्ट्स के मुताबिक बेलिम इलाके में बनी मस्जिद के पास पथराव किया गया है। इसका वीडियो शोभायात्रा में शामिल कुछ लोगों ने रिकॉर्ड कर लिया। वीडियो में कुछ महिलाएं भी पत्थर फेंकती हुई नजर आ रही हैं। विवाद बढ़ने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और आंसू गैस के गोले दागे। पुलिस घायलों से पूछताछ कर रही है।

## 5-स्टार होटल के मैनेजर ने पत्नी को समुद्र में डुबाया

**एजेंसी**

पणजी। गोवा के एक 5-स्टार होटल के मैनेजर ने अपनी बीवी को समुद्र में डुबा दिया। पहले तो उसने पत्नी की मौत को हादसा बताने की कोशिश की, लेकिन बाद में हत्या की बात कबूल ली। गोवा पुलिस ने पति को गिरफ्तार किया है। घटना शुक्रवार (20 जनवरी) की है।

पुलिस ने बताया कि आरोपी ने 19 जनवरी को एक टू व्हीलर बुक की थी। दोपहर करीब 3-35 बजे वह अपने पत्नी को लेकर काबो डे रामा बीच पर गया। वहां दोनों ने कुछ समय चट्टानों पर गुजारा। इसके बाद पानी में चले गए। इसी दौरान पति ने अपनी पत्नी को समुद्र में डुबा दिया।

कपल की पहचान 29 साल के गौरव कटियार और 27 साल की दीक्षा गंगवार के रूप में हुई है। दोनों लखनऊ के रहने वाले हैं। गौरव पहले चेन्नई में काम करता था। एक महीने पहले उसने गोवा के कोलवा स्थित कोर्टयार्ड बाय मैरियट में काम शुरू किया था।

आरोपी ने बताया कि उसकी पत्नी लखनऊ में रहती थी। उसके साथ रहने के लिए वह भी गोवा आ गई थी। दीक्षा को शक था कि उसके पति का किसी और से अफेयर है। उसने पति से पूछताछ भी की थी। इसे लेकर दोनों के बीच अक्सर विवाद होता था।

गोवा के क्यूनकोलिम के डिप्टी एसपी संतोष देसाई ने बताया कि बीच पर फोटो-वीडियो ले रहे कुछ पर्यटकों ने कपल को पानी में उतरते देखा था।

## असम में राहुल गांधी के साथ धक्का-मुक्की

### सुरक्षाकर्मी भीड़ से बचाते हुए बस में ले गए; जयराम रमेश की कार पर पानी फेंकने का आरोप

इटानगर। कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान रविवार को असम में राहुल गांधी के साथ धक्का-मुक्की हुई। राहुल को बचाते हुए उनके सिक्योरिटी गार्ड उन्हें बस के अंदर वापस ले गए। घटना के दौरान राहुल का काफिला सोनितपुर में था।

राहुल ने घटना को लेकर कहा- आज क्ख्छ्क के कुछ कार्यकर्ता झंडा लेकर हमारी बस के सामने आ गए। मैं बस से निकला, वो भाग गए। हमारे जितने पोस्टर फाड़ने हैं, फाड़ दो। हमें कोई फर्क नहीं पड़ता। हमारी विचारधारा की लड़ाई है, हम किसी से नहीं डरते हैं। न ही नरेंद्र मोदी से, न असम के मुख्यमंत्री से। कांग्रेस पार्टी ने न्याय यात्रा के काफिले पर 48 घंटे में दूसरी बार हमले का आरोप लगाया है।



कांग्रेस ने सोशल मीडिया पर लिखा- आज जब हमारा काफिला असम में रैली स्थल की ओर जा रहा था। तब जुमगुरीहाट में हिमंता बिस्वा सरमा के गुंडों ने महासचिव जयराम रमेश की गाड़ी पर पानी फेंका और स्टीकर फाड़ा। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने लिखा- भाजपा के लोगों ने हमारी सोशल मीडिया टीम के कैमरामैन और अन्य सदस्यों पर हमला किया, जिनमें 2 महिलाएं भी थीं। हिमंता, यह गीदड़ हरकतें करनी और करवानी छोड़ दो। राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा को तुम और तुम्हारे गुंडे नहीं रोक सकते। इससे पहले 19 जनवरी की रात को भी कांग्रेस ने न्याय यात्रा के काफिले पर भाजपा के हमले का आरोप लगाया था। कांग्रेस ने एक वीडियो भी जारी किया था, जिसमें कुछ गाड़ियों के शीशे टूटे हुए दिख रहे थे। साथ ही कुछ लोग पार्टी के होर्डिंग-बैनर उखाड़ते दिख रहे थे।

#### असम के सीएम बोले- राहुल अल्पसंख्यक बहुल इलाकों में ना जाएं

उधर, असम के सीएम हिमंता बिस्वा सरमा ने राहुल गांधी से 22 जनवरी (अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के दिन) को नागांव जिले में श्री शंकरदेव के जन्मस्थल बोरदोवा सत्रा न जाने की अपील की। उन्होंने कहा- इससे देश में असम की गलत छवि बनेगी। उन्होंने कहा- श्रीमंत शंकरदेव एक असमिया सामाजिक-धार्मिक सुधारक हैं। वे कवि, नाटककार और 15-16वीं शताब्दी से असम के सांस्कृतिक और धार्मिक इतिहास में एक विशाल व्यक्तित्व हैं। लेकिन उनकी भगवान राम से तुलना गलत है। 19 जनवरी की रात यात्रा पर हुए हमले पर बोलते हुए असम ष्टरूने कहा- मेरी राहुल से अपील है कि वह 22 जनवरी को अल्पसंख्य बहुल इलाकों मोरीगांव, जागीरोड और नीली भी ना जाएं, क्योंकि यहां कानून व्यवस्था बिगड़ने का खतरा बना हुआ है।

## कोरोना से 24 घंटे में छह लोगों की मौत, 290 मामले किए गए दर्ज

नई दिल्ली। भारत में कोविड के 290 नए मामले दर्ज किए गए हैं, जबकि एक्टिव केसों की संख्या 2,059 दर्ज की गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा रविवार सुबह 8 बजे अपडेट किए गए आंकड़ों के अनुसार, 24 घंटे की अवधि में कोविड से 6 मौतें हुई हैं जिसमें केरल से चार और महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश से एक-एक है।

5 दिसंबर, 2023 तक दैनिक मामलों की संख्या घटी थी, लेकिन एक नए वैरिएंट के आने और ठंड के मौसम की स्थिति के बाद वे फिर से मामले बढ़ने लगे।

आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि 31 दिसंबर, 2023 को एक दिन में 841 नए मामले सामने आए, जो मई 2021 में रिपोर्ट किए गए चरम मामलों का 0.2 प्रतिशत है।

#### होम आइसोलेशन में ही ठीक हुए मरीज

कुल एक्टिव केसों में से अधिकांश (लगभग 92 प्रतिशत) होम आइसोलेशन के तहत ठीक हो रहे हैं। सूत्रों ने कहा, वर्तमान में उपलब्ध आंकड़ों से पता चलता है कि जेएन.1 वैरिएंट न तो नए मामलों में तेजी से वृद्धि कर रहा है और न ही अस्पताल में भर्ती होने और मृत्यु दर में वृद्धि कर रहा है।

भारत ने कोविड-19 की तीन लहरें देखी हैं, अप्रैल-जून 2021 के दौरान डेल्टा लहर में दैनिक नए मामलों और मौतों की चरम घटनाएं दर्ज की गईं। 7 मई, 2021 को 4,14,188 नए मामले और 3,915 मौतें दर्ज की गईं थी।

## चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-दिसंबर में बढ़ी बिजली की मांग, 8 प्रतिशत बढ़कर 1221.15 अरब यूनिट हुई खपत

नई दिल्ली। चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-दिसंबर अवधि के दौरान देश में बिजली की खपत लगभग आठ प्रतिशत बढ़कर 1,221.15 अरब यूनिट हो गई। अप्रैल-दिसंबर 2022-23 में देश में बिजली की खपत 1,132.11 अरब यूनिट रही थी।

#### आर्थिक गतिविधियों में बढ़ोतरी को दर्शाती है बिजली की खपत

उद्योग विशेषज्ञों ने कहा कि चालू वित्त वर्ष के पहले नौ महीनों में बिजली की खपत में वृद्धि आर्थिक गतिविधियों में बढ़ोतरी को दर्शाती है। पिछले वित्त वर्ष यानी 2022-23 में बिजली की खपत 1,504.26 अरब यूनिट थी, जो कि 2021-22 के 1,374.02 अरब यूनिट से अधिक है।



बिजली मंत्रालय का अनुमान था कि 2023 में गर्मियों के दौरान देश में बिजली की मांग 229 गीगावाट तक पहुंच जाएगी। हालांकि बेमौसम बारिश के चलते अप्रैल से जुलाई के दौरान मांग अनुमानित स्तर तक नहीं पहुंच पाई।

जुलाई, 2023 में मांग 209.03 गीगावाट तक गिरने से पहले जून में मांग 224.1 गीगावाट की नई ऊंचाई तक पहुंच गई थी। अगस्त में अधिकतम मांग 238.92 गीगावाट तक पहुंच गई थी, जबकि सितंबर में यह 243.27 गीगावाट के रिकार्ड उच्च स्तर पर थी। अक्टूबर में 222.16 गीगावाट, नवंबर में 204.77 गीगावाट और दिसंबर में बिजली की मांग 213.62 गीगावाट थी।

#### बारिश के कारण प्रभावित हुई बिजली की खपत

विशेषज्ञों के मुताबिक, इस साल व्यापक बारिश के कारण मार्च, अप्रैल, मई और जून में बिजली की खपत प्रभावित हुई। उन्होंने कहा कि अगस्त, सितंबर और अक्टूबर में बिजली की खपत बढ़ी, जिसका मुख्य कारण उमस भरा मौसम और औद्योगिक गतिविधियों में वृद्धि रही।

**अलर्ट** — गृह मंत्रालय के थिंक टैंक ने यूजर्स को किया अलर्ट

## वॉट्सएप पर साइबर अपराध और धोखाधड़ी के खिलाफ एडवाइजरी

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्रालय के तहत काम करने वाले पुलिस थिंक टैंक ने वॉट्सएप पर साइबर अपराध और वित्तीय धोखाधड़ी के खिलाफ एडवाइजरी और चेतावनी जारी की है। पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो (क्क्रष्ठ) ने ऐसी सात प्रकार की धोखाधड़ी की पहचान की है, जिसमें मिस्ड कॉल, वीडियो कॉल, नौकरी की पेशकश, निवेश योजनाओं के नाम पर धोखाधड़ी, पहचान बदलकर जालसाजी, सेंधमारी और स्क्रीन साझा करना शामिल हैं।

#### गृह मंत्रालय ने दिया यह सुझाव

आठ पन्ने की एडवाइजरी और चेतावनी में कहा गया है कि हाइजैकिंग मामले के जालसाज पीड़ित के वॉट्सएप खाते तक अनधिकृत पहुंच बना लेते हैं और उनके संपर्कों से पैसे का अनुरोध करते हैं। बीपीआरडी ने कहा,

कुछ लोगों को अज्ञात नंबर से वॉट्सएप वीडियो कॉल भी आए हैं। ये मूल रूप से सेक्सटार्शन आधारित वीडियो कॉल थे, जिनका उपयोग वॉट्सएप यूजर को धमकी देने के लिए किया जाता है।

बीपीआरडी ने कहा कि हैकर्स उपयोगकर्ता को ब्लैकमेल करते हैं और बदले में पैसे मांगते हैं। वॉट्सएप ने इसके खिलाफ कई सार्वजनिक




अभियान शुरू किए हैं। बीपीआरडी ने कहा कि ज्यादातर वियतनाम, केन्या, इथियोपिया और मलेशिया के कोड से शुरू होने वाले नंबरों से किए गए मिस्ड कॉल के माध्यम से हैकर्स सक्रिय यूजर्स को ढूंढ़ने के लिए कोड स्क्रिप्टेड बाट का उपयोग करते हैं। इसके बाद उन्हें साइबर अपराध के लिए टारगेट करते हैं।

#### पहचान बदलकर करते हैं जालसाजी

पहचान बदलकर जालसाजी के तहत जालसाज अपने संगठन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी या वरिष्ठ अधिकारी होने का दिखावा करके पीड़ित से संपर्क करते हैं और मुख्य वित्तीय अधिकारी , मुख्य परिचालन अधिकारी , मुख्य तकनीकी अधिकारी तथा उच्च पदस्थ पुलिस और सरकारी अधिकारियों को निशाना बनाते हैं।

बीपीआरडी ने कहा कि जालसाज इंटरनेट मीडिया पर सर्फिंग करके उन कर्मियों की व्यक्तिगत जानकारी प्राप्त करते हैं और समान प्रोफाइल बनाते हैं और पीड़ित को समझाने के लिए किसी महत्वपूर्ण बैठक में अपनी व्यस्तता या पुराने नंबर में समस्या का हवाला देकर कुछ लिंक पर तत्कॉल पैसा भेजने की मांग करते हैं।

#### स्क्रीन शेयर फीचर के माध्यम से ठगी

एडवाइजरी में वॉट्सएप द्वारा हाल में जारी स्क्रीन शेयर फीचर के बारे में विशेष चिंता व्यक्त की गई। बीपीआरडी ने कहा कि अतीत में धोखाधड़ी के कई मामले देखे गए, जहां जालसाजों को पीड़ितों की स्क्रीन तक पहुंच मिल गई।

## शार्ट न्यूज

### एडवोकेट के दफ्तर में हुई चोरी का खुलासा

गाजियाबाद। गाजियाबाद के कविनगर थाना क्षेत्र के आरडीसी इलाके में टैक्स एडवोकेट के ऑफिस में हुई चोरी का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इस मामले में एडवोकेट के ऑफिस में काम करने वाले ऑफिस बॉय और उसके एक साथी को गिरफ्तार किया है और 24.77 लाख कैश भी बरामद कर लिया है। घटना 19 जनवरी की रात की है। ऑफिस बॉय सीसीटीवी का डीवीआर भी ले गया था। गाजियाबाद के डीसीपी सिटी कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने बताया कि थाना कविनगर के आरडीसी में जीएसटी एडवोकेट राकेश कुमार का दफ्तर है। राकेश कुमार ने पुलिस को सूचना दी थी कि 19 जनवरी को उनके दफ्तर से कैश और सीसीटीवी की डीवीआर चोरी हुई है। जिसके बाद इसका खुलासा किया गया है। पुलिस ने बताया कि बुलंदशहर के चोला का रहने वाला सौरव सोलंकी एडवोकेट के ऑफिस में काम करता था। सौरव एडवोकेट को दराज में रखे हुए कैश देख लिया। इसीलिए उसने इस कैश को चोरी करने के लिए प्लानिंग के तहत अपने साथी को लेकर ऑफिस में दाखिल होकर चोरी की घटना को अंजाम दिया। उन्होंने बताया कि चोरी के बाद सौरव और सोहित वहां लगे सीसीटीवी के डीवीआर को भी अपने साथ ले गए। ताकि उनकीपहचान ना हो सके। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस इस घटना को संदिग्ध मान रही थी। छानबीन की गई तो जानकारी मिली कि सौरव ने ही पैसों की चोरी की है। सौरव के कब्जे से 14 लाख 77 हजार और सोहित से 10 लाख बरामद हुए हैं।

### गाजियाबाद में दो पक्षों में खूनी संघर्ष

मोदीनगर। गाजियाबाद में मोदीनगर की गोविंदपुरी कॉलोनी स्थित चाउमीन चौक पर देर रात टशनबाजी को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष हो गया। दोनों पक्षों में जमकर लाठी डंडे व धारदार हथियार चले। 20 मिनट तक हुई पत्थरबाजी के चलते अफरा तफरी का माहौल बन गया। इस संघर्ष में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों ने एक दूसरे खिलाफ मोदीनगर थाने में तहरीर दी है। गोविन्दपुरी कॉलोनी निवासी आयुष वर्मा व पीयूष सोरोन के बीच चार दिन पहले पार्किंग में गाड़ी खड़ी करने को लेकर विवाद हो गया था। उस समय तो लोगों ने मामला शांत करा दिया था। देर रात को आयुष वर्मा अपने साथियों के साथ कार से गोविन्दपुरी कॉलोनी स्थित चाउमीन चौक पर पहुंचा। बताया जा रहा है कि वहां पर बाइक व स्कूटी सवार कई लोग आए और कार से आयुष व उनके साथियों को उतारकर मारपीट करने लगे। बताया जा रहा है कि देखते ही देखते दोनों पक्ष आमने सामने आ गए और जमकर लाठी डंडे व धारदार हथियार चले। इतना ही नहीं 20 मिनट तक दोनों पक्षों में पत्थरबाजी होती रही। अचानक हुई पत्थरबाजी के चलते चाउमीन चौक पर अफरा तफरी का माहौल बन गया। वहां पर मौजूद लोग अपनी जान बचाने के लिए इधर उधर भागने लगे। इस संघर्ष में आयुष वर्मा व पीयूष सोरोन गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को गाजियाबाद के सरकारी अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है।

### स्कूलों में नए सत्र से 1100 सीट बढ़ाई जाएंगी

नई दिल्ली। गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ (आईपी) यूनिवर्सिटी अपने नए शैक्षणिक सत्र 2024-25 में करीब 1,100 सीटों का इजाफा कैंपस स्कूलों में करने जा रही है। यह सीटें यूनिवर्सिटी के कैंपस स्कूलों में चलने वाले विभिन्न पाठ्यक्रम में बढ़ाई जाएंगी। अभी करीब 3,300 सीटें हैं, जिसे बढ़ाकर लगभग 4,400 करने की तैयारी है। पिछले एक दशक से भी अधिक समय से सीट में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई थी। दाखिले में प्रथम प्राथमिकता छात्र कैंपस स्कूल को ही देते हैं। ऐसे में कैंपस स्कूलों में सीट बढ़ोतरी की प्रक्रिया शुरू की जा रही है, जिससे कि अधिक से अधिक छात्रों को यहां दाखिला मिल सकेगा। यूनिवर्सिटी सूत्रों के अनुसार, विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ इंफॉर्मेशन एंड कम्यूनिकेशन टेक्नोलॉजी में बीटेक कंप्यूटर साइंस की 90 सीटें हैं, जिसे बढ़ाकर 180 किया जा रहा है। इसी प्रकार बीटेक आईटी की 70 सीटों को बढ़ाकर 120 किया जा रहा है। इसी प्रकार बीटेक इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्यूनिकेशन की 70 सीटों को बढ़ाकर 120 किया जा रहा है। इसी तरह एमसीए साफ्टवेयर इंजीनियरिंग की 70 सीटों को बढ़ाकर 120 किया जा रहा है।

### अब तक केवल 7000 पालतू कुत्तों का प्राधिकरण ने कराया पंजीकरण

नोएडा। शहर में अब तक नोएडा प्राधिकरण ने केवल 7000 पालतू कुत्तों का पंजीकरण कराया है। डॉग पॉलिसी लागू होने के बाद शहर में पालतू कुत्तों का पंजीकरण अनिवार्य कर दिया गया था। माना जा रहा है कि जितने पंजीकरण हुए हैं वह आधे से भी कम हैं। बावजूद इसके शहर के लोग पंजीकरण के लिए आगे नहीं आ रहे हैं। नोएडा प्राधिकरण भी लापरवाह बना हुआ है। शहर के सेक्टरों व सोसाइटियों में आए दिन कुत्तों को लेकर विवाद होता रहता है। पालतू और लावारिस कुत्तों के काटने के मामले सामने आते हैं। इन मामलों में प्राधिकरण से शिकायत की जाती है। प्राधिकरण इसकी जांच कर कार्रवाई करता है। लेकिन इस तरह के मामलों में कमी नहीं हो रही है। डॉग पॉलिसी लागू होने के बाद प्राधिकरण ने शहर के लोगों से आह्वान किया था कि वह अपने पालतू जानवरों का पंजीकरण कराएं। इसके लिए 500 रुपये की फीस जमा करनी है। पंजीकरण नहीं कराने वालों पर जुर्माने की भी कार्रवाई होनी है। लेकिन अब तक प्राधिकरण ने किसी तरह का जुर्माना नहीं किया है। दरअसल, नोएडा प्राधिकरण के पास शहर में पालतू और लावारिस कुत्तों की संख्या की जानकारी नहीं है।

### झूठ बोलकर महिला से की दूसरी शादी, बनाए अप्राकृतिक संबंध; विरोध करने पर कर दी पिटाई

गाजियाबाद। नंदग्राम थाना क्षेत्र के राजनगर एक्सटेंशन में विवाहिता ने अपने पति पर धोखा देकर शादी करने का आरोप लगाया है। उसने अपने पति पर शराब पीकर अप्राकृतिक संबंध बनाने का आरोप लगाते हुए नंदग्राम थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस को दी तहरीर में महिला ने बताया कि उसकी मुलाकात दिल्ली निवासी अतुल से दो साल पहले हुई थी। इसके बाद उसने नजदीकी बनाई और दोनों में शादी की सहमति बन गई। शादी होने के बाद आरोपी विवाहिता का शोषण करने लगा। उससे 10 लाख रुपये से ज्यादा की रकम दहेज के नाम पर ले ली है। इसी दौरान विवाहिता को पता चला कि अतुल ने उससे झूठ बोलकर शादी की थी। महिला का कहना है कि अतुल पहले से शादीशुदा है। उसके बच्चे भी हैं। विरोध जताने पर आरोपी ने विवाहिता को बुरी तरह पीटा और फिर छोड़कर चला गया। इस बारे में एसीपी रवि कुमार का कहना है कि मामले की छानबीन में शुरू कर दी गई है। आरोपी को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

# प्रभु श्रीराम हमारे प्रेरणा स्त्रोत : सीएम केजरीवाल

दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आईटीओ स्थित प्यारेलाल ऑडिटोरियम में दिल्ली सरकार द्वारा आयोजित तीन दिवसीय रामलीला में हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि रामराज्य बहुत बड़ी चीज है और हम लोग बहुत छोटे हैं, भगवान श्रीराम हमारे लिए प्रेरणा स्त्रोत हैं। बता दें कि तीन दिवसीय रामलीला कार्यक्रम का सोमवार को समापन होगा।

सीएम केजरीवाल ने कहा, हमारी कोशिश है कि दिल्ली में कोई भूखा न सोए, हर गरीब को मुफ्त राशन मिले और हर नागरिक को सुरक्षा मिले। हमारा प्रयास है कि दिल्ली में हर व्यक्ति को 24 घंटे बिजली व पीने का पानी मिले और सभी को समान अवसर व सम्मान मिले।

हमने दिल्ली में बेघरों के लिए नाइट शेल्टर बनाए, हर बच्चे को अच्छी शिक्षा मिलने लगी है और हर व्यक्ति को अच्छा व मुफ्त इलाज मिल रहा है। कई लोग अलग-अलग कारणों से तीर्थयात्रा पर नहीं जा पाते हैं, इसलिए हमारी सरकार बुजुर्गों को तीर्थयात्रा करवाती है।

हमें मर्यादा पुरुषोत्तम राम के जीवन से सीख लेनी है, अपने माता-पिता का कहना मानना है और हमेशा सत्य का साथ देना है। दिल्लीवासियों के साथ दिल्ली सरकार की पूरी कैबिनेट और विधायकों ने भी रामलीला मंचन का आनंद लिया।



राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की पूर्व संध्या पर करनाल रोड स्थित खाटू श्याम मंदिर पहुंचे बागेश्वर धाम धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री ...साथ में है दिल्ली भाजपा मंदिर प्रकोष्ठ के अध्यक्ष करनैल सिंह।

# डॉ. वेद टंडन को वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स लंदन ने किया सम्मानित

**देश-विदेश में रामलीला मंचन को विस्तार देने में निभा रहे अहम भूमिका**

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय रामलीला महोत्सव के अध्यक्ष और शिक्षाविद डॉ. वेद टंडन को यूके स्थित वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स लंदन द्वारा सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। संस्था की ओर से अंतरराष्ट्रीय रामलीला महोत्सव को प्रशंसा प्रमाणपत्र प्रदान किया गया है। अयोध्या धाम में रामलीला महोत्सव के शुभ अवसर पर मंच पर अन्य पदाधिकारी अभिषेक कौशिक, मोहित शर्मा और प्रिया शर्मा के साथ सांसद मनोज तिवारी, प्रसिद्ध बॉलीवुड अभिनेता मनीष शर्मा और कई अन्य गणमान्य की उपस्थिति में डॉ. वेद टंडन को यह सम्मान दिया गया। बता दें कि डॉ. वेद टंडन कुरुक्षेत्र की जीआईईओ गीता के राष्ट्रीय शिक्षा संयोजक और अयोध्या की रामलीला के संरक्षक भी




हैं। यहीं नहीं उन्होंने विभिन्न राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय टीवी चैनलों के साथ-साथ दुनिया भर में मानव जाति के लिए राम-राज्य के मूल्यों और संदेशों को फैलाने की उनकी अथक यात्रा की मान्यता में उनका नाम अब गिनीज बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में शामिल किया गया है। वे पिछले कई वर्षों से अयोध्या धाम सहित देश के विभिन्न हिस्सों के साथ-साथ विदेशों में भी कई राज्यों में स्थित कई ऐतिहासिक स्थानों पर भव्य रामलीला मंचन कर रहे हैं। इस अवसर पर डॉ वेद टंडन ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय रामलीला महोत्सव को यह सम्मान न केवल भारत के बाल समुदाय को यह सम्मान मिला है, वास्तव में यह पूरे विश्व के बच्चों का सम्मान है। अपने संबोधन में डॉ. वेद टंडन ने इस सम्मान का श्रेय अपनी पत्नी डॉ. वंदना टंडन की कड़ी मेहनत, अथक, निस्वार्थ और निरंतर समर्थन को दिया, जो उनके सभी प्रयासों में उनके साथ खड़ी रहीं। इस दौरान डॉ. टंडन ने विशेष रूप से स्कूल के प्राचार्यों, समन्वयकों, प्रभारी कला और शिल्प शिक्षकों, समग्र निदेशक, सहायक निदेशक, थिएटर निर्देशक, संगीत निर्देशक, कोरियोग्राफर, मेक अप कलाकारों, लाइट्समैन, साउंडट्रैक कलाकारों के अमूल्य योगदान और समर्थन बताया। उन्होंने छात्रों और अभिभावकों के पूरे दिल से निरंतर समर्थन का भी उल्लेख किया, जो उनकी ताकत का स्त्रोत हैं। डॉ. टंडन प्रत्येक व्यक्ति के निरंतर समर्थन का उल्लेख किया जिसने इसे संभव बनाने के लिए व्यक्तिगत रूप से योगदान दिया है।

# दिल्ली एम्स में 22 जनवरी को ओपीडी सेवाएं रहेंगी खुली

नयी दिल्ली। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) दिल्ली ने रविवार को कहा कि बाह्य रोगी सेवाएं (ओपीडी) 22 जनवरी को खुली रहेंगी। साथ ही एम्स ने अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए अपराह्न 2: 30 बजे तक सेवाएं बंद करने के अपने फैसले को पलट दिया। एम्स, दिल्ली ने आज जारी एक नए कार्यालय ज्ञापन में कहा, इस कार्यालय के 20 जनवरी के परिपत्र के क्रम में, उन्हें किसी भी असुविधा से बचाने और रोगी देखभाल की सुविधा के लिए आउट पेशेंट सेवाओं (ओपीडी) सहित सभी नैदानिक सेवाएं खुली रहेंगी।

अस्पताल ने अपने पहले ज्ञापन में सूचित किया था कि अयोध्या में राम लला प्राण प्रतिष्ठा पूरे भारत में मनाई




जाएगी लिहाजा संस्थान 22 जनवरी को 14: 30 बजे तक आधे दिन के लिए बंद रहेगा।

इसमें कहा गया है कि सभी केंद्रों के प्रमुखों, विभागों के प्रमुखों, इकाइयों और शाखा अधिकारियों से अनुरोध है कि वे इसे अपने अधीन काम करने वाले सभी कर्मचारियों के ध्यान में लाएं। अस्पताल ने कहा कि हालांकि, चूंकि एम्स नई दिल्ली 21 फरवरी तक एक महीने के लिए हाई अलर्ट पर है, इसलिए सभी महत्वपूर्ण दानिक सेवाएं चालू रहेंगी।

# दनकौर पुलिस ने वृद्धा से हड़पे 60 हजार रुपए

जेवर। गौतमबुधनगर में सक्का गांव की रहने वाली 80 वर्षीय विधवा ने दनकौर कोतवाली के दरोगा और एक सिपाही पर 60 हजार रुपये लेने का आरोप लगाया है। जिसकी शिकायत पीड़ित ने पुलिस के आलाधिकारी से करने को कहा है।

पीड़ित महिला राजवती देवी का कहना है कि कुछ वर्ष पहले उसके पति की मौत हो चुकी है। पुलिस ने उसके इकलौते बेटे को जेल भेजने का डर दिखा कर रुपये ले लिए हैं। महिला का कहना है कि परिवार के ही एक व्यक्ति के डर से उसने अपने बेटे को जहांगीरपुर गांव के नजदीक एक गांव में पिछले 15 वर्षों से रिश्तेदार के पास भेजा हुआ है।

उसका बेटा गांव में रहेगा तो जान का खतरा है। आरोप है कि किसी व्यक्ति के कहने पर पुलिस बार-बार बुजुर्ग महिला पर दबाव बनाती है कि बेटे को गांव में ही रखो। बुजुर्ग महिला उसकी जान का खतरा बताती है तो पुलिस इकलौते बेटे को जेल भेजने का डर दिखाती है।

आरोप है कि इसी तरह डरा धमकाकर बुजुर्ग महिला से दो बार में 60 हजार रुपये एक दरोगा और सिपाही ले चुके हैं। इसके बावजूद शुक्रवार की शाम पुलिस बुजुर्ग महिला के बेटे युद्धवीर को जबरन हिरासत में लेकर कोतवाली ले आई। करीब 4 घंटे तक युवक को पुलिस ने हिरासत में रखा।

बाद में गांव के काफी लोग और रिश्तेदार कोतवाली पहुंचे। लोगों ने युवक को हिरासत में लेने का विरोध किया।

काफी देर तक चले ड्रामे के बाद शुक्रवार की रात युवक को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

# सीता स्वयंवर को देखकर भावुक हुए दर्शक, लगाए जय श्रीराम के जयकारे; भाजपा ने बताया छलावा



**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार की तरफ से आयोजित रामलीला के पहले दिन शनिवार को दर्शक सीता स्वयंवर को देखकर भावुक हुए। मंचन की शुरुआत में रामलला के जन्म के बाद उनकी शिक्षा-दीक्षा का मंचन हुआ। इसके बाद राम अपने गुरु के साथ राजा जनक के महल में पहुंचे। यहां सीता स्वयंवर का मंचन हुआ। मंचन के दौरान एक-एक करके राजा शिव धनुष को उठाने का प्रयास करते रहे, लेकिन कोई धनुष को उठा नहीं पाया। उसी समय गुरु की आज्ञा से श्री राम आगे बढ़े और उन्होंने शिव धनुष को उठाया और उसपर प्रत्यंचा चढ़ाने के लिए जैसे ही डोरी खींची। धनुष खंडित हो गया, ऐसा होते देख दर्शकों ने जोर-जोर से जय श्रीराम के जयकारे लगाना शुरू कर दिया।

कलाकारों ने तीन घंटे में पूरे संपूर्ण रामायण का मंचन किया। दिल्ली सरकार ने शनिवार से आईटीओ स्थित प्यारेलाल सभागार में तीन दिवसीय भव्य रामलीला का मंचन शुरू किया। पहले दिन रामलीला का लाइव मंचन देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग आए।

दिल्लीवालों के साथ पूरी कैबिनेट ने रामलीला का मंचन देखा। रविवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल दिल्लीवालों के साथ भव्य रामलीला का मंचन देखेंगे। उन्होंने दिल्लीवासियों से समय निकालकर परिवार के साथ मंचन देखने की अपील की। इस दौरान सौरभ भारद्वाज ने कहा कि हम सब लोग भगवान श्रीराम जी का नाम लेते हैं। भगवान श्रीराम जी से जो सबसे बड़ी चीज सीखनी चाहिए, वो है उनकी मर्यादा।

**छोटे से सभागार में रामलीला का आयोजन महज छलावा : भाजपा**

प्रदेश भाजपा ने कहा कि आम आदमी पार्टी के नेताओं का एक नया अवतार दिख रहा है। सौरभ भारद्वाज समेत कई नेता रामलीला आयोजन की बात कर रहे हैं। ये वही लोग हैं जिन्होंने 2022 तक अयोध्या में श्री राम मंदिर के निर्माण का पुरजोर विरोध किया था। अब जब पूरा देश राममय हुआ है तो रामलीला का आयोजन कर रहे हैं। दिल्ली वाले यह देखकर हैरान हैं कि दो करोड़ से अधिक की आबादी वाले शहर की सरकार एक छोटे से सभागार में रामलीला का आयोजन कर रही है, यह छलावा है। प्रदेश भाजपा के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा कि इतने छोटे स्तर पर रामलीला का आयोजन करके दिल्ली सरकार अयोध्या में श्रीराम मंदिर बनने पर खुशी दिखाने का दिखावा कर रही है।

# गुरुग्राम-नूंह में अलर्ट, मंदिर-मस्जिदों के बाहर सख्त निगरानी

गुरुग्राम। अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह और गणतंत्र दिवस को लेकर हरियाणा के गुरुग्राम और नूंह में पुलिस अलर्ट मोड पर है। खासकर मंदिर और मस्जिदों के बाहर पुलिस की निगरानी बढ़ाई गई है। अगस्त 2023 में नूंह में हिंसा के बाद गुरुग्राम में जहां कहीं भी उपद्रव हुआ था, उन सभी जगहों पर भी अतिरिक्त पुलिस बल को तैनात किया गया है। वहीं नूंह में इसको देखते हुए पीस कमेटी की बैठक में सभी से सौहार्द बनाए रखने की अपील की गई है।

सोशल मीडिया पर राम मंदिर को लेकर चल रहे कई तरह के मैसेज और वीडियो को देखते हुए नूंह, तावडू और पुन्हाना में मंदिरों और मस्जिदों पर खास नजर रखी जा रही है। प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर नूंह पुलिस ने कई स्थानों को संवेदनशील घोषित किया है। श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर गुरुग्राम और नूंह पुलिस के अलर्ट रहने का सबसे बड़ा कारण नूंह हिंसा है। अगस्त 2023 में बृजमंडल धाम जलाभिषेक यात्रा के दौरान नूंह के नल्हड़ महादेव मंदिर के पास हिंसा फैल गई थी। हिंसा की आग सोहना होते हुए गुरुग्राम तक पहुंची। आगे ऐसा कुछ न हो, इसलिए पुलिस से लेकर सीआईडी तक अलर्ट मोड पर है। नूंह के साथ-साथ गुरुग्राम के भी दक्षिण जोन में सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

नूंह के एडिशनल एसपी ने बताया कि संवेदनशील स्थानों के पास विशेष व्यवस्था की गई है। पुलिस सोशल मीडिया पर भी लगातार नजर रख रही है। लोगों से अपील की जा रही है कि वे किसी भी भड़काने वाले संदेश को प्रसारित करने से बचें। उन्होंने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा समारोह और गणतंत्र दिवस को देखते हुए ही गुरुवार को पीस कमेटी की बैठक बुलाई गई थी। इसमें सभी धर्मों के सम्मानजनक लोगों को बुलाया गया। सभी से सौहार्द पूर्वक और भाईचारे के साथ रहने की अपील की गई। गुरुग्राम में भी मंदिरों और मस्जिदों के पास सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई गई है। वहीं शहर में सादी वर्दी में भी पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं।

**सोहना व पुलिस लाइन में रहेगी पुलिस रिजर्व**

डीसीपी दीपक गहलावत ने कहा कि पुलिस की ओर से श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा के दौरान किसी तरह की खलल पैदा नहीं होने दी जाएगी। इस दौरान किसी तरह का विवाद न हो उसके लिए पुलिस अलग-अनलग प्वाइंट पर तैनात रहेगी। सोहना, सेक्टर 10, सेक्टर 56 व अन्य स्थान जहां पर नूंह हिंसा के दौरान उपद्रव हुआ था। वहां पर पुलिस बल रिजर्व तैनात किया गया है।

**पुलिसकर्मियों की छुट्टियां रद्द**

22 जनवरी व गणतंत्र दिवस की सुरक्षा को लेकर पुलिसकर्मियों की छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं। अगर किसी को अति आवश्यक अवकाश की आवश्यकता होगी तो उसको वरिष्ठ की रिपोर्ट के आधार पर ही छुट्टी दी जाएगी।

# गाजियाबाद में हाउस टैक्स वृद्धि का विरोध

गाजियाबाद। गाजियाबाद में डीएम सर्किल रेट से हाउस टैक्स वृद्धि का विरोध लगातार तेज होता जा रहा है। काजीपुरा में रविवार को आनंद चौधरी के आवास पर एक पंचायत हुई। इसमें कई पार्षद शामिल हुए। सभी ने हाउस टैक्स वृद्धि का विरोण किया और 31 जनवरी तक इसे वापस लेने के लिए मेयर से कहा।

दरअसल, पिछले दिनों शासन द्वारा डीएम सर्किल रेट के आधार पर हाउस टैक्स में वृद्धि के बाबत नगर निगम ने सर्किल रेट की सूची का प्रकाशन किया था, ताकि आपत्तियां प्राप्त हो सकें। पूर्व में हाउस टैक्स में 10 फीसदी की वृद्धि की गई थी। इसके बाद हर साल पांच फीसदी टैक्स बढ़ाया जाता रहा। ऐसे में अब लोग फिर से हाउस टैक्स बढ़ाने का विरोध कर रहे हैं।

आज हुई बैठक में बसपा के महानगर अध्यक्ष आनंद चौधरी, पूर्व पार्षद मनोज चौधरी, जाकिर सैफी, नरेश जाटव, पार्षद मोहम्मद कल्याण, पार्षद माया, चेतन यादव, सोनवीर, रजनीश चौधरी, हिमांशु लव, मुकेश गौतम आदि मौजूद रहे।

# अन्तर्राजीय वाहन चोर गिरोह का पुलिस ने किया पर्दाफाश : दो चोर गिरफ्तार

गौतम बुद्ध नगर। सेंट्रल नोएडा की बादलपुर थाना पुलिस ने अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है। इस गिरोह का खुलासा करते हुए पुलिस ने दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चोरों के कब्जे से चोरी की गई एक सीएनजी बोलोरो गाड़ी और एक एक इको वेन बरामद की है।

दरसअल बादलपुर थाना पुलिस ने लोकल इंटेलीजेंस और मुखबिर की सूचना के बाद धूम मानिकपुर बैरियर से बृजेश व राहुल खान को चोरी की गाड़ी के साथ गिरफ्तार किया। इस दौरान उनका एक साथी आसम मौके से फरार हो गया। पुलिस ने इन दोनों चोरों के कब्जे से तमंचा कारतूस अवैध चाकू और चोरी की गई एक मैक्सी ट्रक प्लस सीएनजी बोलेरो और एक वन बरामद की।

सेंट्रल नोएडा के एडिशनल डीसीपी हिरदेश कठेरिया ने बताया कि इन लोगों का गिरोह बड़े ही शातिर किस्म का है, जो डुप्लीकेट चाबी से या गाड़ी का लॉक तोड़कर गाड़ियों की चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया करते थे। यह डुप्लीकेट चाबी से गाड़ी को स्टार्ट कर उसके बाद गाड़ी को चुरा कर फरार हो जाया करते थे। यह लोग गाड़ी चोरी करने के बाद उन गाड़ियों को हरियाणा के नूहू व अन्य राज्यों में कम दामों में बेच दिया करते थे। पुलिस के अनुसार इन चोरों पर एक दर्जन से ज्यादा चोरी के मुकदमे दर्ज हैं, यह दिल्ली एनसीआर में दर्जनों वारदातों को अंजाम दे चुके हैं।

# गुरुवाणी अनुसार गुरु नानक जी तथा भगवान राम जी एक ही रूप हैं

'राम मंदिर उद्घघाटन' समय दीपावली मनाने की प्रेरणा देते हुए नामधारी मुखी ठाकुर दलीप सिंह जी ने अपने संदेश में कहा कि अयोध्या में 'राम मंदिर उद्घघाटन' के शुभ अवसर पर सभी भारतवासियों को, विशेष रूप से सिख पंथ को दीपावली की तरह खुशियां मनानी चाहिए। क्योंकि, सतिगुरु नानक देव जी तथा भगवान रामचंद्र जी एक ही रूप हैं। गुरुवाणी में लिखा है त्रेतै तै माणिओ रामु रघुवंसु कहाइओ।.. कलिजुगि प्रमाणु नानक गुरु अंगदु अमरु कहाइओ (पन्ना 1390)।

नामधारी मुखी ठाकुर जी ने गुरुवाणी के प्रमाण देकर अपनी बात स्पष्ट करते हुए कहा कि सिख गुरू साहिबान सूर्यवंशी भगवान रामचंद्र जी के वंश में बेदी तथा सोढ़ी गोत्र में प्रकट हुए हैं। सतिगुरु गोबिन्द सिंह जी ने अपनी वाणी में लिखा है तिन बेदीयन की कुल बिखै प्रगटे नानक राए। सोढ़ी वंश तथा अपने बारे में लिखा है अब मै कहो सु अपनी कथा। सोढ़ी बंस उपजिया जथा .. सोढ़ीराइ धरा तिह नामा। वंस सनौढ़ ता दिन ते थीआ। परम पवित्र पुरख जू कीआ। सोढी वंश के लिए गुरु ग्रंथ साहिब में भी लिखा है कुलि सोढी गुर रामदास तनु धरम धुजा अरजुनु हरि भगता (पन्ना 1407)। पुरातन 'जन्म साखी' का भी प्रमाण है सूरज कुल ते रघु भया, रघुबंसी भया राम। रामचंद्र के दुइ सुत, लव कुश तिह नाम। इह हमारे बड़े हैं, जुगाँ जुगाँ अवतार। इन्ही के घर उपजे, नानक कल अवतार। गुरुवाणी की उपरोक्त पंक्तियों के अनुसार, भगवान रामचंद्र जी सिख गुरु साहिबान के पूर्वज हैं।

ठाकुर जी ने यह भी बताया कि श्री रामचंद्र जी को सिख पंथ की वाणी में 'सतगुरु' लिखा गया है त्रेते सतिगुर राम जी रारा राम जपे सुखु पावै। सिख पंथ का जो 'वाहिगुरू' गुरुमंत्र है, उसमें 'र' अक्षर भगवान राम जी के नाम से लिया गया है चारो अछर इकु करि वाहिगुरू जपु मंत्र जपावै।

सतिगुरु अर्जुन देव जी ने प्रभु अवतारों की गणना करते हुए लिखा है कि निराकार प्रभु, रघु कुल में श्री रामचंद्र जी बन कर अवतीर्ण हुए, स्री रामचंद जिसु रूपु न रेखिआ॥ बनवाली चक्रपाणि दरसि अनूपिआ॥ सहस नेत्र मूरति है सहसा इकु दाता सभ है मंगा (पन्ना 1082)। इस तरह, गुरुवाणी के प्रमाणों के आधार पर ठाकुर दलीप सिंह जी ने सिद्ध किया कि भगवान रामचंद्र जी सिख पंथ के लिए पूजनीय हैं। क्योंकि- 1. भगवान रामचंद्र जी सिख गुरू साहिबान के पूर्वज हैं। 2. सिख गुरु साहिबान तथा भगवान श्री रामचंद्र जी एक ही रूप हैं। 3. गुरमंत्र में प्रभु श्री रामचंद्र जी के नाम का 'र अक्षर है।

कुछ सिख, 'राम मंदिर' का विरोध करते हैं तथा 'बाबरी मस्जिद' का पक्ष लेते हैं। उनसे विनती करते हुए नामधारी मुखी ने कहा कि राम मंदिर का विरोध करने वाले सिखों को यह विचार करने की आवश्यकता है कि इन्हीं मुगलों ने हमारा हरिमंदर साहिब भी चार बार गिरा कर ध्वस्त किया था। सतिगुरु नानक देव जी को यातनाएं देने वाले; सतिगुरु अर्जुन देव जी, सतिगुरु तेग बहादुर जी, चार साहिबजादे, माता गुजरी जी तथा लाखों सिखों को शहीद करने वाले मुगलों द्वारा गिराया गया 'राम मंदिर' दुबारा बन रहा है।

गौरवशाली भारत
नई दिल्ली
सोमवार 22 जनवरी 2024
Www.gauravshalibharat.com

## संपादकीय

# शिक्षा में बड़ी चुनौती

हाल ही में देशभर के स्कूलों की शिक्षा से जुड़ी स्थ्वक्ररिपोर्ट सामने आई है। इस रिपोर्ट के अनुसार 14-18 साल के आधे से ज्यादा बच्चे तीसरी क्लास की बेसिक मैथ प्रॉब्लम सॉल्व नहीं कर पाए। वहीं कई छात्रों को तो तीसरी क्लास की भाषा की किताब पढ़ने में भी दिक्कत हुई।

देश के ग्रामीण हिस्सों में स्कूली बच्चों की शिक्षा की स्थिति पर एनुअल स्टेटस ऑफ एजुकेशन रिपोर्ट का ताजा संस्करण पहली नजर में जरूर चिंतित करता है, लेकिन समग्रता में देखने पर साफ हो जाता है कि हालात निराशाजनक नहीं बल्कि चुनौतीपूर्ण हैं।

14 से 18 साल के आधे से ज्यादा बच्चे अगर तीसरी-चौथी क्लास के मैथ के सिंपल डिविजन प्रॉब्लम सॉल्व न कर सकें तो यह कोई अच्छी स्थिति नहीं कही जा सकती। वजह यह है कि डिविजन करने की क्षमता को व्यावहारिक जीवन में काम आने वाली बुनियादी गणनाओं के लिए जरूरी माना जाता है। खास बात यह कि इन स्टूडेंट्स का एक बड़ा हिस्सा जॉब मार्केट से कुछ ही कदम दूर है। लेकिन इस तथ्य को भुलाया नहीं जा सकता कि इस उम्र समूह के लोगों को रिपोर्ट में पिछली बार 2017 में कवर किया गया था। और इस दौरान देश-दुनिया ने कोरोना महामारी की जबर्दस्त चुनौती झेली है। खासकर ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों की पढ़ाई तो कोरोना काल में लगभग ठप ही हो गई थी।

महामारी के संदर्भ में रिपोर्ट की दो बातें खास तौर पर ध्यान खींचती हैं। एक तो यह कि 89 फीसदी बच्चे ऐसे हैं जिनके घर में स्मार्टफोन है। वहीं, 92 फीसदी बच्चों ने बताया कि वे स्मार्टफोन चलाना जानते हैं। निश्चित रूप से इसके पीछे महामारी के दौरान ऑनलाइन पढ़ाई की मजबूरी का बड़ा हाथ माना जा सकता है। दूसरी बात यह कि एनरोलमेंट की संख्या (86.8 फीसदी) का 2017 (85.6 फीसदी) से ज्यादा होना बताता है कि महामारी के दौरान आजीविका के नुकसान के चलते ज्यादातर बच्चों के दोबारा स्कूल न लौटने का डर गलत साबित हुआ है।

हालांकि इसी रिपोर्ट से यह भी पता चलता है कि करीब एक तिहाई बच्चे 12वीं से आगे नहीं पढ़ते। लड़कों के मामले में ड्रॉप आउट की सबसे बड़ी वजह रुचि की कमी पाई गई तो लड़कियों के मामले में पारिवारिक मजबूरी। निश्चित रूप से डेमोग्रैफिक डिविडेंड पर ध्यान केंद्रित किए एक युवा देश के लिए यह चिंता की बात है।

मैथ्स की बात हो या लैंग्वेज की, पढ़ाई में पिछड़ापन अपने देश के लिए कोई नई बात नहीं। ASER की ही पिछली रिपोर्टों में यह बात रेखांकित की जाती रही है। लेकिन यह कोई बचाव नहीं हो सकता। चुनौती बड़ी इसलिए भी है कि स्कूली पढ़ाई की नियमित प्रक्रिया में इसका इलाज नहीं है क्योंकि बड़ी कक्षा में आने के बाद टीचर्स उसी क्लास के टेक्स्ट बुक को फॉलो करते हैं। उनके लिए बच्चों की बुनियादी समझ पर ध्यान देना मुश्किल होता है। जाहिर है, विशेष प्रयास करने पड़ेंगे, लेकिन दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी इकॉनमी बनने की राह पर बढ़ रहा देश इस चुनौती से मुंह नहीं मोड़ सकता।



# चुनावी वर्ष में आर्थिक चुनौतियां

लोकसभा चुनाव से पहले मोदी सरकार लेखानुदान बजट पेश करने वाली है। मोदी सरकार-2 का यह कार्यकाल आर्थिक मोर्चे पर चुनौतियों भरा रहा है। सबसे बड़ी चुनौती थी कोरोना महामारी और फिर दूसरी चुनौती घरेलू बाजार में महंगाई का उच्चतम स्तर पर बने रहना था। लेकिन भारतीय अर्थव्यवस्था ने न केवल हर मोर्चे पर तरक्की की, बल्कि जीडीपी के मामले में यह दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर उभरी।

चालू वित्तीय वर्ष 23-24 की पहली दो तिमाहियों को मद्देनजर रखते हुए 7.7 प्रतिशत की औसत विकास दर हासिल करना भी बड़ी आर्थिक सफलता है। उम्मीद की जा रही है कि संपूर्ण वित्तीय वर्ष के लिए विकास की दर सात प्रतिशत रहने का अनुमान है। इसकी मुख्य वजह एक ओर जहां घरेलू स्तर पर लगातार प्रति व्यक्ति बेहतर क्रय क्षमता है, तो दूसरी ओर बुनियादी ढांचों के विकास पर सरकार द्वारा ज्यादा खर्च है।

पिछले वित्तीय बजट में केंद्र सरकार ने 10 लाख करोड़ रुपये का बजट पूंजीगत खर्चों के लिए रखा था, जिसने अर्थव्यवस्था की विकास दर को गति दी। भारतीय कंपनियों की वित्तीय हालत भी बहुत अच्छी है तथा लाभदायकता का प्रतिशत सभी कंपनियों में दोहरे अंकों में पाया जा रहा है। इसका मुख्य कारण लागत नियंत्रण है। इससे आने वाले समय में निजी निवेश के और बढ़ने की संभावनाएं हैं। बैंकिंग सेक्टर में भी पिछले वर्ष जुलाई में 10 वर्षों के बाद एनपीए सबसे कम रहा था। चालू वित्तीय घाटा इस वर्ष जीडीपी का 1.6 से 1.7 प्रतिशत रहने की संभावना है। भारत जैसी अर्थव्यवस्था के लिए इसका दो प्रतिशत से कम रहना अच्छे विकास का सूचक है।

इस वर्ष कच्चे तेल के आयात की मात्रा पिछले वर्ष की तुलना में काफी बढ़ी है, परंतु उसका चालू वित्तीय घाटे पर बहुत अधिक प्रभाव नहीं पड़ा है, क्योंकि भारत ने रूस से भारतीय रुपये में कच्चा तेल खरीदा। वैश्विक स्तर पर चालू वित्तीय वर्ष काफी उथल-पुथल भरा रहा, जिसकी शुरुआत अमेरिका में बैंकिग प्रणाली की विफलता से हुई। चीनी अर्थव्यवस्था में मंदी बने रहना, सभी बड़ी विकसित अर्थव्यवस्थाओं में उनके केंद्रीय बैंकों द्वारा लगातार ब्याज दरों को बढ़ाना आदि हमेशा चर्चाओं में रहा।

इन सबके बावजूद भारतीय पूंजी बाजार में विदेशी पूंजी निवेशकों की लगातार अच्छी वित्तीय तरलता बनी रही। घरेलू निवेशकों का भी शेयर बाजार में लगातार अच्छा निवेश बना रहा है, जिसके चलते ही शेयर बाजार रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गया है। सभी बड़ी आर्थिक संस्थाओं ने वर्ष 2024-25 के लिए वैश्विक आर्थिक विकास की दर को कम अनुमानित किया है।

आईएमएफ के मुताबिक वर्ष 2024-25 में वैश्विक विकास दर 2.9 प्रतिशत रहने की संभावना है, जो कि वर्ष 2023 में तीन प्रतिशत थी। विभिन्न विशेषज्ञों के अनुसार, भारत में विकास दर 6.3 से 6.5 प्रतिशत के बीच रहने का अनुमान है। विकसित अर्थव्यवस्थाओं की विकास दर के कम रहने से भारत के निर्यातों को धक्का लगने की आशंका ज्यादा है। हालांकि सभी बड़े विकसित देशों के केंद्रीय बैंकों ने ब्याज की दरों में कमी करने का संकेत देना शुरू कर दिया है, परंतु वित्तीय वर्ष 2024 की दूसरी तिमाही में ही ऐसा हो सकता है। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा भी आगामी दिवाली से पहले ब्याज दरों में कटौती की संभावना नहीं है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में नई सरकार के लिए घरेलू स्तर पर सबसे बड़ी चुनौती कृषि क्षेत्र की विकास दर बढ़ाना तथा महंगाई दर को नियंत्रित करना रहेगा। चालू वित्तीय वर्ष में चावल तथा गेहूं का उत्पादन अनुमान से कम हुआ है। इसके अलावा, खुले बाजार में गेहूं की लागत को नियंत्रित रखने के लिए सरकार अपने बफर स्टॉक का उपयोग कर रही है, जिसके चलते सात सालों में पहली बार बफर स्टॉक अपने अनुमानित आंकड़े से नीचे आ गया है।

ऐसे में मई माह तक भारत को अपने गेहूं के बफर स्टॉक के लिए आयात करना पड़ेगा। पिछले वर्ष खाद्य पदार्थों की महंगाई के चलते ग्रामीण क्रय क्षमता काफी प्रभावित हुई। कृषि क्षेत्र की विकास दर को बढ़ाना भी सरकार के लिए बहुत चुनौतीपूर्ण कार्य रहेगा।

# मोदी-योगी के राज में भारत में सांस्कृतिक धरोहरों को दिलाया जा रहा है उचित स्थान

प्रह्लाद सबनानी

वर्ष 2014 के बाद से भारत में सांस्कृतिक धरोहरों को संवारने का कार्य बहुत सफल तरीके से सम्पन्न किया जा रहा है। इसी का प्रमाण आज प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर के रूप में दिखाई दे रहा है। इसी प्रकार के प्रयास भारत के अन्य सांस्कृतिक धरोहरों को विकसित करने के लिए भी किए गए हैं।

22 जनवरी 2024 को प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा अयोध्या में सम्पन्न होने जा रही है। पिछले लगभग 500 वर्षों के लम्बे संघर्ष के पश्चात श्रीराम लला टेंट से निकलकर एतिहासिक भव्य श्रीराम मंदिर में विराजमान होने जा रहे हैं। पूरे देश का वातावरण राममय हो गया है। न केवल भारत के नागरिकों में बल्कि अन्य कई देशों में भी सनातन धर्म में आस्था रखने वाले नागरिकों में जबरदस्त उत्साह दिखाई दे रहा है। अमेरिका के कई बड़े शहरों में प्रभु श्रीराम के बहुत बड़े आकार के होर्डिंग लगाए गए हैं। पूरे विश्व में ही एक तरह से नई ऊर्जा का संचार हो रहा है। आज सनातनी हिंदुओं के लिए यह एक एतिहासिक एवं गर्व करने का पल है क्योंकि प्रभु श्रीराम का मंदिर भारतीयों के लिए सदियों से एक सांस्कृतिक धरोहर रहा है और अब पुन: प्रभु श्रीराम के मंदिर को सांस्कृतिक धरोहर के रूप में उचित स्थान दिलाया जा रहा है, इसके लिए पिछले 500 वर्षों के दौरान लाखों भारतीयों ने अपने प्राण तक न्यौछावर किए हैं।

वर्ष 2014 के बाद से भारत में सांस्कृतिक धरोहरों को संवारने का कार्य बहुत सफल तरीके से सम्पन्न किया जा रहा है। इसी का प्रमाण आज प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर के रूप में दिखाई दे रहा है। इसी प्रकार के प्रयास भारत के अन्य सांस्कृतिक धरोहरों को विकसित करने के लिए भी किए गए हैं। बाबा अमरनाथ की यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए कठोर मौसम बाधा न बन पाए, इस बात को ध्यान में रखकर केंद्र सरकार द्वारा बाबा अमरनाथ गुफा तक 110 किलोमीटर लम्बी सड़क का निर्माण करवाया जा रहा है, इसमें 11 किलोमीटर लम्बी एक सुरंग भी शामिल है। अभी तक श्रीनगर से बाबा अमरनाथ गुफा तक यात्रा करने में लगभग 3 दिन का समय लगता था किंतु इस नए विकसित किए जा रहे सड़क मार्ग के पश्चात केवल 8 से 9 घंटे के बीच का समय लगेगा।

इसी प्रकार, अभी कैलाश मानसरोवर की यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं को चीन अथवा नेपाल के रास्ते से होकर जाना होता है परंतु, अब कैलाश मानसरोवर की यात्रा पर जाने के लिए चीन अथवा नेपाल जाने की आवश्यकता ही नहीं होगी क्योंकि केंद्र सरकार उत्तराखंड के पिथौरागढ़ के रास्ते से सीधे कैलाश मानसरोवर तक 80 किलोमीटर लम्बी सड़क का निर्माण करवा रही है। इस सड़क निर्माण का 90 प्रतिशत कार्य सम्पन्न हो चुका है और शेष 10 प्रतिशत निर्माण कार्य भी वर्ष 2024 में पूरा हो जाने की सम्भावना है।

वाराणसी में काशी विश्वनाथ कोरिडोर एवं उज्जैन में महाकाल लोक कोरिडोर



को विकसित करने के बाद अब मथुरा में भव्य बांके बिहारी कोरिडोर विकसित किया जा रहा है। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने बांके बिहारी मंदिर के चारों ओर कोरिडोर बनाने की मंजूरी दे दी है। इस कोरिडोर के निर्माण के पश्चात प्रतिदिन लगभग 50,000 श्रद्धालुगण बांके बिहारी मंदिर के दर्शनों के लिए जा सकेंगे। इस नए विकसित किए जा रहे कोरिडोर में तीन विभिन्न मार्ग बनाए जा रहे हैं। पहिला मार्ग, जुगलघाट से प्रारम्भ होगा, दूसरा मार्ग, विद्यापीठ चौराहे से प्रारम्भ होगा एवं तीसरा मार्ग जादौन पार्किंग से प्रारम्भ होकर बांके बिहारी मंदिर तक पहुंचेगा।

असम में गौहाटी से लगभग 8 किलोमीटर दूर नीलांचल पर्वत पर स्थित मां कामाख्या देवी मंदिर का भी कायाकल्प किया जा रहा है।

मां कामख्या देवी के मंदिर में प्रतिवर्ष लाखों श्रद्धालु दर्शन करने हेतु पहुंचते हैं। इन श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु मां कामाख्या कोरिडोर विकसित किया जा रहा है। इस नए कोरिडोर में एक लाख वर्ग फुट क्षेत्र की जगह उपलब्ध होगी, जिससे श्रद्धालुओं को मां कामाख्या देवी के दर्शन करने में सुविधा होगी।

उत्तरप्रदेश राज्य में प्रभु श्रीराम मंदिर एवं बांके बिहारी कोरिडोर के साथ ही मिर्जापुर में 331 करोड़ रुपए की लागत से मां विंध्यवासिनी कोरिडोर विकसित किया जा रहा है।

यह उत्तरप्रदेश राज्य के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का ड्रीम प्रोजेक्ट भी है। 50 फीट चौड़ा एवं 2 मंजिला परिक्रमा स्थल तैयार हो चुका है। वर्ष 2024 में ही मां विंध्यवासिनी कोरिडोर के पूरी तरह बनकर तैयार होने की पूरी उम्मीद है।

आज लाखों की संख्या में श्रद्धालु मां वैष्णो देवी के दर्शन करने हेतु मां वैष्णो देवी के दरबार में प्रतिवर्ष अपनी हाजिरी लगाने के लिए जाते हैं। इन श्रद्धालुओं की मां वैष्णो देवी यात्रा को आसान बनाने के उद्देश्य से 670 किलोमीटर लम्बे दिल्ली-अमृतसर-कटरा एक्सप्रेस वे का निर्माण कराया जा रहा है। इस एक्सप्रेस वे के रास्ते में पड़ने वाले सिक्ख पंथ के कई स्थलों को भी जोड़ा जा रहा है।

इस एक्सप्रेस वे के बनने से पहिले दिल्ली अमृतसर तक का सफर जो पहिले 8 घंटे में सम्पन्न होता था वह अब इस एक्सप्रेस वे के बनने के बाद केवल 4 घंटे में ही सम्पन्न होगा। इसी प्रकार दिल्ली से कटरा तक का सफर जो पहले 15 घंटे में सम्पन्न होता था वह अब केवल 6 घंटे में ही सम्पन्न होगा। इस एक्सप्रेस वे के बनने के बाद माता वैष्णो देवी के भक्त माता रानी के दर्शन बड़े आराम से कर सकेंगे।

इसी प्रकार यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ एवं बद्रीनाथ की चार धाम यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं को भी केंद्र सरकार सुलभ मार्ग उपलब्ध कराने जा रही है जो मौसम की मार को बर्दाश्त कर सके।

इस चार धाम यात्रा को श्रद्धालुओं के लिए सुलभ बनाने का उद्देश्य से 12,000 करोड़ रुपए की लागत से 899 किलोमीटर का सड़क मार्ग विकसित किया जा रहा है। इस सड़क मार्ग में दो सुरंग, 15 पुल, 18 यात्री सेवा केंद्र और 13 बाई पास विकसित किए जा रहे हैं।

भारतीयों द्वारा इंजीनियरिंग के उत्कृष्ट नमूने के रूप में तमिलनाडु के रामेश्वरम के पास एक नया पम्बन ब्रिज विकसित किया जा रहा है। इस पम्बन ब्रिज की विशेषता यह है कि इस मार्ग से रेल के गुजरने पर यह रेल की पटरी बिछा देगा और इस ब्रिज के नीचे से पानी के जहाज अथवा स्टीमर के गुजरने पर पुल ऊपर उठ जाएगा ताकि इस रास्ते से स्टीमर निकल सके। नया पम्बन ब्रिज उन श्रद्धालुओं के लिए वरदान साबित होगा जो रामेश्वरम धनुष्कोटि की यात्रा करना चाहते हैं।

सनातन हिन्दू धर्म में आस्था रखने वाले नागरिकों के लिए यह एक बहुत बड़ी खुशखबरी मानी जानी चाहिए कि पाकिस्तान के कब्जे वाले क्षेत्र में स्थित मां शारदा पीठ के दर्शन करने का सपना भी अब शीघ्र ही पूरा हो सकता है। हाल ही में पाकिस्तान के कब्जे वाले क्षेत्र की एसेम्बली ने 5,000 वर्ष पुराने मां शारदा पीठ में भारत से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए एक कोरिडोर बनाने का प्रस्ताव पारित कर दिया है। वर्ष 2023 में जम्मू-कश्मीर में स्थित मां शारदा मंदिर का उद्घाटन करते समय भारत के गृह मंत्री अमित शाह ने भी कहा था कि आगे आने वाले समय में मां शारदा पीठ के लिए पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में एक गलियारा खोलने का प्रयास भारत सरकार द्वारा किया जाएगा।

# विश्व में गूंजेगा राम का पवित्र नाम, बोलिए जय जय श्री राम।

अयोध्या के मंदिर में प्रभु श्रारीम की प्राण प्रतिष्ठा से पूरा विश्व राम-मय हो गया है। अयोध्या का वैभव द्विगुणित होकर वैश्विक स्तर पर आच्छादित हो गया। भारतीय सनातन धर्म संस्कार और संस्कृति श्री राम से शुरू होकर पूरे विश्व में चारों ओर खुशबू की तरह व्याप्त है। यह प्रभु राम की ही अद्भुत माया है कि भारत के साथ-साथ पूरे विश्व के हर नागरिक की नजरे प्रभु राम की अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा में टिकी हुई है। और यह भी सत्य है कि भारतीय सनातन संस्कृति के पर्याय मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम ही है। मनुष्य के जन्म से लेकर मृत्यु तक श्री राम का नाम जप कर ही मनुष्य मोक्ष को प्राप्त होता है। जन्म में भी श्री राम और मोक्ष भी श्री राम ही हैं। इह लोक और परलोक दोनों में श्री राम का नाम व्याप्त है। कण-कण में प्रभु श्री राम है और मन मन में प्रभु श्री राम है।

भारत का सांस्कृतिक, सनातनी, वैदिक इतिहास सदैव गौरवपूर्ण रहा है। वेदों, शास्त्रों ,पुराणों और सनातन संस्कृति एवं संस्कार में इतनी शक्ति है कि भारतीय संस्कृति अनंत काल तक कभी नष्ट नहीं हो सकती है। भारतीय संस्कृति का लचीलापन एवं व्यापक ग्राह्यता इतनी विशाल है कि ईस सभ्यता ने कई सभ्यताओं को अपने में समाहित कर एक विशाल धर्मनिरपेक्ष वातावरण निरूपित कर वृहद वट वृक्ष की तरह अपनी शाखाएं वैश्विक स्तर पर प्रचारित, प्रसारित की है। यह वैदिक अध्यात्म योग और संस्कृति का ही प्रतिफल है कि भारत के नागरिक विश्व में चहुंओर निवास कर रहे हैं और अब समय आ गया है कि भारत को अपनी संस्कृति आध्यात्मिक तथा संस्कारों के आत्म बल के दम पर विश्व का नेतृत्व करना होगा एवं विश्व गुरु बनने की प्रक्रिया में नए नए सोपान निर्मित करने होंगे। प्रारंभ से ही शांति तथा मानवता को लेकर भारत में अपनी विकास यात्रा प्रारंभ की है आध्यात्मिक चिंतन और सनातनी इतिहास इस बात का गवाह है कि भारत विश्व शांति की बहाली के लिए विश्व को मार्गदर्शन देने का हौसला तथा क्षमता दोनों रखता है। अब यह समय आ चुका है कि भारत को विश्व का मार्गदर्शी प्रणेता बन जाना चाहिए।


जिंदगी का कैनवास जन्म से लेकर मृत्यु तक समुद्र की तरह विराट और गहराई लिए हुए होता है। जीवन में वयक्तिक, पारिवारिक, धार्मिक, आध्यात्मिक, सामाजिक विकास की संभावनाओं के साथ मनुष्य अपना जीवन प्रारंभ कर विकास प्रगति तथा ऊंचाइयों को प्राप्त कर सकता है, बशर्ते उसके व्यक्तित्व में जीवन के प्रति जीजिविषा, संघर्ष करने की क्षमता, अनंत आत्म विश्वास और संयम के घटक मौजूद हो। ऐतिहासिक तौर पर भारतीय विकास सांस्कृतिक संरचना एवं संस्कार के मूलभूत तत्वों को लेकर दुनिया में अभूतपूर्व रहा है। वैसे भी भारतवर्ष सभ्यता से लेकर संस्कृति की प्रकृति के मामले में वैभवशाली इतिहास को समेटे हुए हैं। विकास और प्रगति के सोपान को कोई एक दिन वर्ष अथवा दशक में रेखांकित नहीं किया जा सकता, यह एक निरंतर, सतत एवं समय के साथ चलने वाली क्रिया की प्रतिक्रिया है। और प्रकृति सभ्यता तथा मानव जीवन में परिवर्तन एक अकाट्य सत्य और शाश्वत अभिक्रिया है।

## मेरे राम

धन्य हो गया जीवन तेरा मेरा !
राम मय आकाश पाताल और ये धरा हर्षित पुलकित भावनावो का ये आसमानी गुबार!
आ रहे है राम अब तो करले जीवन में सुधार !!
ढोल नगाड़ो की वो धूम !करता मन झूम ले रे झूम !आता कहा था नाचना महफ़िल में अपनों की !
पर राम ने बढ़ा दी थिरकन पैरो की !!
खुशियों के दीप जलाएंगे !
रामलला अवध आएंगे !!
छप गए राम सबके दिलो में !
गूंजने लगी राम धुन अब महफ़िलो में
नींद बहुत गहरी थी सनातनी की !
चिंता कर ले रे अब अपने अस्तित्व की
खोने लगेगा जब जब तू इस दुनिया से !राम कृष्णा ढूंढ लेंगे तुझे फिर से !!
पर न खोना अब आपसी लड़ाई के अँधियारो में ! बहुत धोखे खाये है इतिहास की किताबो में !!
बसा लो तश्वीरे एक दूसरे के दिलो में आदर्श, संस्कारो और प्रेम की प्रगाढ़ता में !! देख ले राम जी को अपनी काया के कण कण में !
क्या वज्र क्या पाषाण और क्या सोने की कठोरता !
मनुष्यता से विहीन दुनिया में किसको छोड़ता और पकड़ता !!
छल की दुनिया में भारी पढ़ी है मन की उदारता !!
कहदो ओम उबरो सनातनियो श्री राम आये है !
वसुदेव कुटुम्बकम का भूचाल फिर से लाये है !!रख लो तरकश में अब तीर लगा के राम का जयकारा !
जहा बुझे प्रेम की ज्वाला, चला दो तीर बचा लो सनातन हमारा !!
रम जाने दो रमा देने दो राम से अब इस दुनिया को !
मेरे राम आये है , भीग जाने दो खुशी के आंसूवो से इस काया को !!

**कवि - ओम सिन्हा**

# श्री राम जय राम जय जय राम



वैश्विक स्तरपर दुनियां के अधिकतम देश राम नाम के घोष से सराबोर हुए - एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया

गोंदिया - वैश्विक स्तरपर पिछले 500 वर्षों से शायद ही ऐसा कभी कोई पल आया होगा जिसका आज भारत में ही नहीं बल्कि पूरी दुनियां के करीब करीब हर देश में ऐसा अलौकिक उत्साह का माहौल प्रतीत हुआ है। आज भारत का शायद ही कोई नगर शहर ऐसा होगा जहां राम नाम का नगाड़ा ना बजा हो, प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा से सराबोर होकर चारों तरफ श्री राम जय राम जय जय राम की भाव भक्ति से आराधना की जा रही है। बता दें ध्यान 20 और 21 जनवरी 2024 को दर्शन के लिए मंदिर परिसर में आने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। 22 जनवरी से यह सब खुल जाएंगे। मैंने अपनी चावल नगरी गोंदिया में एक ग्राउंड रिपोर्टिंग कर 85 प्लस बुजुर्गों से बात की तो उन्होंने बताया हमने इन 85 वर्षों में कभी भी ऐसा माहौल नहीं देखा मेरा मानना है की पूरी दुनियां में ऐसा कोई भी क्षण नहीं आया होगा जितना उत्साह आज दुनियां में अधिकतम देशों में दिख रहा है। हर देश में मूल भारतीयों द्वारा जश्न मनाया जा रहा है। हमारी छोटी सी राइससिटी गोंदिया नगरी में भी पूरा नगर राम नाम के गूंज से सराबोर हो उठा है। चारों तरफ राम नाम के बैनर झंडा फूलों के हर गली चौराहे पर प्रभु श्री राम के स्वागत में गेट रंग-बिरंगे पोस्टर से लबालब दिख रहा है और प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा से हर देशवासी का सीना गर्व से ऊंचा हो गया है, चूंकि पूरे देश में श्री राम जय राम जय जय राम की गूंज हो रही है इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, वैश्विक स्तरपर दुनियां में अधिकतम देश राम नाम की गूंज से सराबोर हुए।

साथियों बात अगर हम प्राण प्रतिष्ठा पर हर देशवासी के गौरवन्वित होने की करें तो, अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर हर नागरिक गौरवान्वित है। इसके लिए कई साधु-संतों ने वर्षों से मौन व्रत रखकर तपस्या की तो कइयों ने अपने प्राणों की आहुति दी। मंदिर निर्माण और मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा पर कोई अपना मौन व्रत खोलेगा तो कोई प्रभु श्रीराम का जयघोष करेगा। धर्म गुरु बोले कि यह दिन भारत और दुनिया भर के लिए ऐतिहासिक है। पूरा देश राममय हो गया है। भगवान श्रीराम हर व्यक्ति के प्रेरणा स्त्रोत हैं। श्री राम भारत के प्रभात का प्रथम स्वर हैं। देश की उच्चता व दिव्यता देखनी हो तो प्रभु श्री राम में वह दृष्टिगोचर होती है। भारत के लिए ऐतिहासिक दिन है। इस दिन के लिए संतों और आम जनमानस ने अपने प्राणों की आहुति दी है। देश में स्वर्णिम इतिहास लिखा जा रहा है। यह दिन महादीपावली का है। हिंदू समाज खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहा है।

साथियों बात अगर हम अयोध्या सहित पूरा देश राम नाम राम में सराबोर होने की करें तो भगवान राम के विग्रह के प्राण प्रतिष्ठा हैं, लेकिन अयोध्या समेत पूरा देश राममय है। यूपी ही नहीं दूसरे प्रांतों से आने वाले लोगों के परिधान भी राममय हो गया है। आलम यह है कि हर शहर में प्राण प्रतिष्ठा आस्था और संस्कृति के प्रतीक बन गया है। राम लला की प्राण प्रतिष्ठा की गूंज अयोण्या में भव्य रूप से हो रही है वहीं दूसरे शहरों के मंदिरों में भी पूजा अर्चना का दौर शुरू हो गया है। बाजार भी लोगों के उत्साह और उल्लास को कैश करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। बाजार में रामनामी वस्त्रों की भरमार है। श्री राम लिखे कुर्ते-गमछे से लेकर राम मंदिर प्रिंट वाली साड़ियों की जमकर बिक्री हो रही है। लोग 22 जनवरी को होने वाले आयोजनों में पहनने के लिए इन रामनामी वस्त्रों को खरीद रहे हैं। अयोध्या में भव्य राम मंदिर में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के दिन 22 जनवरी को आस्था में सराबोर लोग दिवाली से बड़ी दीपावली मनाई जा रही है। यूपी का माहौल कुछ इस तरह है कि हर गली और नुक्कड़ राममय हो चुका है। घरों मोहल्लों और आसपास के मंदिरों को सजाने के साथ ही परिवार भर के लिए नए कपड़े खरीदे जा रहे हैं। पुरुष और महिलाएं सभी उल्लास के साथ रामलला के स्वागत कार्यक्रमों की तैयारियों में जुटे हैं। पुरुषों के साथ महिलाओं ने भी बहुत खुशी और उमंग हैं। उनकी खास डिमांड पर बाजार में रामनामी सिल्क की साड़ियां भी आ गईं हैं। इस पर राम मंदिर की आकृति उकेरी गई है। वहीं पुरुष भी भगवा रंग के पोशाक में दिखने को तैयार हैं। उधर जानकी की जन्मस्थली सीतामगढ़ी में भी धूम मची हुई है। अयोध्या में 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दिन जानकी जन्मस्थली सीतामढ़ी में भी रामोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिले के मठ मंदिरों, नदी तट, सीताकुण्ड में महाआरती, अलौकिक दीपावली व धार्मिक स्थलों को सजाने की तैयारी चल रही है। धार्मिक स्थलों और सार्वजनिक स्थलों पर विशेष साफ-सफाई की जा रही है। पुनौराधाम, जानकी स्थान, हलेश्वर स्थान, पंथपाखर आदि तीर्थ क्षेत्रों में उत्सव की तैयारी है। नगर निगम ने भी सात दिवसीय स्वच्छ तीर्थ कैंपेन चला कर धर्म स्थलों के आसपास साफ-सफाई करवा रहा है। श्री जानकी प्राकट्य स्थली तीर्थ क्षेत्र के बैनर तले होनेवाले कार्यक्रम में शहर की साफ-सफाई के बाद रंग अबीर से रंगोली व मार्गों की सजावट की जाएगी। जानकी स्थान के उर्विजा कुण्ड को फूलों से सजाया जाएगा। पूरे शहर को सजाने की योजना है। शहर की साफ-सफाई व सजाने के साथ प्रवचन व संगीत के लिए साउंड व अयोध्या से सीधा प्रसारण के लिए जगह-जगह बड़ी स्क्रीन लगाई है। शहर में रामोत्सव को आयोजन होगा। पूजा-अर्चना के साथ उस दिन अलौकिक दीपावली मनायी जाएगी। भजन-कीर्तन का भी आयोजन होगा। पुनौराधाम में प्रभु की प्राण-प्रतिष्ठा के दिन सीता कुंड पर महाआरती होगी। पूरे तीर्थ क्षेत्र को 51 हजार दीपों से सजाकर दीपोत्सव मनाया जाएगा। महंत कौशल किशोर दास के नेतृत्व में कार्यक्रम की तैयारी जोरों पर चल रही है। श्रीराम की जन्मभूमि पर भव्य मंदिर के निर्माण से हर जगह खुशी का माहौल है। 22 जनवरी को अयोध्या में आयोजित समारोह को देखने के लिए सभी धर्म स्थलों व सार्वजनिक स्थलों पर बड़ी स्क्रीन लगायी है। इसके लिए रजत द्वार जानकी मंदिर, पुनौराधाम, महावीर स्थान व देवी मंदिरों में जगह चिह्नित की गई है। जिले के लोगों को रामजन्म भूमि के विकास के बाद जानकी जन्म स्थली के विकास की आस जगी है। लोग कहते हैं बिन सिया बिन राम भी अधूरे हैं। अयोध्या से मिथिला के लिए आनंद विहार दरभंगा वाया अयोध्या वसीतामढ़ी ट्रेन के उद्घाटन के मौके पर जिस तरह प्रधानमंत्री सीतामढ़ी के साधु-संतों से रू-ब-रू हुए थे।

साथियों बात अगर हम 5 अगस्त 2020 को प्रभु श्री राम मंदिर के भूमि की पूजन के अवसर पर माननीय पीएम के संबोधन की आज के परिपेक्ष में हकीकत को देखें तो उन्होंने उसे समय कहा था, राम काजु कीन्हे बिनु मोहि कहाँ बिश्राम ॥भारत, आज भगवान भास्कर के सानिध्य में सरयू के किनारे एक स्वर्णिम अध्याय रच रहा है। कन्याकुमारी से क्षीरभवानी तक, कोटेश्वर से कामाख्या तक, जगन्नाथ से केदारनाथ तक, सोमनाथ से काशी विश्वनाथ तक, सम्मेद शिखर से श्रवणबेलगोला तक, बोधगया से सारनाथ तक, अमृतसर से पटना साहिब तक, अंडमान से अजमेर तक, लक्ष्यद्वीप से लेह तक, आज पूरा भारत, राममय है। पूरा देश रोमांचित है, हर मन दीपमय है। आज पूरा भारत भावुक भी है। सदियों का इंतजार आज समाप्त हो रहा है।

## शार्ट न्यूज

### फर्रुखाबाद में पुलिस का संदिग्ध वाहन सघन चेकिंग अभियान हुआ शुरू

फर्रुखाबाद। अयोध्या में राम प्राण प्रतिष्ठा एवं गणतंत्र दिवस के मद्देनजर उत्तर प्रदेश के फर्रुखाबाद जिला पुलिस ने रविवार तड़के ही घने कोहरे के बीच विभिन्न थाना क्षेत्रों के बॉर्डर पर शांन्ति सुरक्षा ,कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए, संदिग्ध वाहनों का सघन चेकिंग अभियान शुरू कर दिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार जिले के कंपिल थाना पुलिस द्वारा अटैना घाट पर बैरियर लगाकर आज तड़के घने कोहरे में सन्धिग्ध वाहनों को रोक-रोक कर चेकिंग की गई। नवाबगंज थाना पुलिस ने, शमशाबाद स्टेशन पर जोरदार चेकिंग अभियान चलाया। इसी क्रम में फर्रुखाबाद कादरी गेट थाना पुलिस ने गंगा पांचाल घाट एवं रोडवेज बस अड्डे पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देशन में आज तड़के संदिग्ध वाहन चेकिंग अभियान में कमालगंज थाना पुलिस ने खुदागंज बॉर्डर पर बैरियर लगाकर वाहनों की चेकिंग की गई। शमशाबाद थाना पुलिस द्वारा ढाई घाट बॉर्डर पर बैरियर लगाकर वाहनों को चेक करने का विशेष अभियान चलाया गया। मोहम्मदाबाद कोतवाली पुलिस द्वारा काली नदी पुल के समीप संदिग्ध वाहनों को रोक-रोककर विशेष अभियान चलाया गया।

### शौचालय की गिरी दीवार की चपेट में आकर बच्चियों के मरने के मामले की जांच हुई शुरू

बलिया। उत्तर प्रदेश के बलिया जनपद के बैरिया थाना क्षेत्र के उदई छपरा गांव में सामुदायिक शौचालय की दीवार गिरने से दो मासूमों बच्चियों की मौत के मामले में जिलाधिकारी ने शनिवार की देर रात टीम गठित कर जांच के आदेश दिए हैं ।जिलाधिकारी बलिया रविन्द्र कुमार ने रविवार को बताया कि जनपद के बोरियां थाना क्षेत्र के उदई छपरा गांव में शनिवार की शाम एक निशप्रयोज्य घोषित हो चुके सामुदायिक शौचालय की दीवार गिरने से दो बच्चियों की मौत हो गई थी ।उन्होंने बताया कि सामुदायिक शौचालय का निर्माण 12 वर्ष पूर्व करवाया गया था जो निशप्रयोज्य भी घोषित हो चुका था ।मामले में मुख्य विकास अधिकारी, उपजिलाधिकारी बैरिया और जिला पंचायत राज्य अधिकारी की एक समिति बनाई गई है जो विस्तृत जांच करके अपनी आख्या प्रस्तुत करेगी ।उल्लेखनीय है कि शनिवार की शाम बैरिया थाना ? क्षेत्र की उदई छपरा निवासिनी दो सगी बहनों अंशु (13) व तनु (11) सामुदायिक शौचालय के समीप खेल रही थीं तभी दीवार गिरने से दोनों की मौत हो गई थी ।मामले में परिवारजनों ने पुलिस को पोस्टमार्टम की अनुमति नहीं दी थी ।शौचालय का निर्माण 12 वर्ष पूर्व मृतक बच्चियों के दादा राजनाथ यादव ने करवाया था।

### डंपर ने बाइक सवार को 200 मीटर घसीटा, मौत

झांसी। झांसी में सड़क हादसे में एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। वह बाइक से प्लंबर का काम करने जा रहा जा रहा था। रास्ते में डंपर ने टक्कर मारी और बाइक को करीब 200 मीटर तक घसीटते हुए ले गया। इससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद आरोपी ड्राइवर डंपर को लेकर भाग निकला। तब राहगिरों ने बाइक से करीब एक किलोमीटर दूर तक पीछा कर डंपर को पकड़ लिया। मोंठ पुलिस ने रविवार को पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। मृतक का नाम मुलायम केवट (28) पुत्र गणेश केवट था। वह बबीना थाना क्षेत्र के खांडी गांव का रहने वाला था। मृतक के बड़े भाई सुखनंदन ने बताया कि मुलायम प्लंबर का काम करता था। फिलहाल वह जालौन के कोंच में एक मकान में नल फिंटिंग का काम कर रहा था। मकर संक्रांति त्यौहार को लेकर वह 10 दिन पहले घर आया था। शनिवार को वह बाइक से कोंच जा रहा था। शाम को वह मोंठ थाना क्षेत्र के कानपुर हाइवे पर अटरियन गांव के पास पहुंचा तो पीछे से तेज गति में आ रहे एक डंपर ने टक्कर मार दी। हादसे के बाद वह बाइक और मुलायम को करीब 200 मीटर तक घसीटते हुए ले गया। इससे मुलायम की मौके पर मौत हो गई।

### दुकान में हुई चोरी का पुलिस ने किया खुलासा

सरायमीर। सरायमीर पुलिस ने 24 घंटे में 5 लाख 95 हजार रुपए की चोरी का पर्दाफाश कर दिया। पुलिस ने दो शातिर चोरों को 4 लाख 50 हजार रुपए के साथ के गिरफ्तार किया है। दोनों ने शातिर तरीके से कपड़े की दुकान से चोरी की थी। पुलिस ने दोनों को स्थानीय मदरसा बैतुलउलूम के पास से गिरफ्तार किया। फिलहाल पुलिस संबंधित धाराओं में जेल भेज दिया है। सरायमीर थाना प्रभारी निरीक्षक यादवेन्द्र पाण्डेय ने बताया कि यूसुफ निवासी मोहल्ला सिराज की पूरा कस्बा थाना सरायमीर ने बताया कि उनकी सरायमीर में कपड़े की दुकान है। 20 जनवरी की दोपहर साढ़े बाराह बजे दूकान खोलने पहुंचा तो दुकान का और काउंटर का टाला टूटा हुआ था और दुकान के काउंटर में बैंक में जमा करने के लिए रखे गए 5 लाख 90 हजार रुपए गायब थे। इसपर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। इंस्पेक्टर सरायमीर के अनुसार हमराहियों के साथ 21 जनवरी की भोर में रात्रि भ्रमण कर रहे थे। उसी दौरान मदरसा बैतुलउलूम के पास मदरसा की ओर से तिराहे की तरफ दो व्यक्ति आते हुए दिखाई दिए। पुलिस को देखकर दोनों व्यक्ति पीछे मुड़कर भागना चाहे कि पुलिस ने घेराबंदी कर दोनो व्यक्तियों को पकड़ लिया।

### झांसी में सड़क हादसे में किसान की मौत

झांसी। झांसी में सड़क हादसे में एक किसान की मौत हो गई। वह बाजार से सब्जी खरीदकर बाइक से घर लौट रहे थे। रास्ते में गलत दिशा में आ रही एक दूसरी बाइक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में घायल किसान को झांसी से ग्वालियर रेफर कर दिया गया। लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। इसके बाद घर में कोहराम मच गया। पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है। मृतक का नाम हृदेश (48) पुत्र परशु था। वह बबीना के घिसौली गांव का रहने वाला था। मृतक के साले रामगोपाल ने बताया कि शनिवार को हृदेश सब्जी लेने के लिए बडौरा चौराहे पर गए थे। सब्जी खरीदकर बाइक से घर लौट रहे थे। रास्ते में गलत दिशा में आ रही एक बाइक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में वह घायल हो गए। पहले उनको बबीना ले गए। वहां से झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। हालत गंभीर होने पर उनको ग्वालियर रेफर कर दिया गया। लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। हृदेश की मौत के बाद घर में कोहराम मच गया। वह खेती किसानी करते थे। उनके पिता और बड़े भाई धनीराम की पहले ही मौत हो चुकी है। हृदेश अपनी बेटी निशा की शादी कर चुके थे। इसके अलावा दो बेटे दीपू (20) और विजय (18) हैं। बड़े भाई और पिता की मौत के बाद हृदेश ही परिवार का बड़ा सहारा थे। उनकी मौत के बाद परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

### सड़क हादसे में महिला की मौत, 3 घायल

बांगरमऊ। बांगरमऊ में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर रविवार को लखनऊ से आगरा की ओर जा रही कार अनियंत्रित होकर एक्सप्रेस-वे की पुलिया से टकरा गई। हादसे में एक महिला की मौत हो गई। जबकि 3 लोग गंभीर रूप घायल हो गए। हादसे की सूचना पर पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया और घायलों को बांगरमऊ सीएचसी से हायर सेंटर रेफर कर दिया। घटना बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र की है। बिहार प्रांत के सिवान जिले के भलुआड़ी निवासी सुमन सिंह (45) पत्नी अर्जुन सिंह अपने पुत्र आर्यन सिंह (18) व परिवार के ही सुघर सिंह पुत्र सम्भू सिंह औक करीबी विनय पुत्र मोती सिंह के बिहार से दिल्ली जा रही थी। रास्ते में रविवार को बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र में आगरा लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर किलोमीटर संख्या 252 पर शादीपुर के निकट चालक ने गाड़ी से नियंत्रण खो दिया। जिससे उनकी कार बीच डिवाइडर से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे के बाद यूपीडा टीम ने सभी घायलों को बांगरमऊ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया। जहां पर डाक्टरों ने सुमन सिंह (45) को मृत घोषित कर दिया और घायल हुए आर्यन, विनय व सुघर सिंह को रेफर कर दिया गया। बेहटा मुज़ावर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। बेहटा मुजावर के थाना प्रभारी फूल सिंह ने बताया कि कार अनियंत्रित होकर बीच डिवाइडर से टकराई है।

# 200 टीपीडी सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्रक्रिया से लैस होगा अयोध्या धाम

- सीएम योगी के विजन अनुसार सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट फैसिलिटी की स्थापना के जरिए अपशिष्ट निस्तारण को मिलेगी गति
- अयोध्या नगर निगम ने शुरू की प्रक्रिया, जीरो वेस्ट डिस्चार्ज पैटर्न के अनुरूप काम करेगा नया संयंत्र



**अयोध्या।** अयोध्या को दुनिया की सुंदरतम नगरी बनाने के विजन से कार्य कर रही योगी सरकार स्वच्छता के सभी मानकों को अयोध्या में लागू कर पुरातन वैभव युक्त नगरी की दशा-दिशा बदलने के लिए प्रयासरत हैं। इस क्रम में, अयोध्या में अपशिष्ट निस्तारण व सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्रक्रियाओं के कुशल प्रबंधन की जो कार्यप्रणाली विस्तृत कार्ययोजना के जरिए सीएम योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में स्वीकृत हुई थी उसे क्रियान्वित कर दिया गया है।

अयोध्या नगर निगम द्वारा सीएम योगी की मंशा अनुरूप अयोध्या में 200 टन प्रति दिन (टीपीडी) कैपेसिटी युक्त सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट फैसिलिटी की स्थापना की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

इस क्रम में, अयोध्या नगर निगम द्वारा 7 वर्षों की अवधि के लिए सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट फैसिलिटी की स्थापना व संचालन एजेंसी व कॉन्ट्रैक्टर्स के माध्यम से किया जाएगा। इस कार्य अवधि को प्रदर्शन के आधार पर 4 वर्षों के लिए बढ़ाया भी जा सकता है तथा इसके अंतर्गत जीरो वेस्ट डिस्चार्ज पैटर्न के अनुरूप वेट वेस्ट प्रोसेसिंग, ड्राई वेस्ट प्रोसेसिंग व सैनिटरी लैंड फिल जैसी प्रक्रियाओं की पूर्ति के जरिए अपशिष्ट निस्तारण को पूर्ण किया जाएगा।

अयोध्या नगर निगम द्वारा तैयार की गई कार्य योजना के अनुसार, गीला कचरा और सूखा कचरा प्रसंस्करण दोनों के लिए अलग-अलग व्यवस्था के साथ स्वच्छ भारत मिशन के मानकों का पालन करते हुए अपशिष्ट प्रबंधन संयंत्र स्थापित किया जाएगा।

इसमें साइट के भीतर एक सैनिटरी लैंडफिल स्थापित करना भी शामिल है। इस फैसिलिटी को अयोध्या के पिखरौली में स्थापित किया जाएगा तथा इसमें वेस्ट मैनेजमेंट प्रक्रियाओं को पूर्ण करने के लिए रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल माध्यम से आवेदन मांगे गए हैं।

इस फैसिलिटी की स्थापना को जीरो वेस्ट डिस्चार्ज प्रक्रिया के अनुरूप बनाया जाएगा तथा यहां अपशिष्ट निस्तारण के साथ ही रीसाइक्लिंग की भी प्रक्रिया पर जोर दिया जाएगा।

# प्राण प्रतिष्ठा पर रामनगरी में होंगे समूचे भारत के दर्शन

**मालिनी अवस्थी-कन्हैया मित्तल सरीखे कलाकारों से सुरमयी होगी सांझ**

अयोध्या। आखिरकार 22 जनवरी की वह तिथि आ ही गई, जिसका इंतजार 500 वर्षों से था।

इस तिथि पर समूची रामनगरी को सजाने के लिए सीएम योगी आदित्यनाथ ने खुद ही सारी व्यवस्था की कमान संभाली और निरंतर निरीक्षण कर अभूतपूर्व आयोजन का निर्देश भी दिया। अब 22 जनवरी को रामनगरी में समूचे भारत के दर्शन होंगे।

संस्कृति मंत्रालय के क्षेत्रीय सांस्कृतिक केंद्रों के 200 कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां होंगी। इनमें यहां आंध्र प्रदेश, सिक्किम, हिमाचल प्रदेश, तेलंगाना, राजस्थान, मेजबान उत्तर प्रदेश की झलक प्रस्तुत होगी।

वहीं मालिनी अवस्थी- कन्हैया मित्तल सरीखे कलाकार भी सुरमयी सांझ सजाएंगे। राम की पैड़ी पर इको फ्रेंडली आतिशाबाजी व लेजर शो भी होगा।

### राम की पैड़ी पर होगी लेजर शो व इको फ्रेंडली आतिशबाजी

22 जनवरी को प्राण-प्रतिष्ठा के उपरांत अनेक आयोजन होंगे। शाम छह बजे से श्रीराम भारती कला केंद्र की तरफ से रामकथा पार्क में रामलीला होगी।

वहीं पर्यटन विभाग के तत्वावधान में शाम 6.30 बजे से सात बजे तक राम की पैड़ी पर सरयू आरती होगी। सात बजे तक यहीं प्रोजेक्शन शो का आयोजन किया गया है। शाम साढ़े सात से 7.45 तक राम की पैड़ी पर लेजर शो होगा। इसके पश्चात इको फ्रेंडली आतिशबाजी का नजारा प्रस्तुत किया जाएगा।

# महोबा जिले की अंतरराज्यीय सीमा की गयी सील

महोबा। अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह से चौबीस घण्टे पहले रविवार को उत्तर प्रदेश के महोबा जिले से जुड़ी मध्य प्रदेश की अंतरराज्यीय सीमा को सुरक्षात्मक दृष्टि से सील कर दिया गया। पुलिस ने यहां दो प्रमुख राजमार्गो समेत विभिन्न सम्पर्क मार्गों पर चेकपोस्ट स्थापित की है, जिनमें सघन चेकिंग के उपरांत ही वाहनों का आवागमन शुरू कराया गया है।

पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता ने बताया कि अयोध्या में 22 जनवरी को हो रहे देश के सबसे बड़े धार्मिक आयोजन को लेकर जिले में पुलिस प्रशासन को अलर्ट मोड पर रखते हुए अपने क्षेत्र में निरंतर गस्त करने के निर्देश दिए गए है। किसी भी संदिग्ध वस्तु और ब्यक्ति के पाए जाने पर तत्काल कार्यवाही को कहा गया है। खुफिया तंत्र को सतर्क किया गया है। जिला मुख्यालय के होटलोंए ढाबोंए बस स्टैंडए रेलवे स्टेशन एवम अन्य सभी प्रमुख स्थलों की लगातार चेकिंग कराई जा रही है। ताकि गड़बड़ी फैलाने की मंशा पालने वाले अपराधी एवम असमाजिक तत्वों को दबोचा जा सके।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि महोबा जिले में राज्य की कोई 60 किलोमीटर लंबी सीमा मध्य प्रदेश से जुड़ी है। जिसमे सागर.कानपुर एवम झांसी.मिर्जापुर राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित है। इसके अलावा करीब बारह अन्य सम्पर्क मार्ग है।

### सड़क दुर्घटना में माता-पुत्र की मौत

जौनपुर। उत्तर प्रदेश में जौनपुर जिले के सरायखाजा थाना क्षेत्र में शाहगंज रोड़ पर स्थित जपटापुर बाजार में सोमवार सुबह एक तेज रफ्तार कार ने मां और बेटे को कुचल दिया जिससे मौके पर दोनों की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार जिले में सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के जपटापुर निवासी चंदा देवी (50) अपने पुत्र अमित (12) के साथ आज सुबह साढ़े सात बजे सड़क पर कर रही थी ।इसी दौरान शाहगंज की तरफ से तेज रफ्तार में जौनपुर आ रही कार ने दोनों को कुचल दिया जिससे दोनों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना के बाद चालक कार लेकर फरार हो गया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मां और बेटे के शव को लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है, पुलिस फरार स्कॉर्पियो कार की तलाश में जुटी है।

# जौनपुर में हुई मुठभेड़ में दो गो तस्कर गिरफ्तार, चार गोवंश किए बरामद

जौनपुर। उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले में गौराबादशाहपुर, केराकत व खेतासराय थाने की संयुक्त पुलिस टीम के साथ गोवंश तस्करों के साथ हुई मुठभेड़ में दो शातिर गो-तस्कर को गिरफ्तार कर लिया गया है।

पुलिस अधीक्षक डा0 अजय पाल शर्मा ने आज यह जानकारी देते हुए बताया कि अपराध की रोकथाम व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे क्षेत्राधिकारी केराकत गौरव कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में थानाध्यक्ष गौराबादशाहपुर चंदन राय मय टीम व थानाध्यक्ष खेतासराय त्रिवेणी सिंह मय टीम द्वारा शनिवार की रात्रि में सघन वाहन व



संदिग्धों की चेकिंग भुइली तिराहे के पास की जा रही थी कि चेकिंग के दौरान एक पिकअप वाहन गोवंशीय पशुओं को क्रुरता पूर्वक बांधकर भुइली गोदाम की तरफ से गोड़हरा पुल की तरफ जाती दिखाई दी । मौजूद दोनों टीम के द्वारा उक्त पिकअप को टार्च की रोशनी से रोका गया ।

इस पर पिकप चालक पुलिस वालों पर चढाने का प्रयास करते हुए पिकप लेकर गोडहरा पुल की तरफ भाग चला। पुलिस टीम ने भुइली गांगीघाट से थोड़ा सा पहले पहुंचकर पिकप को आगे से घेर लिया गया। तब तक थानाध्यक्ष गौराबादशाहपुर व थानाध्यक्ष खेतासराय अपनी टीम के साथ भुइली गोदाम की तरफ से मौके पर पहुंच गये ।खुद को पुलिस से को घिरता देख जल्दी बाजी मे गांगी घाट की तरफ जाने वाले कच्चे मार्ग पर पिकअप वाहन को उतारने की कोशिश की लेकिन पिकअप वही फस गयी। इतने में प्रभारी निरीक्षक केराकत राम जनम यादव मय हमराह कण्ट्रोल रूम द्वारा प्रसारित सूचना पाकर आ गये।

# यूपी के 56 शहरों में कोल्ड डे का अलर्ट

**सोनभद्र 2.8, कानपुर-लखनऊ में पारा 7; अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के दिन छाया रहेगा कोहरा**

कानपुर/लखनऊ/अयोध्या। यूपी में भीषण ठंड का दौर जारी है। फिलहाल, इससे राहत मिलती नहीं दिख रही है। मौसम विभाग के मुताबिक, अगले 5 दिनों तक कोल्ड-डे की स्थिति बनी रहेगी। कोहरा अब और घना होगा। मौसम विभाग ने रविवार को 20 शहरों में कोल्ड-डे का ऑरेंज और 36 शहरों में यलो अलर्ट जारी किया है।

मौसम विभाग का अनुमान है कि 22 जनवरी यानी रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दिन अयोध्या में घना कोहरा छाया रहेगा। ऐसे में वीआईपी के विमानों की लैंडिंग और टेकऑफ में दिक्कत आ सकती है। आज भी कोल्ड-डे है। 5.6 किमी की रफ्तार से हवाएं चलेंगी। दिन का तापमान 16 और रात 7 तक पहुंच सकता है।

वहीं, अगर शनिवार की बात करें तो सोनभद्र सबसे ठंडा शहर रहा। यहां न्यूनतम पारा 2.8 रिकॉर्ड किया गया, जबकि 22.6 अधिकतम के साथ बांदा सबसे गर्म रहा।



### आज इन जिलों में कोल्ड डे का अलर्ट

**ऑरेंज अलर्ट :** बस्ती, सिद्धार्थ नगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, मेरठ, हापुड़, बुलंदशहर, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, संभल, बदायूं।

**यलो अलर्ट :** प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, चंदौली, वाराणसी, संत रविदास नगर, जौनपुर, आजमगढ़, हरदोई, फर्रुखाबाद, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, उन्नाव, लखनऊ, बाराबंकी, रायबरेली, अमेठी, सुल्तानपुर, अयोध्या, अंबेडकर नगर, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, गाजियाबाद, गौतम बुद्ध नगर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, कासगंज, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया।

### इन जिलों में छाएगा घना कोहरा

मौसम विभाग के मुताबिक, बस्ती, सिद्धार्थ नगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, हरदोई, फर्रुखाबाद, बाराबंकी, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ , गाजियाबाद, हापुड़, गौतम बुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, कासगंज, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, संभल, बदायूं।

### पश्चिमी में सीवियर कोल्ड वेव चलेगी

मौसम विभाग के मुताबिक, अगले 3 से 5 दिनों में घने से बहुत घने कोहरे और कोल्ड-डे से लेकर सीवियर कोल्ड-डे के हालात बने रहने की संभावना है। इसी तरह, अगले 3 दिनों के दौरान पश्चिम यूपी के मैदानी इलाकों में शीतलहर से लेकर गंभीर शीत लहर की स्थिति जारी रहने की संभावना है। सीएसए यूनिवर्सिटी के मौसम विज्ञानी डॉ. स्ह सुनील पांडेय ने बताया कि छाए हुए बादलों के चलते तापमान में इजाफा हो रहा है। लेकिन सर्द हवाओं ने दिन की गलन बढ़ा दी है।

# पूर्व मंत्री गायत्री प्रजापति की 13.42 करोड़ की संपत्ति जब्त

लखनऊ। लखनऊ में हरिहरपुर और मोहनलाल गंज में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने शुक्रवार को पूर्व मंत्री गायत्री प्रसाद प्रजापति की करीब 13.42 करोड़ रुपए कीमत की संपत्ति जब्त कर ली।

पिछले हफ्ते टीम ने मुंबई के मलाड में एक अपार्टमेंट में उनके बेटे और बहू के नाम चार फ्लैट सीज किए गए थे। ईडी अब तक गायत्री प्रसाद प्रजापति की 50.37 करोड़ रुपए की संपत्तियां जब्त कर चुकी है।

### खनन मंत्री रहते हुए जमा की अकूत संपत्ति

ईडी के अधिकारियों ने बताया कि जांच में पाया गया है कि गायत्री प्रसाद प्रजापति ने खनन मंत्री रहते हुए कई अवैध संपत्तियां बनाई। इसके लिए उन्होंने अपने बेटों, बहू, परिचितों के बैंक खातों का इस्तेमाल किया। इन बैंक खातों में उन्होंने नकद रकम जमा की और फिर इसे संपत्तियों में निवेश कराया।

ईडी ने वर्ष 2021 में लोकायुक्त की जांच में गायत्री के दोषी पाए जाने के बाद स्नढ्ढक्रदर्ज कर जांच शुरू की थी। लोकायुक्त जांच में उन्हें आय से ज्यादा संपत्ति कमाने का दोषी पाया गया था। ईडी ने अब तक गायत्री के परिवार के लोगों की 60 अचल संपत्तियां जब्त की हैं।

अमेठी से चार किलोमीटर दूर पड़ता है परसाना गांव। यहीं के रहने वाले हैं गायत्री प्रजापति। पिता सुकई राम कुम्हार थे। लेकिन गायत्री का मन इस काम में नहीं लगा तो वे पुताई का काम करने लगे।

साल 1984 में इंदिरा गांधी का मर्डर हुआ, राजीव गांधी देश के पीएम बन गए। तब वह तो अमेठी के सांसद थे। उन्होंने अपने क्षेत्र में विकास के लिए कोरवा इलाके में हिंदुस्तान एरोनोटिक्स लिमिटेड यानी ॥रु का कारखाना लगवाया। यहीं से पेंटर गायत्री के दिन बदल गए।

कारखाने की बिल्डिंग बनकर तैयार हो चुकी थी।

# मेरठ में सिलेंडर में लगी आग, जिंदा जला होमगार्ड

**12 लोग झुलसे, लोग मदद को करते रहे कॉल, फायर ब्रिगेड 45 मिनट बाद पहुंची**

एजेंसी

मेरठ। मेरठ में रविवार तड़के सुबह बड़ा हादसा हुआ है। यहां एक दो मंजिला घर के अंदर होमगार्ड की जिंदा जलकर मौत हो गई। होमगार्ड का पूरा परिवार रिश्तेदारी में गया था और वह घर पर अकेला था। आग इतनी तेज थी कि पड़ोस के मकानों तक आग पहुंच गई।

मदद के लिए आगे आए पड़ोसी बिजली, पुलिस, फायर ब्रिगेड के नंबरों पर फोन करते रहे। लेकिन किसी का भी फोन नहीं उठा। पड़ोसियों ने खुद जलता दरवाजा तोड़ा, अंदर आग में घुसकर सिलेंडर बाहर फेंका। लेकिन सरकारी मदद के नाम पर कोई नहीं आया।

नतीजा होमगार्ड ने अंदर ही दम तोड़ दिया। वहीं इस हादसे में 12 लोग झुलसे हैं, इसमें 3 की हालत अभी भी गंभीर है।

मामला मेरठ के नौचंदी थाना क्षेत्र का है। यहां जयदेवी नगर में शिव मंदिर के पीछे यह घटना हुई है। बताया जा रहा है कि होमगार्ड का घर था। घर में जो गैस सिलेंडर रखा था उसमें रातभर गैस लीकेज हुई है। सुबह 4 बजे अचानक ही लीकेज गैस ने आग पकड़ ली। उस समय घर में होमगार्ड सोया हुआ था। धीरे-धीरे आग फैलने लगी।

### रिश्तेदारी में गया था परिवार

पड़ोसियों ने बताया, जयदेवी नंबर गली नंबर 6 में 50 साल के श्रीपाल का दोमंजिला मकान हैं। वह होमगार्ड हैं। परिवार में श्रीपाल की पत्नी रानी, बड़ा बेटा अभिनव, बहू है। छोटा बेटा अमन रहता है। दो बेटियों की शादी हो चुकी है।

दोनों बेटे प्राइवेट जॉब में हैं। शनिवार को श्रीपाल का पूरा परिवार नोएडा में रिश्तेदारी में साले के लड़के को देखने अस्पताल गए थे। घर पर श्रीपाल अकेले थे।

### लखनऊ में फर्नीचर हाउस में लगी आग


लखनऊ। लखनऊ के ठाकुरगंज थाना क्षेत्र में लालबाग स्थित फर्नीचर हाउस में रविवार दोपहर शार्ट सर्किट से आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। चौक फायर स्टेशन ने सूचना मिलते ही चौकी से दो सरोजनीनगर और आलबाग से एक-एक गाड़ी के साथ चौक फायर स्टेशन से वाटर ब्राउजर भेजा गया। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया। ठाकुरगंज के लालबाग जेआरएन लेन निवासी अनिल कुमार का दो मंजिला मकान है। जिसमें भूतल पर फर्नीचर हाउस है। वहीं प्रथम तल पर आवास है। फर्नीचर हाउस में आग लगने से आग की लपटें आवास तक पहुंच गई। इस बीच आसपास के लोगों के शोर मचाने पर अनिल को घटना की जानकारी हुई। सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने घर को दो तरफ से कवर करके आग बुझाना शुरू किया। दमकल की एक टीम ने प्रथम तक से खिड़की दरवाजे तोड़कर अंदर जाने का रास्ता बनाया। जिसके बाद एक टीम ऊपर से और एक टीम नीचे से आग पर पानी डालना शुरू किया।

# 10 दिनों से लापता अफजाल का शव बरामद, 3 गिरफ्तार

**एसएसपी बोले- पैसे के लेनदेन को लेकर मारा, दफनाने के लिए पहले से खोदा था गड्ढा**

देवबन्द। देवबंद में 10 दिनों से लापता हुए युवक की हत्या का रविवार को पुलिस खुलासा किया है। इस हत्याकांड में पुलिस ने तीन हत्यारोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस का कहना है कि पैसे के लेनदेन को लेकर मृतक युवक और तीनों आरोपियों के बीच मारपीट हुई थी। मारपीट की रंजिश के चलते तीनों आरोपियों ने षडयंत्र के तहत युवक की हत्या कर दी थी।

पुलिस ने मीना बाजार निवासी अफजाल उर्फ मोनू का शव हाईवे स्थित साईंधाम के निकट एक खेत में गड्ढा खोदकर दफनाया गया था। जिसे बरामद कर लिया है। इस हत्याकांड को अंजाम देने वाले उस्तान पुत्र सगीर निवासी मौहल्ला दुद्धा, महताब पुत्र आबिद निवासी सराय पीरजादगान, नरेन्द्र सैनी पुत्र ओमप्रकाश निवासी मौहल्ला दद्धा को शुगरमील के निकट से गिरफ्तार कर लिया।



### गला दबाकर की हत्या

पुलिस का कहना है कि अफजाल उर्फ मोनू की हत्या साजिश के तहत की गई। उसकी हत्या से पहले ही आरोपियों ने साईंधाम के निकट खेत में गडढा खुदवा दिया था। बाद में उसे बहाने से नवीन मंडी स्थल के निकट बुलाया गया और तीनों ने गला दबाकर उसकी हत्या कर दी और शव को पहले से खुदे हुए गड्ढे में दबा दिया।

### स्कूटी और मोबाइल नहर में फेंका

एसएसपी डा. विपिन ताडा ने बताया कि आरोपियों ने अफजाल की स्कूटी और मोबाइल आदि नहर में फेंक दिया। जिसकी तलाश की जा रही है। आरोपी मोबाइल कई दिनों तक अपने साथ लेकर घुमते रहे जिससे की किसी को उसकी हत्या का शक न हो और परिवार के लोग उसे लापता समझते रहे। अफजाल की पत्नी ने शनिवार को शिकायती पत्र भेजा था। एसएसपी के आदेश के बाद पुलिस सक्रिय हुई और बीती रात अफजाल का शव बरामद कर लिया। पत्नी आयशा की तहरीर पर उक्त तीनों आरोपियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

# शार्ट न्यूज

## इस्पात मंत्रालय ने सेल और एनएमडीसी के तीन निदेशकों को किया निलंबित

नई दिल्ली। इस्पात मंत्रालय ने स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के दो निदेशकों और राष्ट्रीय खनिज विकास निगम (एनएमडीसी) के निदेशक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। साथ ही सेल के 26 अन्य अधिकारियों को भी निलंबित किया गया है। यह कार्रवाई कदाचार के चलते की गई है। सेल ने बीएसई को बृहस्पतिवार को बताया कि उसने अपने आचार संहिता के उल्लंघन के चलते यह कार्रवाई की है। सेल ने बताया कि उसने अपने निदेशक (वाणिज्यिक) वीएस चक्रवर्ती और निदेशक (वित्त) एके तुल्सीआनी को निलंबित कर दिया है। ये दोनों बोर्ड स्तर के अधिकारी हैं। 26 अन्य अधिकारियों को भी तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। इनमें ईडी (वित्त एवं अकाउंट) एसके शर्मा, ईडी (वाणिज्यिक) विनोद गुप्ता, ईडी (सेल एवं आईटीडी) अतुल माथुर और ईडी (मार्केटिंग सर्विसेज) आरएम सुरेश भी शामिल हैं। सेल ने बताया कि यह मामला लोकपाल के निर्देशानुसार की जा रही कुछ जांचों से संबंधित है। इस मसले पर सेल अध्यक्ष अमरेंदु प्रकाश ने कहा कि कंपनी का कारोबार सामान्य रूप से चल रहा है और इससे कंपनी के प्रदर्शन पर कोई असर नहीं पड़ेगा। सेल इस्पात बनाने वाली देश की सबसे बड़े कंपनी है, जबकि एनएमडीसी बसे बड़ी लौह अयस्क उत्पादक इकाई है।

## भारत का बीते साल गुड्स एंड सर्विस एक्सपोर्ट 0.4 बढ़कर 765.6 अरब डॉलर पर

वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बावजूद बीते साल (2023 में) देश का वस्तुओं और सेवाओं का निर्यात मामूली 0.4 प्रतिशत की बढ़त के साथ 765.6 अरब अमेरिकी डॉलर रहा है। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। भारत के निर्यात को इलेक्ट्रॉनिक, दवा, सूती धागा, कपड़े और मेड-अप; सिरेमिक उत्पाद, मांस, डेयरी और पॉल्ट्री उत्पाद, फल और सब्जियां और सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र से मदद मिली है। आंकड़ों के अनुसार, पिछले कैलेंडर साल में वस्तुओं का निर्यात 4.71 प्रतिशत घटकर 431.9 अरब डॉलर पर आ गया। वहीं सेवाओं का निर्यात 7.88 प्रतिशत बढ़कर 333.8 अरब डॉलर पर पहुंचने अनुमान है। वस्तुओं का आयात भी पिछले साल सात प्रतिशत घटकर 667.73 अरब डॉलर रहा। 2022 में यह 720.2 अरब डॉलर था। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा जारी सेवा क्षेत्र के नवंबर 2023 तक के आंकड़े जारी किए गए हैं। दिसंबर 2023 का आंकड़ा मंत्रालय का एक अनुमान है। भारत के प्रमुख निर्यात गंतव्यों में अमेरिका, संयुक्त अरब अमीरात, नीदरलैंड, बांग्लादेश, ब्रिटेन और जर्मनी शामिल हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध, इजराइल-हमास संघर्ष और मालवाहक जहाजों पर यमन स्थित हुती विद्रोहियों के हमलों के कारण लाल सागर व्यापार मार्ग संकट के चलते माल लदान प्रभावित हुआ है।

## एफपीआई ने जनवरी में अबतक शेयरों से 13,000 करोड़ रुपये निकाले

विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने इस महीने के पहले तीन सप्ताह में अबतक काफी सतर्क रुख अपनाते हुए भारतीय शेयर बाजारों से 13,000 करोड़ रुपये से अधिक की निकासी की है। भारतीय शेयरों के ऊंचे मूल्यांकन और अमेरिका में बॉन्ड पर प्रतिफल बढ़ने की वजह से एफपीआई बिकवाल बने हुए हैं। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, इस रुख के उलट विदेशी निवेशक ऋण या बॉन्ड बाजार को लेकर उत्साहित हैं। उन्होंने समीक्षाधीन अवधि में बॉन्ड बाजार में 15,647 करोड़ रुपये डाले हैं। आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने इस महीने (19 जनवरी तक) में भारतीय शेयरों से 13,047 करोड़ रुपये की निकासी की है। उन्होंने 17-19 जनवरी के दौरान 24,000 करोड़ रुपये से अधिक के शेयर बेचे। इससे पहले दिसंबर में एफपीआई ने शेयरों में शुद्ध रूप से 66,134 करोड़ रुपये और नवंबर में 9,000 करोड़ रुपये डाले थे। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार ने कहा, ''एफपीआई की बिकवाली के दो कारण हैं। एक अमेरिका में बॉन्ड प्रतिफल बढ़ रहा है। 10 साल के बॉन्ड पर प्रतिफल 3.9 प्रतिशत के हालिया स्तर से बढ़कर 4.15 प्रतिशत हो गया है, जिससे उभरते बाजारों से पूंजी निकासी हो रही है।'' उन्होंने कहा कि दूसरी वजह भारत में शेयरों का ऊंचा मूल्यांकन है।


## सिर्फ जीरो एमिशन कारें ही एयर पॉल्यूशन घटाने, ऑयल इंपोर्ट कम करने में मददगार

टाटा मोटर्स पैसेंजर वेहिकल्स के प्रबंध निदेशक शैलेश चंद्रा का मानना है कि केवल शून्य उत्सर्जन वाली कारें ही वायु प्रदूषण में कमी लाने, ईंधन आयात घटाने और शुद्ध शून्य उत्सर्जन के लक्ष्य को हासिल करने में मदद कर सकती हैं। उद्योग के एक वर्ग द्वारा हाइब्रिड कारों पर लगाए गए करों में कटौती की मांग के बीच चंद्रा ने कहा कि ऐसे वाहन शुद्ध शून्य उत्सर्जन लक्ष्य को प्राप्त करने, वायु गुणवत्ता के स्तर में सुधार और जीवाश्म ईंधन आयात को कम करने के प्रमुख राष्ट्रीय उद्देश्यों के साथ मेल नहीं खाते हैं। उन्होंने कहा कि कारों में हाइब्रिड और सीएनजी प्रौद्योगिकियां ईंधन दक्षता में सुधार करने और उत्सर्जन-संबंधी नियामकीय अनुपालन को पूरा करने में मदद करती हैं, लेकिन इसकी तुलना शुद्ध बैटरी इलेक्ट्रिक वाहनों से नहीं की जा सकती। चंद्रा ने पीटीआई-भाषा से बातचीत में कहा, ''सरकार पहले से ही कम कराधान के जरिये हाइब्रिड वाहनों को समर्थन दे रही है और इन्हें इलेक्ट्रिक वाहनों के समान लाने की कोई जरूरत नहीं है।'' उन्होंने कहा कि हाइब्रिड कारों की तुलना इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) से नहीं की जा सकती क्योंकि वे अनिवार्य रूप से प्रदूषण फैलाने वाले 'जीवाश्म ईंधन' पर चलती हैं।

## केज की चेन टूटने से विस्टेक्स के सीईओ की मौत

नई दिल्ली। सॉफ्टवेयर फर्म विस्टेक्स के सीईओ संजय शाह की गुरुवार को हैदराबाद में आयरन केज से गिरने से मौत हो गई। वहीं कंपनी के प्रेसिडेंट की हालत गंभीर है। रामोजी फिल्म सिटी में कंपनी सिल ?वर जुबली सेलिब्रेशन के दौरान केज की चेन टूटने से यह हादसा हुआ। समारोह के दौरान, संजय शाह (56) और प्रेसिडेंट राजू दतला (52) एक आयरन केज में चढ़ गए, जिसका निचला भाग मेटल का था और लकड़ी की फेंस थी। केज 6 मिमी केबल के जरिए 25 फीट की ऊंचाई पर क्रेन से लटका हुआ था। केज को जब नीचे ले जाया जा रहा था, तो केबल एक तरफ से टूट गई और वे दोनों कंक्रीट स्टेज पर गिर गए। दुर्घटना के बाद शाह और दतला को अस्पताल ले जाया गया। इलाज के दौरान शाह की मृत्यु हो गई, और उनके सहयोगी की हालत गंभीर है। अब्दुल्लापुरमेट के एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि संजय शाह का पोस्टमॉर्टम हो गया है और शव परिवार को सौंप दिया गया है। शिकायत के बाद, रामोजी फिल्म सिटी मैनेजमेंट (उषा किरण इवेंट्स) और रामोजी फिल्म सिटी के सीनियर इवेंट मैनेजर रितिक चटर्जी समेत अन्य पर केस दर्ज किया गया है। विस्टेक्स एक इलिनोइस बेस्ड फर्म है, जो रेवेन्यू मैनेजमेंट सॉल्यूशन और सर्विस प्रोवाइड कराती है। कंपनी के ग्लोबल लेवल पर 20 ऑफिस हैं और 2,000 से ज्यादा कर्मचारी हैं।

# वैश्विक रुख और तिमाही नतीजों का रहेगा बाजार पर असर




मुंबई। ब्याज दरों में कटौती शुरू होने और चीन की अर्थव्यवस्था के पटरी पर लौटने की उम्मीद से जूझ रहे निवेशकों के कमजोर रुझान और ऊंचे भाव पर हुए करेक्शन के दबाव में बीते सप्ताह करीब सवा फीसदी लुढ़के शेयर बाजार पर अगले सप्ताह वैश्विक रुख और कंपनियों के तिमाही नतीजों का असर रहेगा।

बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स ने 885.22 अंक अर्थात 1.22 प्रतिशत का गोता लगाया और 73 हजार के सर्वकालिक उच्चतम शिखर से लुढ़ककर सप्ताहांत पर 71683.23 अंक रह गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 272.15 अंक यानी 1.24 प्रतिशत की गिरावट लेकर 21622.40 अंक पर आ गया।

समीक्षाधीन सप्ताह दिग्गज कंपनियों की तरह छोटी कंपनियों में बिकवाली हुई लेकिन मझौली कंपनियों के शेयरों में तेजी का रुख रहा। इससे बीएसई का मिडकैप जहां 329.34 अंक अर्थात 0.9 प्रतिशत उछलकर 38204.77 अंक पर पहुंच गया। वहीं, स्मॉलकैप 63.01 अंक की मामूली गिरावट के साथ 44440.69 अंक पर रहा।

विश्लेषकों के अनुसार, अमेरिकी अर्थव्यवस्था के मजबूत आंकड़ों और बॉण्ड यील्ड में तेजी रहने से फेडरल रिजर्व के ब्याज दरों में शीघ्र कटौती शुरू करने की उम्मीद धूमिल हुई है। साथ ही स्थानीय स्तर पर ऊंचे भाव पर करेक्शन भी देखा गया। बीते सप्ताह इन कारकों से बाजार दबाव में रहा। हालांकि सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) और टेक कंपनियों के मजबूत प्रदर्शन ने बाजार को सम्भाला।

सप्ताहांत पर उद्योगपति मुकेश अंबानी की पेट्रोलियम से लेकर दूरसंचार और रिटेल आदि क्षेत्रों में कारोबार करने वाली देश की सबसे बड़ी निजी कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही का परिणाम आया है। इसमें कंपनी ने 19641 करोड़ रुपये का सकल शुद्ध लाभ कमाया है, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 17706 करोड़ रुपये की तुलना में 11 प्रतिशत अधिक है। अगले सप्ताह रिलायंस के परिणाम का बाजार पर असर रहेगा।

इसके अलावा अगले सप्ताह टाटा स्टील, जेएसडब्ल्यू स्टील, आईओसी, टेक महिंद्रा, एक्सिस बैंक, इण्डियन बैंक, यूको बैंक, कैनरा बैंक और आईसीआरए जैसी दिग्गज कंपनियों के दिसंबर में समाप्त तिमाही के परिणाम आने वाले हैं।बाजार को दिशा देने में तिमाही नतीजों की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी।

साथ ही 30-31 जनवरी को अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेड रिजर्व की द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक होने वाली है।

ब्याज दरों में कटौती शुरू होने की उम्मीद को लेकर अगले सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिनों में बाजार इस पर प्रतिक्रिया दे सकता है। वहीं, विदेशी संस्थागत निवेशकों के निवेश प्रवाह का भी बाजार प्रभाव रहेगा क्योंकि पिछले साल नवंबर और दिसंबर में बम्पर निवेश के बाद जनवरी 2024 में अबतक एफआईआई 23,583.70 करोड़ रुपये की शुद्ध बिकवाली कर चुके हैं।

चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही के मजबूत नतीजों की बदौलत आईटी और टेक कंपनियों में छह प्रतिशत से अधिक की तेजी से सोमवार को सेंसेक्स 759.49 अंक की छलांग लगाकर पहली बार 73 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 73,327.94 अंक और निफ्टी 202.90 अंक यानी 0.93 प्रतिशत उछलकर 22,097.45 अंक पर पहुंच गया। वहीं, विश्व बाजार के कमजोर रुझान के बीच स्थानीय स्तर पर ऊंचे भाव पर हुए करेक्शन के दबाव में मंगलवार को सेंसेक्स 199.17 अंक लुढ़ककर 73,128.77 अंक और निफ्टी 65.15 अंक गिरकर 22,032.30 अंक पर आ गया।

इसी तरह ब्याज दर में कटौती और चीन की अर्थव्यवस्था के पटरी पर लौटने की उम्मीद से जूझ रहे निवेशकों के कमजोर रुझान से विश्व बाजार में आई गिरावट के बीच स्थानीय स्तर पर जारी तिमाही नतीजे में एचडीएफसी बैंक के ऋण-जमा अनुपात के खतरनाक स्तर पर पहुंचने से इस हैवीवेट बैंक के शेयरों के करीब साढ़े आठ प्रतिशत लुढ़कने से बुधवार को शेयर बाजार में कोहराम मच गया। सेंसेक्स 1628.01 अंक का गोता लगाकर 71,500.76 अंक और निफ्टी 460.35 अंक लुढ़ककर 21,571.95 अंक पर आ गया।

अमेरिका के मजबूत आर्थिक आंकड़े और बॉण्ड यील्ड में तेजी के बीच ब्याज दरों में कटौती में हो रहे विलंब के दबाव में स्थानीय स्तर पर कंज्यूमर डयूरेबल्स, यूटिलिटीज, पावर और वित्तीय सेवाएं समेत बारह समूहों में हुई बिकवाली से गुरुवार को सेंसेक्स 313.90 अंक लुढ़ककर 71,186.86 अंक और निफ्टी 109.70 अंक टूटकर 21,462.25 अंक पर रहा। वहीं, विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर रिलायंस समेत कई दिग्गज कंपनियों के जारी होने वाले तिमाही नतीजे को लेकर उत्साहित निवेशकों की चौतरफा लिवाली की बदौलत शुक्रवार को सेंसेक्स 496.37 अंक की छलांग लगाकर 71,683.23 अंक और निफ्टी 160.15 अंक उछलकर 21,622.40 अंक हो गया।

# दिल्ली बाजार : खाद्य तेलों में गिरावट

नयी दिल्ली। विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर पड़ने से बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में गिरावट रही जबकि अन्य जिंसों में मिलाजुला रुख रहा।

तेल-तिलहन: वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का फरवरी वायदा सप्ताहांत पर 195 रिंगिट उबलकर 3955 रिंगिट प्रति टन हो गया। वहीं, फरवरी का अमेरिकी सोया तेल वायदा 1.5 सेंट की गिरावट के साथ 47.91 सेंट प्रति पौंड बोला गया। सप्ताहांत पर खाद्य तेलों में गिरावट का रुख रहा।

इस दौरान सरसों तेल 74 रुपये, मूंगफली तेल 147 रुपये, सूरजमुखी तेल 74 रुपये, सोया रिफाइंड 146 रुपये, पाम ऑयल 133 रुपये और वनस्पति तेल 134 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हो गया।

सप्ताहांत पर सरसों तेल 13113 रुपये प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 19633 रुपये प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 12160 रुपये प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 10989 रुपये प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 8000 रुपये प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 9666 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा।

दाल-दलहन : बीते सप्ताह दाल-दलहन के बाजार में मिलाजुला रुख रहा। चना 50 रुपये, दाल चना 50 रुपये और मूंग दाल 150 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हो गई जबकि अरहर दाल में 500 रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट रही। वहीं, मसूर दाल और उड़द दाल के भाव पड़े रहे।

सप्ताहांत पर चना 5550-5650, दाल चना 6550-6650, मसूर काली 7350-7450, मूंग दाल 9700-9800, उड़द दाल 10000-10100, अरहर दाल 12000-12100 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

अनाज : अनाज मंडी में रुझान मिश्रित रहा। साप्ताहांत पर चावल 50 रुपये प्रति क्विंटल गिर गया जबकि गेहूं के भाव स्थिर रहे।

इस दौरान (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2600-2700 रुपये और चावल 2700-2800 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

चीनी-गुड़: बीते सप्ताह मीठे के भाव में मिलाजुला रुख रहा। गुड़ 50 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हो गया जबकि चीनी की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ।

साप्ताहांत पर चीनी एस 3590-3690, चीनी एम. 4150-4250, मिल डिलीवरी 3470-3570 और गुड़ 4550-4650 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये।

## विदेशी मुद्रा भंडार 1.6 अरब डॉलर बढ़कर 618.9 अरब डॉलर पर

मुंबई । विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में बढ़ोतरी होने से 12 जनवरी को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 1.6 अरब डॉलर बढ़कर 618.9 अरब डॉलर हो गया। वहीं, इसके पिछले सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार 5.9 अरब डॉलर घटकर 617.3 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 12 जनवरी को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 1.9 अरब डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 548.5 अरब डॉलर पर पहुंच गयी। वहीं, इस अवधि में स्वर्ण भंडार 24.2 करोड़ डॉलर कम होकर 47.2 अरब डॉलर रह गया।

## सोना तथा चांदी में मिश्रित रंगत

**इंदौर।** सप्ताहांत सोना तथा चांदी में मिश्रित रंगत दर्ज की गई। सप्ताहांत सोना मजबूत बना रहा। चांदी में 500 रुपये की कमी हुई। कारोबार की शुरुआत में सोना 63700 रुपये पर खुलने के बाद शनिवार के दिन 63700 रुपये प्रति दस ग्राम होकर थमा। चांदी में व्यापार की शुरुआत 73100 रुपये पर हुई वहीं शनिवार के दिन 72600 रुपये बिकी। कामकाज में सोना ऊंचे में 63700 नीचे में 63250 रुपये प्रति 10 ग्राम बिका। व्यापार में चांदी ऊपर में 73100 तथा नीचे 72500 रुपये प्रति किलोग्राम बिकी। चांदी सिक्का पूछपरख से मजबूत बताया गया। विदेशी बाजार में सोना 2029 डॉलर तथा चांदी 2270 सेन्ट प्रति औंस बिकी।

## सोयाबीन रिफाइंड तेल में गिरावट

इंदौर। सप्ताहांत खाद्य तेलों में पूछपरख सुस्ती से मूंगफली तेल 10 रुपये तथा सोयाबीन रिफाइंड के भाव 15 रुपये नीचे बोले गए। आवक कमी से तिलहनों में भाव ऊपर नीचे हुए। कारोबार के अंतिम दिन मंडी में नए रायडे का मुहूर्त हुआ। कारोबार की शुरूआत में मूंगफली तेल 1570 से 1590 रुपये प्रति किलोग्राम खुला जो शनिवार को 1560 से 1580 रुपये प्रति 10 किलोग्राम होकर बंद हुआ। सोयाबीन रिफाइंड 915 से 920 रुपये पर खुलकर 900 से 905 रुपये बिका। पाम तेल 880 से 885 रुपये खुलकर 895 से 900 होकर बंद हुआ। तिलहन जिन्सों में मांग से भाव तेजी लिए बताए गए। सरसों महंगा बिका। कारोबार के अंतिम दिन मंडी में नए रायडे का मुहूर्त हुआ। शाजापुर लाइन का 92 कट्टा रायडा भवी ट्रेडर्स (मोती सुगन) के यहां आया जो दलाल सुरेश हेड़ा के मार्फत मोहनलाल एंड सन्स को 5101 रुपये में बिका।

## चना कांटा में गिरावट, तुअर महंगी

इंदौर। स्थानीय संयोगितागंज अनाज मंडी में दलहन कामकाज मिश्रित रंगत लिए रहा। मांग से चना कांटा के भाव कम हुए वहीं तुअर महंगी बिकी। मूंग तथा उड़द के भाव एक सा स्तर लिए रहे। दालों के भाव ऊपर नीचे हुए। चावल में उठाव सुधार लिए बताया गया। सप्ताहांत चना कांटा 5750 से 5800 रुपये खुलने के बाद 5650 से 5700 रुपये होकर थमा। मूंग 8600 से 9600 रुपये पर खुलने के बाद नीचे में 7000 रुपये बिकी। हालांकि सप्ताहांत इसमें सौदे 8500 से 9600 रुपये प्रति क्विंटल पर हुए। कारोबार में तुअर 8500 से 9700 रुपये खुलने के बाद महंगी होकर 8800 से 10400उड़द 8200 से 8700, मसूर 6050 से 6100 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर खुलने के बाद इसी स्तर पर बंद हुई। दालें मांग से ऊपर नीचे हुई। सप्ताहांत तुअर दाल के भाव ऊपर नीचे हुए।

## शक्कर में मांग कमी

इंदौर। सियागंज किराना बाजार में सप्ताहांत ग्राहकी ऊपर नीचे होती रही। शक्कर मांग घटने से सस्ती बिकी। खोपरा गोला तथा हल्दी में उठाव सुधार लिए रहा जिससे भाव मजबूत रहे। खोपरा बूरा एवं साबूदाना में पूछपरख बताई गई। स्थानीय किराना बाजार में सोमवार को शक्कर 3920 से 3940 रुपये प्रति क्विंटल खुलने के शनिवार को 3860 से 3900 रुपये के स्तर पर थमी। शक्कर की दैनिक आवक 03 से 04 गाड़ी की रही। खोपरा गोला 95 से 125 रुपये खुलकर इसी स्तर पर थमा। हल्दी में पूछपरख सुधार लिए बताई गई। इसमें 140 से 270 रुपये की रंगत पर सौदे हुए। खोपरा बूरा के दामों में मजबूती दर्ज की गई।

# बजट में सोने, तराशे और पॉलिश किए गए हीरों पर इंपोर्ट ड्यूटी में कटौती हो



आम बजट से पहले रत्न एवं आभूषण निर्यात संवर्द्धन परिषद ने सरकार से सोने और कटे व पॉलिश हीरे पर आयात शुल्क कम करने का आग्रह किया है ताकि क्षेत्र को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बने रहने में मदद मिल सके।

### आयात शुल्क 15 प्रतिशत से घटाकर 4 प्रतिशत करने की मांग

भारत का रत्न और आभूषण उद्योग सोने, हीरे, चांदी और रंगीन रत्नों सहित कच्चे माल के लिए आयात पर निर्भर है। GJEPC कीमती धातुओं पर आयात शुल्क को मौजूदा 15 प्रतिशत से घटाकर चार प्रतिशत करने की मांग कर रही है। इसमें CPD पर सीमा शुल्क को मौजूदा पांच प्रतिशत से घटाकर 2.5 प्रतिशत करने की मांग की गई है। निकाय ने सरकार से 'डायमंड इंप्रेस्ट लाइसेंस' को फिर से शुरू करने और आयात शुल्क में कटौती करने का आग्रह किया।

GJEPC ने कहा कि यह भारतीय सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों से जुड़े हीरा निर्यातकों को उनके बड़े समकक्षों के साथ समान अवसर प्रदान करेगा, हीरा कारोबारियों को हीरा खनन गंतव्यों में निवेश से रोकेगा और कारखानों में हीरे के वर्गीकरण और बिना तराशे हीरे के प्रसंस्करण के मामले में अधिक रोजगार प्रदान करेगा। परिषद ने सरकार से सेफ हार्बर नियम के माध्यम से विशेष अधिसूचित क्षेत्रों में कच्चे हीरों की बिक्री की लंबे समय से लंबित मांग पर विचार करने और स्ह्न के माध्यम से संचालन के लिए पात्र संस्थाओं के दायरे का विस्तार करने का आग्रह किया है।

वर्तमान में, स्ह्नं में खनन देशों द्वारा केवल प्रदर्शन सत्र आयोजित किए जाते हैं। परिषद ने यह भी आग्रह किया कि स्ह्नं को उस समय मुक्त व्यापार भंडारण क्षेत्र (एफटीडब्ल्यूजेड) के रूप में भी कार्य करने की अनुमति दी जानी चाहिए, जब इसका उपयोग विदेशी खनन कंपनियों और इकाइयों द्वारा नहीं किया जाता है।

# उर्वरक और खाद्य सब्सिडी के लिए मिल सकते हैं 4 लाख करोड़ रुपये

केंद्र सरकार अगले वित्त वर्ष के लिए खाद्य व उर्वरक सब्सिडी के मद में 4 लाख करोड़ रुपये (48 अरब डॉलर) आवंटित कर सकती है। सरकार से जुड़े दो अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इससे संकेत मिलते हैं कि इस साल होने जा रहे आम चुनाव को देखते हुए सरकार सावधानी बरत रही है।

31 मार्च को समाप्त होने जा रहे चालू वित्त वर्ष में कुल 45 लाख करोड़ रुपये के बजट में खाद्य एवं उर्वरक सब्सिडी कुल बजट का नवां हिस्सा है।

दो सूत्रों ने कहा कि उपभोक्ता मामलों, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने अनुमान लगाया है कि अगले साल खाद्य सब्सिडी बिल 2.2 लाख करोड़ रुपये रहेगा। यह चालू वित्त वर्ष 2023-24 के लिए अनुमानित बिल 2 लाख करोड़ रुपये की तुलना में 10 प्रतिशत अधिक है।

सूत्र ने कहा कि इसके साथ ही अगले वित्त वर्ष का उर्वरक सब्सिडी बिल 1.75 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान है, जो चालू वित्त वर्ष की अनुमानित 2 लाख करोड़ रुपये सब्सिडी की तुलना में कम है। सब्सिडी पर फैसला करने से सीधे जुड़े सूत्र ने यह कहकर नाम सार्वजनिक करने से मना किया कि वह मीडिया से बातचीत के लिए अधिकृत नहीं हैं।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 1 फरवरी को 2024-25 को बजट पेश करेंगी।

# ईपीएफओ से बाहर निकले 10.67 लाख सदस्य

## लेकिन निकाय में फिर जुड़ गए, श्रम और रोजगार मंत्रालय का दावा




नई दिल्ली। श्रम और रोजगार मंत्रालय ने शनिवार को जारी पेरोल आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि करीब 10.67 लाख सदस्य कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) से बाहर निकले थे, लेकिन फिर से इससे जुड़ गए। दरअसल, इन सदस्यों ने अपनी नौकरी बदली और ईपीएफओ के दायरे में आने वाले दूसरे प्रतिष्ठानों में फिर शामिल हो गए। मंत्रालय ने कहा, उन्होंने अपने जमा पैसे को स्थानांतरित करने का विकल्प चुना, जिससे उनकी सामाजिक सुरक्षा बढ़ गई।

मंत्रालय ने कहा कि आज जारी किए गए पेरोल आकंड़ों में इस बात पर प्रकाश डाला गया है कि ईपीएफओ ने 2023 में 13.95 लाख सदस्य जोड़े हैं। चालू वित्त वर्ष के सदस्यों की संख्या में वृद्धि पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में ज्यादा बनी हुई है। नए शामिल सदस्यों में 18 से 25 वर्ष के आयु वर्ग महीने के दौरान जोड़े गए कुल नए सदस्यों का 57.30 फीसदी है। यह दिखाता है कि देश के सगंठित क्षेत्र में कार्यबल में शामिल होने वाले ज्यादातर युवा हैं, जो पहली बार नौकरी कर रहे हैं।

इसने आगे कहा, पेरोल आंकड़े बताते हैं कि करीब 10.67 लाख सदस्य ईपीएफओ से बाहर निकले और फिर इससे जुड़ गए। वास्तव में इन सदस्यों ने अपनी नौकरी बदल दी थी। लेकिन, ये सदस्य फिर ईपीएफओ के दायरे में आने वाले प्रतिष्ठानों में शामिल हो गए।

इन सदस्यों ने अंतिम निपटान के लिए आवेदन करने के बजाय अपने जमा पैसे को स्थानांतरित (ट्रांसफर) करने का विकल्प चुना। इस प्रकार उनकी सामाजिक सुरक्षा बढ़ गई।

# 2 फरवरी से शुरू होगा बजट सेशन, 6 तारीख को विधानसभा में पेश होने की संभावना

उत्तर प्रदेश की योगी सरकार 6 फरवरी को वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए सालाना बजट पेश कर सकती है। उत्तर प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र की शुरुआत दो फरवरी को हो रही है। लोकसभा चुनाव का साल होने के चलते इस बार के बजट में कई लोकलुभावन योजनाओं का एलान किया जा सकता है।

विधानसभा सचिवालय के मुताबिक राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने बजट सत्र के आयोजन की अधिसूचना जारी कर दी है। इससे पहले प्रदेश मंत्रिपरिषद ने बजट सत्र के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी थी। विधानसभा का सत्र 9 फरवरी तक चलने की संभावना जताई जा रही है। माना जा रहा है कि 5 अथवा 6 फरवरी को सालाना बजट पेश किया जा सकता है।

लोकसभा चुनावों के चलते इस बार का बजट 7.50 लाख करोड़ रुपये से अधिक का हो सकता है। बीते साल प्रदेश सरकार ने 6.90 लाख करोड़ रुपये का बजट पेश किया था।

इसके बाद बीते साल नवंबर में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने 28760.67 करोड़ रुपये का अनुपूरक बजट पेश किया था। इस बार चुनावों के चलते योगी सरकार भारी भरकम बजट पेश कर सकती है।

बजट में विकास की नई योजनाओं के साथ ही चल रही बड़ी परियोजनाओं जैसे गंगा एक्सप्रेस वे, जेवर एयरपोर्ट, बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण व मेट्रो परियोजनाओं के लिए धनराशि का आवंटन किया जा सकता है।

बजट सत्र के लिए सर्वदलीय बैठक पहली फरवरी को बुलाई जाएगी और उसी दिन कार्यमंत्रणा समिति की भी बैठक होगी।

सत्र में प्रयागराज के उमेश पाल हत्याकांड के साथ ही माफिया अतीक और अशरफ की हत्या के मामले की न्यायिक जांच की रिपोर्ट पेश की जा सकती है। निजी विश्वविद्यालयों की स्थापना के प्रस्तावों को मंजूरी मिल सकती है।

लोकसभा चुनावों से ठीक पहले होने वाले इस सत्र में विपक्ष की ओर से गन्ना मूल्यों में मामूली बढ़ोतरी, किसानों की समस्याएं व कानून व्यवस्था के मुद्दे पर हंगामे की उम्मीद है।

# अप्रैल-दिसंबर में बिजली की मांग 8 प्रतिशत बढ़कर 1,221.15 अरब यूनिट पर पहुंची

देश में बिजली की खपत चालू वित्त वर्ष के पहले नौ माह में लगभग आठ प्रतिशत बढ़कर 1,221.15 अरब यूनिट (बीयू) हो गई है। यह आर्थिक गतिविधियों में तेजी का संकेत है। अप्रैल-दिसंबर, 2022-23 में देश में बिजली की मांग 1,132.11 अरब यूनिट रही थी। उद्योग विशेषज्ञों ने कहा कि चालू वित्त वर्ष के पहले नौ माह में बिजली की खपत में आठ प्रतिशत की बढ़ोतरी आर्थिक गतिविधियों में बढ़ोतरी का संकेत है। पूरे वित्त वर्ष 2022-23 में बिजली की खपत 1,504.26 अरब यूनिट थी, जो कि 2021-22 में 1,374.02 अरब यूनिट थी। बिजली मंत्रालय ने अनुमान लगाया था कि 2023 में गर्मियों के दौरान देश की बिजली की मांग 229 गीगावाट तक पहुंच जाएगी। बेमौसम बारिश के कारण अप्रैल-जुलाई में मांग अनुमानित स्तर तक नहीं पहुंच पाई। हालांकि, जुलाई, 2023 में 209.03 गीगावाट तक गिरने से पहले जून में अधिकतम मांग 224.1 गीगावाट की नई ऊंचाई को छू गई।

नई दिल्ली
सोमवार 22 जनवरी 2024
Www.gauravshalibharat.com

## शार्ट न्यूज

### सात्विकसाईराज -चिराग की जोड़ी इंडियन ओपन के फाइनल में विश्व चैंपियन से हारी

नयी दिल्ली। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय जोड़ी को रविवार को इंडिया ओपन 2024 पुरुष युगल के फाइनल मुकाबले में विश्व चैंपियन दक्षिण कोरिया के कांग मिन ह्युक और सियो सेउंग जे की जोड़ी से हार का सामना करना पड़ा। विश्व बैडमिंटन रैंकिंग में दूसरे स्थान पर मौजूद रंकीरेड्डी और शेट्टी दुनिया की तीसरे नंबर की कोरियाई जोड़ी से एक घंटे और पांच मिनट तक चले मैच में 21-15, 11-21, 18-21 से हरा दिया। चिराग-सात्विक ने पहले गेम में लगातार जवाबी हमले जारी रखे और ब्रेक तक 11-9 की बढ़त हासिल कर ली। इसके बाद कुछ अच्छे शॉट लगाते हुए भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों ने 19-13 पर छह अंकों की बढ़त बना ली और शुरुआती गेम 18 मिनट में ही समाप्त कर दिया। कोरियाई शटलरों ने दूसरे गेम में बैक कोर्ट का अच्छा इस्तेमाल किया और भारतीय शटलरों को कुछ गलतियां करने के लिए मजबूर कर दिया और भारतीय जोड़ी 11-5 के स्कोर पर छह अंक पीछे हो गई।

### माध्यमिक शिक्षा विभाग ने जीती चैंपियनशिप ट्रॉफी

देहरादून। उत्तराखंड के देहरादून में रविवार को सचिवालय एथलेटिक्स एवं फिटनेस क्लब के तत्वावधान में तृतीय अंतर विभागीय सचिवालय एथलेटिक्स मीट 2024 का आयोजन हुआ। जिसमें माध्यमिक शिक्षा विभाग ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर, चैंपियनशिप ट्राफी अपने नाम की। महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज में आयोजित इस चैंपियनशिप में राज्य के 18 विभिन्न शासकीय विभागों के 200 कर्मियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। शिक्षा विभाग ने 18 गोल्ड मेडल जीतने के साथ ओवरऑल चैंपियनशिप अपने विभाग के नाम की। इस एथलेटिक्स प्रतियोगिता का शुभारंभ पूर्व ओलंपियन मनीष रावत द्वारा किया गया। इस अवसर पर, सफल बनाने में क्लब के अध्यक्ष ललित चंद्र जोशी, महासचिव राजेंद्र प्रसाद जोशी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रीता कौल, मुख्य सलाहकार जीवन सिंह बिष्ट की संरक्षक देवेंद्र पालीवाल, कोषाध्यक्ष दिनेश घींगा कार्यालय सचिव सुभाष लोहनी, निधि एवं क्लब के गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### जोकोविच, मन्नारिनो को हराकर क्वार्टर फाइनल में

मेलबर्न। सर्बिया के नोवाक जोकोविच पुरुष एकल मुकाबले में आज एड्रियन मन्नारिनो को 6-0, 6-0, 6-3 से हराकर 14वीं बार ऑस्ट्रेलियन ओपन के क्वार्टरफाइनल में पहुंच गये है। इस जीत के साथ ही जोकोविच ने मन्नारिनो के खिलाफ अपने अजेय रिकॉर्ड को 5-0 कर दिया। यह मेलबर्न पार्क में बाएं हाथ के खिलाड़ियों के खिलाफ अपने अपराजित रिकॉर्ड में एक और का इजाफा करते हुए 11-0 कर दिया है और यह उनकी लगातार 32वीं ऑस्ट्रेलियाई ओपन जीत है। इस जीत के साथ वह अपने 58वां ग्रैंड स्लैम क्वार्टरफाइनल में पहुंच गये। जोकोविच ने 20वीं वरीयता प्राप्त फ्रांसीसी खिलाड़ी को हराकर दुनिया के नंबर वन खिलाड़ी रोजर फेडरर के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। सातवीं वरीयता प्राप्त यूनान के स्टेफानोस सितसिपास और 12वीं वरीयता प्राप्त अमेरिकी टेनिस खिलाड़ी टेलर फ्रिट्ज के बीच होने वाले मैच के विजेता से जोकोविच का मुकाबला होगा।

### कोको, मैग्डेलेना को हराकर पहुंची क्वार्टर फाइनल में

मेलबर्न। अमेरिकी टेनिस स्टार कोको गॉफ रविवार को महिला एकल मुकाबले में मैग्डेलेना फ्रेच को सीधे सेटों में 6-1, 6-2 से हराकर पहली बार ऑस्ट्रेलियन ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई है आज यहां खेले गये मुकाबले में कोको ने बेहतर तकनीक और जोश का शानदार मुजाहिरा करते हुए एक घंटे तीन मिनट में मैग्डेलेना को 6-1, 6-2 से हराया। कोको का अगला मुकाबला पहली बार ग्रैंड स्लैम क्वार्टर फाइनलिस्ट यूक्रेन की मार्टा कोस्तयुक से होगा। कोस्त्युक ने रविवार को किआ एरेना में क्वालीफायर मारिया टिमोफीवा को 6-2, 6-1 से हराकर अंतिम आठ में पहुंची है। इसके साथ ही कोको ने सत्र में अपनी जीत के क्रम को जारी रखा है। अमेरिकी खिलाड़ी ने वर्ष के पहले सप्ताह में अपने ऑकलैंड खिताब का सफलतापूर्वक बचाव किया और अब 2024 में अब तक 9-0 शुरुआत को बरकरार रखा है।

### आईस हॉकी चौम्पियनशिप 2024 के दूसरे दिन में चार मैच आयोजित

काजा। आईस हॉकी एसोसियेशन आफ इंडिया, आईस हॉकी आफ लाहुल स्पिति एवं स्पिति जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान से 19 जनवरी से 24 जनवरी तक महिला वर्ग की 11वीं एवं पुरूष वर्ग की 13वीं राष्ट्रीय आईस हॉकी चौम्पियनशिप 2024 के दूसरे दिन में चार मैच आयोजित किए गए। पहला मैच पुरूष वर्ग में यूटी लद्दाख और महाराष्ट्र के बीच खेला गया, जिमसें यूटी लद्दाख ने एकतरफा जीत हासिल की। इस मैच में यूटी लद्दाख की ओर से 31 गोल किए गए। वहीं महाराष्ट्र की टीम खाता भी नहीं खोल पाई। वहीं दूसरा मैच पुरूष वर्ग में हिमाचल प्रदेश और राजस्थान के मध्य खेला गया जिसमें हिमाचल प्रदेश ने रोमांचक जीत हासिल की। हिमाचल प्रदेश की टीम ने 27 गोल किए। लेकिन राजस्थान टीम ने शून्य गोल किया। महिला वर्ग में पहला मैच आइटीबीपी और हिमाचल पद्रेश के बीच खेला गया। लेकिन हिमाचल प्रदेश की टीम एक ही गोल कर पाई जबकि आटीबीपी ने 7 गोल करके बढ़त अंतिम पल तक बनाई रखी और जीत हासिल की।

### सीरिया ने आईसी से नागरिकों पर इजरायली हमलों को रोकने का आह्वान किया

दमिश्क। सीरिया ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय (आईसी) से नागरिकों पर इजरायली हमलों को रोकने का आह्वान किया है। सीरियाई विदेश मंत्रालय ने दमिश्क पर इजरायली हवाई हमले के बाद एक बयान में यह बात कही है। हमले में कम से कम पांच लोग मारे गए। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, सीरिया अंतरराष्ट्रीय समुदाय से निर्दोष नागरिकों के खिलाफ ज़ायोनी इकाई द्वारा किए गए अपराधों और नरसंहारों को रोकने के लिए तत्काल उपाय करने का आह्वान करता है। ईरानी मीडिया ने शनिवार को बताया कि दमिश्क पर इजरायल के हवाई हमले में ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) के पांच सैन्य सलाहकार मारे गए, जिनमें कुद्स फोर्स की खुफिया सेवा का एक कमांडर भी शामिल था। सीरियाई रक्षा मंत्रालय ने कहा कि हमले के कारण कई नागरिक भी मारे गए और घायल हुए।

### उ. कोरिया ने पानी के भीतर परमाणु हथियार प्रणाली का किया परीक्षण

प्योंगयांग। उत्तर कोरिया ने दक्षिण कोरिया, अमेरिका और जापान के संयुक्त सैन्य अभ्यास के जवाब में पानी के अंदर परमाणु हथियार प्रणाली का परीक्षण किया है। सरकारी मीडिया ने कहा कि पानी के नीचे ड्रोन, जो कथित तौर पर परमाणु हथियार ले जा सकता है, का पूर्वी तट पर परीक्षण किया गया। दक्षिण कोरिया ने पहले कहा था कि परीक्षण किए जाने का कोई अन्य सबूत नहीं है और ड्रोन की क्षमता के बारे में उत्तर कोरिया का विवरण बढ़ा-चढ़ाकर बताया गया है। दक्षिण कोरिया के रक्षा मंत्रालय ने कहा, यह कोरियाई प्रायद्वीप और दुनिया में शांति के लिए खतरा है। उन्होंने आगे कहा, अगर उत्तर कोरिया सीधे तौर पर हमें उकसाता है, तो हम तत्काल, मजबूत एवं जबरदस्त तरीके से जवाब देंगे। उत्तर कोरिया ने पहले भी अपनी 'हेइल-5-23' प्रणाली के परीक्षण का दावा किया था, उत्तर कोरिया ने हाल के हफ्तों में सैन्य कार्रवाई तेज कर दी है। रविवार को उसने एक नई ठोस ईंधन वाली मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल तैनात करने का दावा किया। कोरियन सेंट्रल न्यूज़ एजेंसी (केसीएनए) की एक रिपोर्ट के अनुसार, शुक्रवार को उत्तर कोरिया ने कहा कि उसे वाशिंगटन, सोल और टोक्यो द्वारा पानी के नीचे हथियारों का परीक्षण करने के लिए संयुक्त अभ्यास द्वारा उकसाया गया था।

## पाकिस्तान ने न्यूजीलैंड को आखिरी टी-20 में 42 से हराकर सीरीज में बचाई अपनी खास

क्राइस्टचर्च। इफ्तिखार अहमद के ऑलराउंड प्रदर्शन की बदौलत पाकिस्तान ने आज पांचवें और आखिरी टी-20 में मुकाबले में न्यूजीलैंड को 42 रन से हराकर श्रृंखला में क्लीन स्वीप होने से स्वयं को बचा लिया है।

न्यूजीलैंड ने पांच मैचों की टी-20 श्रृंखला 4-1 से अपने नाम कर ली। आखिरी मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान ने 20 ओवर में आठ विकेट पर 134 रन बनाए। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की टीम को पाकिस्तान ने 17.2 ओवर में 92 रन समेट कर मुकाबला जीत लिया। पाकिस्तान की इस जीत में स्पिनरों द्वारा झटके गये छह विकेटों अहम योगदान रहा। इफ्तिखार अहमद को प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया। वहीं फिन एलेन को प्लेयर ऑफ द सीरीज रहे।




135 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत भी खराब रही और उसने दूसरे ही ओवर में सलामी बल्लेबाज रचिन रवींद्र एक रन का विकेट गंवा दिया। पांचवें ओवर में फिन एलेन 22 रन बनाकर पवेलियन लौट गये। उन्हें जमान खान ने हसीबुल्लाह खान हाथों कैच आउट कराया। इसके बाद लगातार न्यूजीलैंड के विकेट गिरते रहे। टिम साइफर्ट 19 रन, विल यंग 12 रन, ग्लेन फिलिप्स ने 26 रन, और कप्तान मिचेल सैंटनर चार रन बनाकर आउट हुए। मैट हेनरी एक रन, ईश सोढ़ी एक रन और लोकी फर्ग्यूसन बिना खाता खोले आउट हुए। टिम साउदी चार रन बनाकर नाबाद रहे। न्यूजीलैंड के सात खिलाड़ी दहाई अंक के आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके और पूरी टीम 17.2 ओवर में 92 के स्कोर पर सिमट गई।

पाकिस्तान की ओर से इफ्तिखार अहमद ने तीन विकेट मिले। कप्तान शाहीन और नवाज ने दो-दो विकेट लिए। जमान खान और मीर को एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान की शुरुआत खराब रही और सलामी बल्लेबाज हसीबुल्लाह खान बिना कोई रन बनाये पहले ही ओवर में आउट हो गए। इसके बाद रिजवान ने बाबर आजम के साथ मिलकर दूसरे विकेट के लिए 53 रन की साझेदारी की। रिजवान 38 रन और बाबर 13 रन बनाकर आउट हुए। फखर जमान ने 16 गेंद में एक चौका और चार छक्के की मदद से 33 रन बनाये। मोहम्मद नवाज एक रन, इफ्तिखार अहमद पांच रन, शाहिबजादा फरहान 19 रन, शाहीन अफरीदी एक रन बनाकर पवेलियन लौट गये। अब्बास अफरीदी 14 रन और उसामा मीर एक रन बनाकर नाबाद रहे।

न्यूजीलैंड की ओर से टिम साउदी, मैट हेनरी, लोकी फर्ग्यूसन और ईश सोढ़ी को दो-दो विकेट बल्लेबाजों को आउट किया।

## रवि कुमार दहिया ने ग्रैंड प्रिक्स डी फ्रांस 2024 में जीता कांस्य पदक

एजेंसी

नीस। टोक्यो ओलंपिक के रजत पदक विजेता रवि कुमार दहिया ने ग्रैंड प्रिक्स डी फ्रांस हेनरी डेग्लेन 2024 कुश्ती टूर्नामेंट में कांस्य पदक जीता है।

शनिवार को फ्रांस के नीस में पुरुषों के 61 किग्रा फ्रीस्टाइल वर्ग के कांस्य पदक मुकाबले में भारत के स्टार पहलवान रवि दहिया ने कजाकिस्तान के कैरात अमिरतायेव के खिलाफ 10-4 से जीत दर्ज की। हालांकि दहिया पहले मिनट में 2-4 से पिछड़ गए लेकिन उन्होंने अपने अनुभव का इस्तेमाल करते हुए मुकाबला जीत लिया।

इससे पहले दहिया ने 16वें राउंड में तकनीकी श्रेष्ठता (13-2) के आधार पर जर्मनी के जूलियन ज़िन्सर को हराया, उसके बाद क्वार्टर फाइनल में कजाकिस्तान के जंगार काबिलबेकोव को 12-6 से हराया।

हालाँकि, भारतीय पहलवान को सेमीफाइनल में फ्रांस के अरमान एलॉयन के खिलाफ 6-3 से हार का सामना करना पड़ा और वह कांस्य पदक मुकाबले में पहुँच गए।

उल्लेखनीय है कि रवि कुमार दहिया ने आखिरी बार अंतरराष्ट्रीय मंच पर 2022 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में प्रतिस्पर्धा की थी। फरवरी में अभ्यास के दौरान उनके दाहिने घुटने में चोट लगने के बाद उन्हें अप्रैल 2023 में एशियाई चैंपियनशिप से बाहर कर दिया गया था।

जुलाई 2023 में एशियाई खेलों के लिए राष्ट्रीय ट्रायल के दौरान रवि कुमार दहिया की चोट बढ़ गई और उन्हें शेष वर्ष अभियान से बाहर होना पड़ा। वह बेलग्रेड में हुई पेरिस ओलंपिक के क्वालीफाइंग विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में प्रतिस्पर्धा नहीं कर पाये थे।

आगामी अभियानों में रवि कुमार दहिया के 61 किग्रा से 57 किग्रा भार वर्ग में आने की उम्मीद है। वह अप्रैल में किर्गिस्तान में एशियाई ओलंपिक गेम्स क्वालीफायर और मई में तुर्की में विश्व ओलंपिक क्वालीफायर में प्रतिस्पर्धा कर सकते है।

## गाजा पर इजरायली हमलों में मरने वालों की संख्या 25 हजार से अधिक

गाजा। गाजा पट्टी पर गत वर्ष सात अक्टूबर के बाद से इजरायली हमलों में मरने वालों की संख्या बढ़कर 25,105 हो गई है जबकि 62,600 से अधिक अन्य घायल हो गए हैं। सात अक्टूबर के बाद से इजरायल-हमास संघर्ष बढ़ गया है। एन्क्लेव के स्वास्थ्य मंत्रालय ने रविवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा, पिछले साल सात अक्टूबर से इजरायली आक्रामकता के पीड़ितों की संख्या बढ़कर 25,105 हो गई है, जबकि 62,681 लोग घायल हुए हैं। मंत्रालय ने कहा कि पिछले 24 घंटों में गाजा में करीब 178 लोग मारे गए और 293 घायल हुए। फिलिस्तीनी कट्टरपंथी आंदोलन हमास ने सात अक्टूबर, 2023 को गाजा पट्टी से इज़रायल के खिलाफ बड़े पैमाने पर रॉकेट हमला किया। जब हमास के लड़ाकों ने न केवल सीमा का उल्लंघन किया बल्कि सेना और नागरिकों पर गोलीबारी की।

## हॉकी5एस महिला विश्वकप 2024 के लिए भारतीय टीम ओमान रवाना

बेंगलुरु। एफआईएच हॉकी5एस महिला विश्वकप 2024 के नये छोटे संस्करण में भाग लेने के लिए आज भारतीय महिला टीम ओमान के लिए रवाना हो गई है

इस टूर्नामेंट से अंतरराष्ट्रीय महासंघ को खेल में नई प्रतिभाओं को आकर्षित करने की उम्मीद है।

भारतीय महिला टीम ने इस नए प्रारूप के आयोजन में हिस्सा लेने लिए रविवार सुबह बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा (केआईए) से मस्कट, ओमान रवाना हुई।

भारतीय महिला हॉकी5एस टीम को अमेरिका, पोलैंड और नामीबिया के साथ पूल सी में शामिल किया गया है। वहीं पूल ए में नीदरलैंड, मलेशिया, फिजी और ओमान। पूल बी में ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, यूक्रेन और जाम्बिया हैं, जबकि पूल डी में न्यूजीलैंड, उरुग्वे, थाईलैंड और पैराग्वे शामिल हैं।



भारतीय टीम अपने पहले मुकाबला 24 जनवरी को दोपहर में पोलैंड के खिलाफ और उसके बाद उसी दिन रात में अमेरिका के खिलाफ भिड़ेगी। अतिम ग्रुप मैच 25 जनवरी को 2:30 बजे पर नामीबिया के खिलाफ खेलेंगे। प्रत्येक समूह की शीर्ष दो टीमें 26 जनवरी को होने वाले क्वार्टर फाइनल में खेलेंगी। उसी दिन सेमीफाइनल खेले जाएंगे जबकि फाइनल 27 जनवरी को होगा।

भारतीय महिला टीम का नेतृत्व अनुभवी गोलकीपर रजनी एतिमारपु करेंगी और उप-कप्तान डिफेंडर महिमा चौधरी होंगी। टीम में दूसरी गोलकीपर के रूप में बंसारी सोलंकी और डिफेंडर के रूप में अक्षता अबासो ढेकाले और ज्योति छत्री शामिल हैं। मिडफील्डरों में मारियाना कुजूर और मुमताज खान हैं। जबकि अजमीना कुजूर, ऋतुजा दादासो और दीपिका सोरेंग को फॉरवर्ड के रूप में नामित किया गया है।

ओमान के लिए उड़ान भरने से पहले कप्तान रजनी एतिमारपू ने कहा, यह एफआईएच हॉकी5एस महिला विश्वकप का पहला संस्करण है। टीम खेल के तात्कालिक स्वरूप में भारत का प्रतिनिधित्व करने के अवसर को लेकर उत्साहित है।


## भगौड़े नित्यानंद का दावा- रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा का न्योता मिला

**कहा- भारत जरूर जाउंगा; कैलासा में भी जश्न होगा, मंदिरों में दीए जलेंगे**

शिष्यों से रेप के आरोपी भगोड़े नित्यानंद ने दावा किया है कि उसे अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम में आने का न्योता मिला है। नित्यानंद ने कहा है कि वो समारोह में जरूर शामिल होंगे। सोशल मीडिया पर जानकारी देते हुए नित्यानंद ने लिखा- यह एक ऐतिहासिक आयोजन है।

नित्यानंद ने कहा- इस दिन पारंपरिक प्राण प्रतिष्ठा के दौरान भगवान राम की प्रतिमा को दुनिया के कल्याण के लिए मुख्य देवता के तौर पर स्थापित किया जाएगा। मुझे इस समारोह का आधिकारिक निमंत्रण मिला है। कैलासा में भी इस दौरान सेलिब्रेशन होगा। यहां कैलासा के समय के मुताबिक, रात 9 बजे मंदिरों में भगवान राम की पूजा होगी। रात 11 बजे अखंड राम जाप होगा।

समारोह के तहत रात 12:30 बजे मुख्य अतिथि का स्वागत होगा। इसके



बाद कैलासा के समय के मुताबिक 1:30 बजे जब भारत में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होगी, तब कैलासा के मंदिरों में दीपक जलाए जाएंगे। इसके अलावा नित्यानंद के यूट्यूब हैंडल पर भी पूरे कार्यक्रम का प्रसारण होगा।

बता दें कि नित्यानंद पर भारत में उसके शिष्यों ने रेप और किडनैपिंग के आरोप लगाए थे।

2019 में वो देश छोड़कर भाग गया था। उसने अपना अलग द्वीप बसाने और इसे अलग देश का दर्जा मिलने का दावा किया था। हालांकि, अब तक इस द्वीप या देश को किसी देश ने मान्यता नहीं दी है।

### 2019 में भारत छोड़कर भागा, फिर कैलासा बसाया

2010 में नित्यानंद की एक शिष्या ने उस पर रेप का आरोप लगाया था। तहकीकात के बाद 2019 में गुजरात पुलिस ने कहा था कि नित्यानंद के आश्रम में बच्चों को किडनैप करके रखा जाता है। इसके बाद पुलिस ने छापा मारकर 2 लोगों को गिरफ्तार किया था। आश्रम में बच्चों की पिटाई भी की जाती थी। नित्यानंद ने हमेशा अपने खिलाफ लगे सभी आरोपों को खारिज किया है।

नित्यानंद अपने देश कैलासा को असली हिंदू राष्ट्र होने का दावा करता है।

उसकी अपनी वेबसाइट है और दुनिया भर में उसके लाखों की संख्या में अनुयायी हैं। इक्वाडोर के नजदीक मौजूद इस द्वीप देश की दूरी भारत से करीब 17 हजार किलोमीटर है।

वैसे तो कैलासा बेवसाइट का दावा है कि दुनिया में उसके देश के नागरिक करीब 2 करोड़ हैं लेकिन नित्यानंद की शिष्या विजयप्रिया नित्यानंद ने ह् में बताया था कि यहां की आबादी 20 लाख है। विजयप्रिया ने दावा किया था कि 150 देशों में कैलासा के दूतावास हैं।

### यूएन के मेंबर स्टेट्स का हिस्सा नहीं है कैलासा

यूएन की ऑफिशियल वेबसाइट कैलासा को 193 मेंबर स्टेट्स में शामिल नहीं करती। कैलासा की वेबसाइट पर देश के संविधान के साथ ही उसके राष्ट्रीय पशु नन्दी, राष्ट्रीय पेड़ बरगद और राष्ट्रीय झंडे से जुड़ी सभी जानकारी मौजूद है। वेबसाइट पर अब तक हिन्दुओं पर जितने भी अत्याचार हुए हैं, उन्हें प्रलय का नाम दिया गया है।

## ईरान के बाद अब पाकिस्तानी सेना और अफगान सैनिकों के बीच झड़प, 3 लोगों की मौत

नई दिल्ली। (पी एम ए) पाकिस्तान सीमा रक्षकों और अफगान के सत्तारूढ़ तालिबान के बीच डूरंड लाइन पर झड़प हो गई। इसमें तीन लोगों की मौत हो गई और कई घायल भी हुए है।

पाकिस्तान के बुरे दिन शुरू हो गए है। बीते दिनों बलूचिस्तान में ईरान ने हवाई हमला किया था। इस एयरस्ट्राइक के बाद दोनों देशों के बीच तनावपूर्ण स्थिति बनी हुई है। इसी बीच पाकिस्तान पर एक और मुसीबत आ गई है।

पाकिस्तानी सेना और अफगान सैनिकों के साथ झड़प की खबरें सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि पाकिस्तान सीमा रक्षकों और अफगान के सत्तारूढ़ तालिबान के बीच शनिवार को डूरंड लाइन पर झड़प हो गई। इस घटना में करीब तीन लोगों की मौत हो गई और कुछ घायल भी हुए है।

### 3 लोगों की मौत, छह घायल

टोलो न्यूज के मुताबिक, बीते साल छिटपुट झड़पों के बाद अफगानिस्तान के कुनार प्रांत में सीमा पर तालिबान और पाकिस्तानी सैन्यकर्मियों के बीच झड़प का नया मामला सामने आया है। मीडिया में चल रही खबरों के अनुसार पाकिस्तानी बलों द्वारा सीमा का उल्लंघन करने के बाद झड़पें शुरू हुई। इसके बाद पाकिस्तानी सेना ने कुनार प्रांत में तालिबान के ठिकानों पर गोलाबारी की।

इस झड़प में 3 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई है। वहीं, आधा दर्जन लोग घायल हो गए है, जिनका अस्पताल में इलाज चल रहा है।

### ईरान ने पाक पर की थी एयरस्ट्राइक

आपको बता दें कि गुरुवार को पाकिस्तान ने ईरान के सिस्तान-बलूचिस्तान प्रांत में 'आतंकी ठिकानों' पर ड्रोन और मिसाइल से अटेक किया था।

इसमें 9 लोगों की जान गई थी। इसके जवाब में ईरान ने पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में सुन्नी बलूच आतंकवादी समूह 'जैश अल-अदल' के ठिकानों पर मिसाइल और ड्रोन हमला किया था।

### वर्ष 2023 में चीनी हवाई अड्डों पर यात्रियों की संख्या में वृद्धि

बीजिंग। चीन के मुख्य हवाईअड्डों पर 2023 में यात्रियों की संख्या में वृद्धि देखी गयी। एक उद्योग रिपोर्ट के अनुसार पता चलता है कि चीन के मुख्य हवाई अड्डों ने 2023 में यात्रियों की संख्या में वृद्धि की सूचना दी। चीन स्थित नागरिक-विमानन डेटा सेवा प्रदाता, वैरीफ्लाइट द्वारा जारी एक रिपोर्ट में कहा गया है कि इन हवाई अड्डों ने पिछले साल 48.5 लाख से अधिक आउटबाउंड यात्री उड़ानों को संभाला, जो साल दर साल 95.11 प्रतिशत बढ़ी। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह आंकड़ा 2019 में दर्ज की गई तुलना में 1.32 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2023 में एक करोड़ या उससे अधिक वार्षिक यात्री क्षमता वाले 38 हवाई अड्डे थे उनमें से 17 हवाई अड्डों ने 2019 के स्तर की तुलना में आउटबाउंड यात्रियों की संख्या में वृद्धि दर्ज की है।

### ईरान का शक्ति प्रदर्शन: यूएसए के विरोध के बाद भी लॉन्च किया सौरैय्या सैटेलाइट

तेहरान। (पी एम ए) ईरान ने शनिवार को अपना सौरैय्या सैटेलाइट लॉन्च किया है. इसके साथ ही इस सफलतापूर्वक अब तक कि सबसे उच्च कक्षा में स्थापित कर दिया है. अमेरिका ने पूर्व में ईरान की ओर से सैटेलाइट और मिसाइल लॉन्चिंग को लेकर विरोध किया है. यह सैटेलाइट ईरान के उसी कार्यक्रम का हिस्सा है जिसका पश्चिमी देश विरोध करते रहे हैं. पश्चिमी देशों को लगता है कि उन्नत बैलिस्टिक मिसाइल की क्षमता हासिल कर लेने से ईरान क्षेत्रीय संतुलन को बिगाड़ सकता है। आपको बता दें कि ईरान ने यह घोषणा ऐसे समय की है जब गाजा में इजरायल हमास के खिलाफ लगातार हमलावर बना हुआ है। वहीं, हाल ही में पाकिस्तान के साथ हवाई हमलों ने दोनों देशों के मध्य चिंता और तनाव के हालात पैदा कर दिए हैं. इस घटना की वजह से दोनों ही देशों और वेस्ट एशिया में तनाव बढ़ता जा रहा है। अमेरिका ने तेहरान द्वारा की गई इस कार्रवाई पर कहा कि यह यूएनएससी के प्रस्तावों का उल्लंघन है। बता दें कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने ईरान पर परमाणु हथियारों से जुड़े किसी भी परीक्षण पर रोक लगाई है। ईरान के ऊपर यूएन का मिसाइल प्रोग्राम से संबंधित प्रतिबंध पिछले साल अक्टूबर में समाप्त हो गया था। तेहरान की इस समय कई देशों से तल्खियां चल रही हैं। इजरायल के साथ बीते साल 7 अक्टूबर से ही उसके रिश्ते और खराब हो गए हैं।

### बंगलादेश का वार्षिक अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला शुरू

ढाका। बंगलादेश में सबसे बड़ा वार्षिक वाणिज्यिक और व्यापार कार्यक्रम, ढाका अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले का 28वां संस्करण रविवार को शुरू हुआ। प्रधानमंत्री शेख हसीना ने राजधानी ढाका के बाहरी इलाके पुरबाचल में स्थित व्यापार मेले का उद्घाटन किया। मेले में बंगलादेश और चीन, भारत, ईरान, पाकिस्तान और सिंगापुर समेत अन्य देशों के सैकड़ों संगठन हिस्सा ले रहे थे। व्यापार मेला एक महीने तक चलेगा। बंगलादेश की सरकार के वार्षिक कार्यक्रम के रूप में इस आयोजन का उद्देश्य विदेशी खरीदारों को स्थानीय उत्पादों का प्रदर्शन करना है। इस वर्ष के व्यापार मेले में लगभग 330 स्थानीय और विदेशी स्टॉल, मंडप और छोटे मंडप शामिल हैं। उद्घाटन समारोह में बोलते हुए, सुश्री हसीना ने कुछ गंतव्यों पर निर्भरता कम करने के लिए निर्यात टोकरी के लिए और अधिक नए बाजारों और उत्पादों की खोज की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने 'हस्तशिल्प उत्पाद' को 2024 के लिए वर्ष का उत्पाद घोषित किया। प्रतिभागियों ने कृषि और बागवानी के लिए मशीनरी, उपकरण और सामग्री, सौंदर्य प्रसाधन, डेयरी उत्पाद और इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं सहित उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदर्शित की।

### बेंजामिन नेतन्याहू ने खारिज किया जो बाइडेन के फिलिस्तीनी राज्य का विचार

तेल अवीव। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने एक बार फिर फिलिस्तीनी राज्य बनाने के विचार को खारिज कर दिया है। बीबीसी में प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार उनकी टिप्पणी अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के साथ फोन पर हुयी बातचीत के कुछ घंटों बाद आई जिसके बाद अमेरिकी नेता ने संकेत दिया था कि नेतन्याहू अभी भी इस विचार को स्वीकार कर सकते हैं। श्री नेतन्याहू की टिप्पणी से अमेरिका के साथ सार्वजनिक विभाजन गहराता हुआ प्रतीत हो रहा है। अमेरिका का मानना है कि इजरायल के साथ एक फिलिस्तीनी देश - जिसे दो-देशीय समाधान के रूप में जाना जाता है - दीर्घकालिक स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण है। लेकिन व्हाइट हाउस ने इस सप्ताह स्वीकार किया कि अमेरिका और इजरायली सरकारें स्पष्ट रूप से चीजों को अलग तरह से देखती हैं। दोनों नेताओं के बीच लगभग एक महीने में पहली बार बातचीत के बाद पत्रकारों से बात करते हुए बाइडेन ने जोर देकर कहा कि नेतन्याहू के कार्यालय में दो-देशीय समाधान अभी भी संभव है। उन्होंने कहा, दो-देशीय समाधान कई प्रकार के होते हैं। ऐसे कई देश हैं जो संयुक्त राष्ट्र के सदस्य हैं... जिनके पास अपनी सेना नहीं है। शनिवार को श्री नेतन्याहू ने अपने पद को दोगुना कर दिया, जिसे उन्होंने अपने अधिकांश राजनीतिक करियर के लिए धारण किया था।

स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक प्रवीण कुमार सिंह द्वारा साईं प्रिंटिंग प्रेस D 85 सेक्टर 6 नोएडा से मुद्रित एवं 240 A अंसल चैंबर II, 6 भीकाजी कामा प्लेस नई दिल्ली 110066 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

# !! जीवन यात्रा : शैशवाकाल से युवावस्था तक !!

आओ, सुनाता हूँ तुमको, तुम्हारी सम्पूर्ण कहानी!
यह वृत्त चित्र है जीवन का, सुनो, इसे मेरी जुबानी!!
शुरू गर्भ से ही करता हूँ, जानो तुम कैसे बड़े हुए!
यौवन के दहलीज पर आकर, कैसे चलकर खड़े हुए!!
जितना तुम खुद को जी पाये, उससे कुछ ज्यादा हमने तुमको जिया है!
एक हँसी की खातिर हमने, विष का प्याला और घूँट सुधा का पीया है!!
गर्भ में जब तुम आये थे, तब माँ बहुत हर्षायी थी!
सब हर्षोल्लास से भर गये, पूरे घर में मस्ती छायी थी!!
साढ़े आठ महीने बीते, अब धरा पर तुमको आना था!
इस खुले अंबर के नीचे, तुम्हें अपना पाँव जमाना था!
तुम्हारे अवतरण का निमित्त, किसी को भी था वह ज्ञात नहीं!
हमसब के तप के फल थे तुम, थे कोई खैरात नहीं!!
उस दिन वसुधा भी थी मचल रही, तुम्हें गले लगाने को!
पग पग पर थे खिले कुसुम, थे व्यग्र हार पहनाने को!!
आखिरकार वह दिन भी आया, जब तुम धरती पर आये थे!
बाल रुप में अपने तुम, हम सबको खूब रिझाये थे!!
तब थे तुम रोये बहुत और, हम सब खूब हर्षाये थे!
लड्डू बँटे, मिठाई बँटी, सबने खूब गुलाल उडाये थे!!
मुझे याद है वह दिन, जब माँ का पेट चीरा था!
तुम आये थे आँखें फाड़े, पर माँ की आँखों से, अश्रु का एक बून्द भी नहीं गिरा था!!
तुम्हें देख आँखें फाड़े, ममता थी उमड़ कर नाच रही!
हर्ष के लिये अश्रु आँखों में, वह थी तुमको पुचकार रही!!
अब तुमको आना था तो, कैसे रो वह पा सकती थी?
सूई पड़ी बेहोशी की, पर सो कैसे पा सकती थी?
गोद में लेकर तुम्हें दुलारती, और तुम्हें पुचकारी थी!
एकटक बस तुम्हें निहारती, झट काला टीका लगाई थी!!
बेटा मेरा भूखा होगा, स्तन से मुँह लगायी थी!
झट कम्बल से तुझको ढककर, अपना दूध पिलायी थी!!
नजर लगे नहीं तुझको, तुमको ढककर वह छिपा गयी!
ले करवट वह लेट गयी, और कम्बल में तुमको सुला गयी!!
खुद चीरा की पीड़ा में थी, पर यह दर्द उसे स्वीकार न था!
माँ की ममता के आगे, पीड़ा का अब कोई प्रतिकार न था!!
माँ की ममता और पीड़ा का, यह क्रूर खेल चलता ही रहा!
पर सदा हराकर पीड़ा को, ममत्व सदा जीतता ही रहा!!
गुमराह न कर सकी पीड़ा ममता को, अपने बल से, पदचापों से!
निकल गयी फिर दुम दबाये, रम्भा भागी विश्वामित्र के अँगारों से!!
वह कैसी पीड़ा होगी, अब सहज समझ तुम सकते हो!
किसके खून से सिंचन हुआ, इसे समझ चल सकते हो!!
माँ थी जो कुछ भी खाती, वह सब तुम खाते जाते थे!
माँ की होती दुर्बल काया, और सबल तुम होते जाते थे!!
बोझ तुम्हारा लिए माँ, चहुँओर जो घूमती जाती थी!
पाँव संभाले धीरे धीरे, थकती, पर चलती जाती थी!!

धीरे धीरे तुम बड़े हुए, अध्ययन कार्य अब शुरू हुआ!
तुम्हारी जीवन यात्रा का, अगला अध्याय गढ़ना अब शुरू हुआ!!
भाई बहन की नोंक झोंक से, घर गुलजार हुआ रहता!
नचिकेता के शोर से घर का, प्रतिध्वनित दीवार हुआ रहता!!
निकिता के कुठार की धार तुम, कुंद नहीं कर पाते थे!
तुम दोनों के बेरंग इरादे, घर को रौशन करते जाते थे!!
मैं तुममें झगड़े लगवाता, और तुम दोनों रिक्तता भरते थे!
और इसीलिए तो हम दोनों, तुम दोनों पर मरते थे!!
तुम दोनों जो नहीं होते तो, कौन यहाँ झगड़ा करता?
बिना बात के बात बनाकर, कौन यहाँ रगड़ा करता?
माँ के संग थाली में खाने को, करते दोनों लड़ाई थे!
वह दृश्य कितना मनभावन था, और हम करते तुरपाई थे!!
एक वजह होता लड़ाई का, तो हम तुमको समझा जाते!
कभी फ़ोन, खिलौना खातिर, और कभी कुछ बतला जाते!!
मैं होता कार्यालय और, माँ झगड़ा नहीं सुलझा पाती!
अपना सारा ममत्व लूटा, इसे और उलझा जाती!!
तुम दोनों जो नहीं होते तो, घर यह बंजर हो जाता!
क्या करता मैं पैसे का, जब तन भी जर्जर हो जाता?
फिर जीवन कितना सूना होता, कल्पना बहुत भयावह है!
जिनके ना हो पूत, कहो क्या जीवन उनका भावन है?
थी रौनक तुमसे मेरे घर की, कोई बाँझ नहीं कह पाता था!
आते-जाते पथिक भी तुमसे, दो शब्द बतियाता जाता था!!
नंद यशोदा बनकर हम भी, तुमको ढूँढा करते थे!
जब भी चारपाई के नीचे, तुम छिप-छिप जाया करते थे!!
खेल-खेल में हमें चिढ़ाते, और हँसाया करते थे!
बात बनाते, गप-शप करते, खूब दिल बहलाया करते थे!!
बैठ चक्कलस करते रहते, करते इधर उधर की बात,
पता ही नहीं चला, कब दिन हुआ और कैसे हो गयी रात!!
बेचैन हुआ माँ करती थी, जब भी तुम बाहर जाते थे!
तेरे लौट कर आने तक, हम मन में कुशल मनाते थे!!
थोड़ी यदि जो देर हुई तो, मन घबरा जाया करता था!
बैठ मुंडेर पर राह थे तकते, और आँख, पथरा जाया करता था!!
तुम्हारे संगी साथी की, पहचान माँ लेकर रखती थी!
किनके साथ कहाँ जाना है, सबका हिसाब माँ रखती थी!!
परवरिश यदि अच्छी हो तो, कुपथ का कोई सवाल कहाँ?
जीवन की गुत्थी सुलझ गयी, अब बच्चों से कोई मलाल कहाँ?
समय निकला अपनी रफ्तार, सब धीरे धीरे निकल गये!
तुम हुए उच्च पद आसीन, और सेवानिवृत्त हो हम बैठ गये!!
खैर, यह बीती बात हुई, मैं भी क्या लेकर उलझ गया!
पेंच तो सारे खुल गए मेरे, और जीवन कितना सुलझ गया!!
शादी हुई, बच्चे हुए, अब तुम वयस्क कहलाते हो!
लेकिन यह जैविक उन्नति है, मेरे लिए तुम बच्चे ही बने रह जाते हो!!
अब तुम बच्चे पालन का, आनंद खूब लेते होगे!
यह जीवन का खेल है बस, इस खेल को भी समझते होगे!!
जीवन के इस सफर का हर मार्ग मैं तुम्हें दिखाता हूँ!
थोड़ा कठिन है यह सफर, उसको सरल बनाता हूँ!!
सुख-दु:ख सब मन की उलझन हैं, इसे तुम्हें समझना होगा!
जो पथ तुम्हें लगे कठिन, उन्हें सरल करना होगा!!
सुख और दु:ख आते-जाते हैं, विचलित होना कायरता है!
कर्म धर्म ही मूल सार है, कर्मभूमि यह निकिता है!!
कर्त्तव्य पथ है बहुत विरल, नर्म काँटों पर चलना होगा!
हर्ष-विषाद में भी सम रह कर, अग्रसोची बनना होगा!!
गुमराह न होना पथ से तुम, जग-माया तुमको खिंचेगी!
धन-वैभव का लालच देकर, मोह के जल से सींचेगी!!
अवलम्बन लेकर धर्म का, गुमराह न पथ में तुम होना!
भीष्म पितामह, कर्ण के जैसे, कोई दुष्कर निर्णय न लेना!!
ऐसे धर्म का पालन करना, अनुचित है, और कलुषित है!
मानवता की रक्षा करना, कहो भला कब अनुचित है!!
मृत्यु सबकी निश्चित है, यह जग तो बस एक माया है!
आत्मा ही बस एक सत्य है, शेष तो पञ्चतत्वों की काया है!!
जन्म, मृत्यु और पुनर्जन्म, ये सभी प्रारब्ध हैं जीवन के!
इनको है जीना संयम, विवेक से, और बचके चलना है समीरण से!!
अब ख़त्म करता हूँ यह कहानी, सब कुछ तुमको बता दिया!
जितना था अर्जित मुझको, सब कुछ तुमको जता दिया!!
एक मार्ग बस चलना पकड़, लक्ष्य शीघ्र पा जाओगे!
गृहस्थ धर्म है जीवन का, गिरते-उठते, सब खुद ही समझ जाओगे!!

**राकेश रमण श्रीवास्तव,कवि, पटना, बिहार**

# सूर्य के उपासकश्री राम की नगरी अयोध्या होगी सौर ऊर्जा से जगमग

## अयोध्या को देश की प्रथम सोलर सिटी बनाने का कार्य पूर्णता की ओर

अयोध्या/लखनऊ (पीएमए)। प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री श्री ए.के. शर्मा जी ने श्री रामलला प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दो दिन पूर्व अयोध्याधाम में अपने दोनों विभागों द्वारा कराये गए कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अयोध्या के सरायरासी और रामपुर हलवारा में राज्य सरकार और एनटीपीसी के संयुक्त सहयोग से स्थापित हो रहे 40 मेगावाट की सौर ऊर्जा प्लांट का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान ऊर्जा मंत्री श्री शर्मा ने सौर परियोजना से 14 मेगावाट की विद्युत् आपूर्ति शुरु होने पर सभी ऊर्जा कर्मियों समेत अयोध्यावासी और प्रदेश की जनता को बधाई एवं शुभकामनायें दी हैं। उन्होंने कहा कि जल्द ही सूर्य के उपासक श्री राम की नगरी अयोध्या सौर्य ऊर्जा से जगमगाएगी। अयोध्या को देश की प्रथम सोलर सिटी बनाने का कार्य अब पूर्णता की ओर है। उन्होंने



अयोध्या को सोलर सिटी बनाने के लिए आदरणीय प्रधानमंत्री जी, माननीय मुख्यमंत्री जी एवम् केंद्रीय उर्जा मंत्री श्री आर.के. सिंह जी का आभार व्यक्त किया और उन्हें सादर नमन करते हुए धन्यवाद दिया।

नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री श्री ए.के. शर्मा ने निरिक्षण के दौरान कहा कि अयोध्याधाम श्री राम की नगरी है और भगवान राम सूर्य के उपासक हैं। अवधपति की सेवा में अयोध्या नगर को सोलर सिटी के रूप में विकसित करने के लिये एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड द्वारा 40 मेगावॉट की सौर उर्जा परियोजना का निर्माण कार्य प्रगति पर है और जल्द ही हम इसे पूर्ण करते हुए श्री राम के चरणों में समर्पित कर देंगे। जल्द ही अयोध्या धाम सूर्य की ऊर्जा से जगमग होगा। अभी तक अयोध्याधाम में सौर ऊर्जा से 2500 सोलर स्ट्रीट लाइट, 500 स्मार्ट सोलर स्ट्रीट लाइट, 40 सोलर ट्री, अनेकों सोलर वॉटर एटीएम स्थापित किए गए है तथा सोलर बोट भी संचालित की गई है।

ऊर्जा मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि अयोध्याधाम को देश की पहली सोलर सिटी बनाने के निर्णय को साकार करने के लिए युद्धस्तर पर कार्य चल रहा है। इस सौर परियोजना से अयोध्या को 14 मेगावाट की विद्युत् आपूर्ति शुरू हो चुकी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार और एनटीपीसी के संयुक्त प्रयास से स्थापित हो रहे सौर प्लांट का कार्य 04 नवम्बर, 2023 को प्रारम्भ हुआ था। जिसके फलस्वरूप प्रथम चरण में 14 मेगावाट क्षमता का परीक्षण एवं कमिशनिंग का कार्य पूर्ण हो गया है, तथा इस परियोजना से 14 मेगवाट विद्युत आपूर्ति के लिए उपलब्ध हो गयी है। इस परियोजना से उत्पादित विद्युत दर्शननगर बिजलीघर को 132 किलोवोल्ट, 5.5 किमी लम्बी ऊर्जा विभाग की ट्रांसमिशन लाइन द्वारा संचारित की जा रही। उन्होंने बताया कि इस परियोजना से लगभग 8.65 करोड़ यूनिट ऊर्जा का वार्षिक उत्पादन होगा, जो अयोध्या नगर की 30 प्रतिशत ऊर्जा की आपूर्ति करेगा और इससे लगभग 80 हज़ार टन कार्बन उत्सर्जन में कमी भी आएगी।

ऊर्जा मंत्री ने बताया कि अयोध्याधाम में स्थापित हो रहे 40 मेगावॉट के सौर्य ऊर्जा परियोजना के निर्माण में लगभग 1.04 लाख 550 वॉट के बाईफेसिअल सोलर पैनल लगाये जाने हैं। जिसमें 36 हजार पैनल्स लगायें जा चुके हैं।

# अब भक्तों को कराएंगे भव्य श्रीराम मंदिर का दर्शन

गोरखपुर। (पी एम ए) रविवार को गोरखपुर क्षेत्र के सांसद, विधायकगण, जिलाध्यक्ष, जिला प्रभारी, नगर पालिका, नगर पंचायत के अध्यक्ष, विभिन्न अभियानों के संयोजकों की वर्चुवल बैठक में आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया गया।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय ने सर्वप्रथम विभिन्न अभियानों की समीक्षा की। बताया कि अयोध्या में भगवान श्रीराम के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम भव्यता की ओर है। इस कार्यक्रम के संपन्न हो जाने के बाद पार्टी नेतृत्व ने 25 जनवरी से भक्तों को श्रीराम मंदिर का दर्शन कराने का निर्णय किया है। श्रीराम मंदिर दर्शन का कार्यक्रम 25 मार्च तक यानी दो महीने तक चलेगा। क्षेत्रीय अध्यक्ष के अनुसार श्रीराम मंदिर दर्शन के लिए हर लोकसभा क्षेत्र से ढाई हजार भक्तों की संख्या तय की गई है। इस प्रकार हर विधानसभा क्षेत्र से 500 की संख्या और मंडल स्तर से 100 भक्तों को अयोध्या ले जाना है। उन्होंने श्रीराम मंदिर दर्शन कार्यक्रम में हर गांव का प्रतिनिधित्व कराते हुए यहां से दो भक्तों को अयोध्या ले जाने पर जोर दिया। वर्चुवल बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश महामंत्री/एमएलसी व गोरखपुर क्षेत्र के प्रभारी गोविंद नारायण शुक्ला ने वर्तमान में चल रहे अभियानों नमो ऐप, विकसित भारत संकल्प यात्रा, दीवाल लेखन को और गति देने पर जोर दिया। कहा कि सभी अभियानों की समीक्षा राष्ट्रीय स्तर से हो रही है। इसलिए पार्टी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों को अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन बखूबी से करना चाहिए। वर्चुवल बैठक का संचालन व संयोजन आईटी सेल के संयोजक अनादि प्रिय पाठक ने किया।

# हत्या के प्रयास करने वाले मुकदमा में वांछित 05 अभियुक्त गिरफ्तार

जौनपुर ।(पी एम ए) डा0 अजय पाल शर्मा, पुलिस अधीक्षक जौनपुर के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों पर रोक लगाने व वाछिंत अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल मार्गदर्शन एवं दिशा निर्देशन में प्र0नि0 श्री सतीश कुमार सिंह सरायख्वाजा जनपद जौनपुर नेतृत्व में थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 0029/2024 धारा 147/148/149/323/504/506/342/307 भादवि से सम्बन्धित 05 अभियुक्तों दिनेश सिंह पुत्र बेचन सिंह ,अमर प्रताप उर्फ शिवम पुत्र अखिलेश , शुभम सिंह पुत्र अखिलेश सिंह नि0गण बस्तीबंदगान थाना सरायख्वाजा जौनपुर व अभियुक्ता पूनम सिंह पत्नी दिनेश सिंह , अभियुक्ता रामशीला पत्नी अरविन्द नि0गण ग्राम बस्तीबंदगान थाना सरायख्वाजा जौनपुर को उ0नि0 रामबिलास मय हमराह म0उ0नि0 आशा देवी , म0का0 रेनू , हे0का0 अनुज प्रताप सिंह, हे0का0 पवित्र भुषण तिवारी द्वारा मुखबिर की सूचना पर आज दिनांक 21.01.23 को जपटापुर तिराहा जनपद जौनपुर से समय करीब 11.05 बजे गिरफ्तार किया गया।

# देशी शराब की दुकान से 45 हजार कैश लेकर चंपत हुए चोर

गाज़ीपुर। (पी एम ए) बिरनो थाना क्षेत्र अंतर्गत चक कपिल गांव में देसी शराब की दुकान से 19 तारीख की देर शाम अज्ञात चोरों ने काउंटर में रखें 45हजार कैश लेकर चंपत हो गए सेल्समैन ने दिया अज्ञात के खिलाफ तहरीर पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच में जुटी। खबर है कि महिपालपुर थाना मरदह निवासी रामकृत यादव पुत्र जयराम यादव लगभग 2 वर्ष से बिरनो थाना क्षेत्र के चककपिल गांव में स्थित देसी शराब की दुकान पर सेल्समैन के पद पर कार्य करता है थाने पर दी गई तहरीर में उसने बताया कि शुक्रवार की देर शाम काउंटर में रखें 45000 रुपए अज्ञात चोरों ने तब चोरी कर लिया जब वह किसी काम से बाहर चला गया था।

# प्रभु श्रीराम आस्था का विषय, इसमें भी विपक्ष देख रहा राजनीति : स्वाती सिंह

लखनऊ। अपने ही देश में पांच सौ वर्षों तक वनवास के बाद प्रभु श्रीराम अपने घर में प्रवेश कर रहे हैं। यह क्षण राजनीति का नहीं है। इसको जश्न के तौर पर हम सभी को मनाना चाहिए। कुछ लोग और राजनीतिक दल इसको भी राजनीतिक चश्मे से देखने की कोशिश कर रहे हैं। भाजपा इसको आस्था के रूप में देखती है। यह बातें भाजपा की वरिष्ठ नेता व पूर्व मंत्री स्वाती सिंह ने रविवार को कही।

वह मायावती द्वारा कहे गये, 'ठीक नहीं है धर्म का राजनीतिकरण' का जवाब दे रही थीं। उन्होंने कहा कि



राजनीति हमेशा धर्म युक्त होती है। जहां भी राजनीति में धर्म का प्रवेश नहीं होता, वहां पर राजनीति में सुचिता नहीं आ सकती। धर्म को कुछ लोग संकीर्णता से ले लेते हैं। वहीं कुछ राजनीतिक दलों को प्रभु श्रीराम के दर्शन करने में भी राजनीति दिख रही है। वे विशेष संप्रदाय की नाराजगी का विशेष ध्यान रखते हैं।

स्वाती सिंह ने कहा कि अभी हम सभी को मिलकर जश्न मनाना चाहिए। इस समय प्रभु श्रीराम की नगरी सज चुकी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और योगी आदित्यनाथ पल-पल की खबर ले रहे हैं। सोमवार को प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा हो जाएगी। इससे पहले अयोध्या पूरी तरह सज चुकी है। इसका नतीजा है कि वहां पर पर्यटकों की संख्या भी बढ़ गयी है।

# जन कल्याणकारी योजनाओं व प्रभावी नीतियों की वजह से आज देश कर रहा है विकास : सुधाकर कुशवाहा

दुल्लहपुर-गाजीपुर। (पी एम ए) दुल्लहपुर थाना क्षेत्र के हरदासपुर कला और डील्हा ग्राम सभा में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें सरकार द्वारा पात्र लाभार्थियों को सम्मानित किया, और जो छूट गए है उनका वहा उपस्थित सरकारी कर्मचारियों द्वारा रजिस्ट्रेशन भी किया गया। उक्त अवसर पर सुधाकर कुशवाहा जी ने कहा देश व प्रदेश के बेसहारा वह गरीब लोगों के जीवन के उत्थान के लिए मोदी योगी के नेतृत्व में जन कल्याणकारी योजनाओं का आरंभ किया गया जिससे उनके जीवन शैली में और रहन-सहन में बहुत परिवर्तन आया और उनका कल्याण हुआ। मोदी सरकार ने जो भी अपने देशवासियों से वादा किया वह पूरा किया, वह जो कहते हैं करते हैं। उन्होंने देश से आतंकवाद और भ्रष्टाचार को समाप्त किया एवं स्वच्छता शुचिता पारदर्शिता के साथ सरकार की सभी योजनाओं को पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाया। सरकार की विभिन्न योजनाएं जनधन से लेकर प्रधानमंत्री आवास, सौभाग्यवती योजना, बीपीएल महिलाओं को फ्री रसोई गैस, वृद्धा पेंशन दिव्यांग पेंशन, कोरोना कल से ही फ्री अनाज गरीबों को समर्पित रही। वहीं मनोज यादव जी ने कहा की घर-घर खुशहाली, मोदी की गारंटी वाली गाड़ी से भारत के कोने-कोने में गांवों-कस्बों तथा शहरों में रोज लाखों लोग जुड़ रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप विकसित भारत संकल्प यात्रा जन-जन को विश्वास और संकल्प कराएगी कि 2047 में विकसित भारत बनाने में प्रत्येक भारतवासी का योगदान होगा। जबकि गुलाब कुशवाहा जी नें कहा कि संसद भवन से लेकर ग्राम पंचायत भवन तक मोदी की निष्ठा एक है उनकी प्रेरणा एक है देश का विकास तभी होगा जब देश के लोगों का विकास होगा, देश में अगर निरन्तर मोदी का नेतृत्व रहा तो अपना भारत सबसे सुंदर और मजबूत भारत होगा। हर गांव शहर का तेजी से विकास होगा और लोगों के जीवन में सरकार की योजनाओं से खुशहाली आएगी यह मोदी की गारंटी है। मोदी के विकसित भारत के संकल्प को दोहराया। उन्होंने कहा 135 से ज्यादा जनकल्याणी योजनाए सबके उत्थान के लिये भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही है, जिससे लोगो के जीवन मे खुशहाली आये। मोदी का सपना है जब गांव के नौजवान महिला शक्ति गरीब किसान खुशहाल होंगे तभी यह देश विकसित भारत बनेगा। उन्होंने उपस्थित जनता को विश्वास दिलाया की आने वाले समय में मोदी सरकार रहेगी तो सारी की सारी योजनाएं जन-जन तक जरूर पहुंचेगी यह मोदी की गारंटी है। कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज यादव,रुद्र प्रताप सिंह,गुलाब कुशवाहा, अशोक यादव ,अशोक चौहान,अरुण कुमार, हरदासपुर कला ग्राम प्रधान बाला यादव,डील्हा ग्राम सभा ग्राम प्रधान लालमुनि राम ,सहित प्रमुख लोगों ने भी संबोधित किया।

# श्रीराम शोभायात्रा में शामिल हुये सांसद, विधायक

देवरिया। (पी एम ए) राम मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दिन लोग अपने घरों पर ध्वज लगाये,भजन कीर्तन करें तथा दीप जलाये इस जागरूकता के लिये रामभक्तो द्वारा शोभा यात्रा सदर सांसद डा.रमापतिराम त्रिपाठी के मार्गदर्शन में,जिला प्रभारी भाजपा संतराज यादव के नेतृत्व तथा सदर विधायक डॉ.शलभ मणि त्रिपाठी के संयोक्तव में रुद्रपुर मोड़ से रामजानकी मन्दिर तक पैदल निकाली गयी।

शोभा यात्रा का शुभारंभ सदर सांसद ने रुद्रपुर मोड़ से राम,सीता,लक्ष्मण और हनुमान का पूजन-आरती उतार कर किया।इस दौरान सांसद श्री त्रिपाठी ने कहा कि प्रभु श्रीराम ने धर्म और संसारिक नियम के विरुद्ध नहीं जाकर धर्म और नैतिकता का रास्ता चुना । अब इस खुशी के मौके पर हमें भी अपनी नैतिकता और श्री राम के दिखाये रास्तों पे ही चलना होगा और हर हालात में राम रहीम की पौराणिक व्यवस्था को बनाये रखना है।मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम का नाम यू ही नहीं विश्व विख्यात है,उनके भक्तों को भी उनकी ही तरह मर्यादा और सयंम कायम रखना है।

शोभा यात्रा के समापन को सम्बोधित करते हुये सदर विधायक डॉ.शलभ मणि त्रिपाठी ने कहा कि राम मंदिर के निर्माण की प्रगति उन्हें रास नहीं आ रही जो सम्प्रदायिकता का चोला पहनें हैं, लेकिन हमें अपने श्री राम तरह मार्यादा में रहना होगा और इस अवसर पर अपने-अपने घर भजन-पूजन कर दीप जला प्रभु राम के विराजमान होने का उत्सव मनाना है।

# शार्ट न्यूज

## दोस्तों के साथ घर से गए युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत,परिजनों में मचा हड़कंप

मऊ।(पी एम ए) जिले के हलधरपुर थाना क्षेत्र के अरदौना गांव निवासी धरम सिंह पुत्र बब्बन सिंह उम्र 32 वर्ष की संदिग्ध परिस्थितियों में शनिवार को मौत हो गई।एकलौते पुत्र की मौत के बाद परिजनों का रोते रोते बुरा हाल है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजवाया दिया है। जानकारी के अनुसार मऊ जिले के हलधरपुर थाना क्षेत्र के अरदौना गांव निवासी धरम सिंह पुत्र बब्बन सिंह उम्र 32 वर्ष शुक्रवार को अपने दोस्तों के साथ यह कह कर घर से गया की हम लोग किसी कार्य से मऊ जा रहे हैं।देर रात तक धरम सिंह अपने घर नही पहुंचा।परिजनों ने खोजबीन किया पर कुछ पता नहीं चल सका। शनिवार की सुबह लगभग 5 बजे मठमुहम्मदपूर पुलिस चौकी द्वारा परिजनों को सूचना मिली की आप का लड़का अचेत अवस्था में हथनी गांव के पास खेत में पडा़ है।आनन फानन में परिजन हथनी गांव पहुंचे।अचेत अवस्था में पड़े युवक को परिजनों ने जिला मुख्यालय के एक प्राइवेट अस्पताल ले गए जहां डाक्टरों ने धरम सिंह उम्र 32 को मृत घोषित कर दिया।

## तीन अवैध तमंचे के साथ तीन गिरफ्तार

गाजीपुर ।(पी एम ए) पुलिस अधीक्षक गाजीपुर द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के कुशल निर्देशन व क्षेत्राधिकारी कासिमाबाद के निकट पर्यवेक्षण में शनिवार को मुखबिर की सूचना पर पूर्वांचल एक्सप्रेस वे के ऊपर टोल प्लाजा थाना मरदह जनपद गाजीपुर क्षेत्र में 03 नाजायज तमंचा .315 बोर व 06 जिंदा कारतूस .315 बोर के साथ 03 अभियुक्तगण 1.अजय कुमार उर्फ सन्दीप पुत्र अमरेश राम उम्र 26 वर्ष 2.रवि कुमार पुत्र स्व0 सीताराम उम्र 21 वर्ष नि0गण हैदरगंज सिपाही का पुरा थाना मरदह जनपद गाजीपुर 3. प्रशान्त कुमार पुत्र इन्द्रजीत प्रसाद उम्र 23 वर्ष निवासी बकवल थाना सरायलखंशी जनपद मऊ को गिरफ्तार किया गया जिसके सम्बन्ध मे थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 10/2024 धारा 3/25 आयुध अधि0 पंजीकृत हुआ है। गुरफ्तारशुदा अभियुक्तगण के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## पीएम मोदी और योगी के नेतृत्व में भारत का हो रहा है सर्वांगिण विकास: दयाशंकर सिंह

गाजीपुर।(पी एम ए) पुरे देश में चल रही विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम अंतर्गत रविवार को जखनिया ब्लाक के ग्राम सभा नसरत धीरजी में उच्चतर प्राथमिक विद्यालय में आयोजित हुई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता दयाशंकर सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सनातन सभ्यता,संस्कृति के साथ ही देश के सर्वांगीण विकास तेज गति से हुआ है। और आज उसी तेज गति के सर्वांगीण विकास का परिणाम है कि देश विकसित भारत के सपनों को साकार करने के लिए प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सामाजिक और आर्थिक समृद्धि के लिए केन्द्र व प्रदेश सरकार के द्वारा तरह तरह से प्रयास किया जा रहा है,कानून व्यवस्था को मजबूत किया गया और देश के सैनिकों के मनोबल को बढ़ावा मिला की हमारे सैनिक दुश्मन के घर में घुसकर मारने के बाद सुरक्षित लौटने मे समर्थ हुए है।

## पूरा देश पलके बिछाकर रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के ऐतिहासिक पल का इंतजार कर रहा है

वाराणसी।(पीएमए) उत्तर प्रदेश के स्टांप एवं न्यायालय पंजीयन शुल्क राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रविंद्र जायसवाल ने कहा है कि पूरा देश पलके बिछाकर रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के ऐतिहासिक पल का इंतजार कर रहा है। हर कोई इन ऐतिहासिक पलों का साक्षी बनना चाहता है। आज सोमवार के पावन पर्व एवं घड़ी को ऐतिहासिक एवं यादगार बनाने के लिए लोगो का आह्वान करते हुए कहा कि काशी के सांसद एवं देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान एवं अपील के अनुसार वे अपने-अपने घरों के आसपास के देवालयों में साफ-सफाई के साथ देवालयों की भव्य सजावट करे, दर्शन-पूजन-हवन आदि के साथ सुंदरकांड व रामधुन का अखंड पाठ सहित भजन- कीर्तन करे। देवालयों सहित अपने-अपने घरों में कम से कम पांच रामज्योति दीपक अवश्य जलाएं।

## 24 घंटे बिना कटौती होगी विद्युत आपूर्ति

लखनऊ 21 जनवरी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप अयोध्या में सोमवार 22 जनवरी को रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को देखते हुए पूरे प्रदेश को कटौती मुक्त विद्युत आपूर्ति का निर्णय लिया गया है। यह जानकारी देते हुए उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष डॉ आशीष कुमार गोयल ने बताया कि मुख्यमंत्री एवं ऊर्जा मंत्री की मंशा के अनुरूप प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम को देखते हुए पूरे प्रदेश को प्रकाश युक्त करने का निर्णय लिया गया है। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन के मुख्यालय शक्ति भवन, एसएलडीसी भवन सहित सभी प्रमुख भवनों को प्रकाश मय कर दिया गया है। अध्यक्ष ने बताया है कि सोमवार को पूरे प्रदेश के सभी क्षेत्रों को 24 घंटे कटौती मुक्त विद्युत प्राप्त होगी। अध्यक्ष ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस संदर्भ में पूरी तरह सावधानी बरतें और सबको अनवरत विद्युत प्राप्त हो इसके लिए सभी आवश्यक कदम उठाए।

## प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा उत्सव धूम-धाम से मनायें

हरदोई ।(पीएमए) 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में राम जन्म भूमि परिसर में बने मन्दिर में प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा आयोजन के अन्तर्गत आज जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह तथा पुलिस अधीक्षक केशव चन्द्र गोस्वामी ने पुलिस लाईन मन्दिर में पूजा अर्चना के बाद कुछ देर रामायण पाठ किया व नुमाईश चौराहा स्थित भोले नाथ मन्दिर में श्री राम व हनुमान की पूजा अर्चना और आरती की तथा लोगों को दीप दान किये। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने लोगों से कहा कि प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा उत्सव धूम-धाम से मनाये और जनकल्याण के लिए अपने-अपने घरों में एक दीप अवश्य जलायें। नुमाईश चौराहा मन्दिर पर पूजा करने के बाद पुलिस अधीक्षक ने गरीबों को कम्बल वितरित किये।स्थत रहे।

## 22 व 23 जनवरी को मा0 मंत्री विभिन्न कार्यक्रमों में प्रतिभाग करेगें: नगर मजिस्ट्रेट

हरदोई । नगर मजिस्टेऊ्ट प्रशान्त तिवारी ने बताया है कि मा0 मंत्री आबकारी एवं मद्य निषेध नितिन अग्रवाल 22 जनवरी 2024 को दोपहर 12.20 बजे रसखान प्रेक्षागृह में आयोजित रामोत्सव कार्यक्रम में सम्मिलित होने के उपरान्त 01.5 बजे बड़े चौराहे पर हनुमान मन्दिर में पूजा के बाद प्रसाद वितरण करेगें तथा 02 बजे ब्लाक हरियाावं की ग्राम पंचायत उतरा में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा में प्रतिभाग करेगें। उन्होने कहा कि इसी तरह मा0 मंत्री जी 23 जनवरी 2024 को पूर्वान्ह 10.30 बजे ब्लाक हरियावां की ग्राम पंचायत मदरावां में विकसित भारत संकल्प यात्रा में प्रतिभाग करने के बाद दोपहर 01 बजे जिला पंचायत सभागार में आयोजित जिला पंचायत की बैठक में प्रतिभाग करने के उपरान्त 02 बजे ब्लाक हरियावां की ग्राम पंचायत कायमपुर में विकसित भारत संकल्प यात्रा में प्रतिभाग करने के बाद 2.30 लखनऊ के प्रस्थान कर जायेगें।

## जिलाधिकारी ने दिए बीएलओ ममता सिंह का वेतन की रिकवरी का निर्देश

वाराणसी। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी एस राजलिंगम रविवार को कम वोटिंग वाले बूथों के निरीक्षण पर निकले। सम्बन्धित ईआरओ एसडीएम राजातालाब तथा एसडीएम पिण्डरा भी मौजूद रहे। उन्होंने सम्बन्धित बीएलओ से लो वोटिंग पर्सेंटेज के कारणों को जानने हेतु पूछताछ की। उन्होंने बीएलओ से पूछा कि वोटिंग पर्सेंटेज को बढ़ाने के लिए क्या प्रयास किये गये, डोर-टू-डोर जाकर वोटरों से संवाद किया कि नहीं। प्राथमिक विद्यालय देईपुर में पोलिंग सेंटर पहुंचे और कार्य में लापरवाही पाये जाने पर बीएलओ मंजू देवी के चार माह के मानदेय की रिकवरी का निर्देश दिया।

CMYK CMYK CMYK CMYK